हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची ● शनिवार ● 24.05.2025 ● वर्ष : 15 ● अंक : 299 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने में पूर्वोत्तर की महत्वपूर्ण भूमिका : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यहां के भारत मंडपम में 'राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट 2025' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने पूर्वोत्तर को देश के विकास का इंजन बताया और कहा कि यह क्षेत्र विकास की आपार संभावनाओं से भरा पड़ा है। प्रधानमंत्री ने देश और दुनिया के निवेशकों से आग्रह किया कि वे पूर्वोत्तर के विकास में भागीदार बनें। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में विकसित भारत का रास्ता पूर्वोत्तर से होकर जाएगा। दो दिवसीय (23-24 मई) राइजिंग नॉर्थ ईस्ट निवेश सम्मेल का उद्देश्य पूर्वोत्तर को अवसरों की भूमि के रूप में प्रस्तुत करना, निवेशकों को जोड़ना और नीति निर्माताओं के साथ संवाद को बढ़ावा देना है। इसमें पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र, स्वास्थ्य, शिक्षा, आईटी, लॉजिस्टिक्स, ऊर्जा और खेल जैसे प्रमुख क्षेत्रों को फोकस किया गया है। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वोत्तर को 'अष्टलक्ष्मी' से संबोधित किया और कहा कि यह क्षेत्र व्यापार, पर्यटन, जैव-अर्थव्यवस्था, बांस उद्योग, चाय उत्पादन, खेल, ऊर्जा और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में विशाल संभावनाओं से भरा हुआ है।

उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में पूर्वोत्तर में हुए बदलाव केवल आंकड़ें नहीं हैं। जमीनी स्तर पर बदलाव नजर आ रहा है। उन्होंने 700 से अधिक बार केंद्रीय मंत्रियों की यात्राओं का हवाला देते हुए कहा कि यह क्षेत्र अब लुक ईस्ट से एक्ट ईस्ट की नीति के तहत भारत की विकास यात्रा में अग्रणी बन गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर में हुए




विकास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 11 हजार किमी हाई-वे निर्माण, भूपेन हजारिका ब्रिज और सेला टनल जैसे मेगा प्रोजेक्ट्स, पूर्वोत्तर गैस ग्रिड, 4जी/5जी नेटवर्क और 13 हजार किमी ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क का काम पूर्वोत्तर में हुआ है। इन परियोजनाओं ने उद्योगों के लिए फर्स्ट मूवर एडवांटेज की स्थिति बना दी है। प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर को भारत-आसियान व्यापार का सेतु बताया और कहा कि भारत-आसियान व्यापार जल्द ही 200 अरब डॉलर को पार करेगा। गुवाहाटी, इंफाल और अगरतला में लॉजिस्टिक हब और मिजोरम व मेघालय में लैंड कस्टम स्टेशन, अंतरराष्ट्रीय व्यापार को नया आयाम देंगे। प्रधानमंत्री ने बताया कि बीते दशक में 10 हजार से अधिक युवाओं ने हथियार छोड़कर मुख्यधारा अपनाई। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिला है। गांवों में होमस्टे, नए टूर गाइड और सांस्कृतिक आयोजन बढ़े हैं। साथ ही हील इन इंडिया अभियान के अंतर्गत पूर्वोत्तर को वेलनेस टूरिज्म का केंद्र बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 21 हजार करोड़ के निवेश से 800 स्कूल, 9 मेडिकल कॉलेज, 2 आईआईटी और देश का पहला स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी पूर्वोत्तर में बन रही है। साथ ही, युवाओं के लिए स्टार्टअप, डिजिटल इनोवेशन और स्किल सेंटर खुल रहे हैं। पूर्वोत्तर में हाइड्रो और सोलर पावर में तेज होते निवेश के साथ ही प्रधानमंत्री ने ऐलान किया कि जल्द ही क्षेत्र का पहला मेड इन इंडिया चिप तैयार होगा, जिससे भारत के सेमीकंडक्टर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आएगा।

इस कार्यक्रम में पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया, मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू, मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा, मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा, नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार उपस्थित थे।

## एक नजर

### नीति आयोग की बैठक में भाग लेने के लिए सीएम गए दिल्ली

**रांची :** प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में 24 मई को होनेवाली नीति आयोग की बैठक में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी व अन्य वरीय पदाधिकारी शुक्रवार को दिल्ली गए। इस बैठक में राज्य सरकार द्वारा झारखंड के विकास को लेकर कई प्रस्ताव पेश किए जाएंगे। साथ ही पिछली बैठक के मुद्दों पर की गयी कार्रवाई से भी आयोग को अवगत कराएगा। इधर जानकारी के अनुसार 25 मई को दिल्ली से लौटने के बाद मुख्यमंत्री 27 मई को विधि व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा करेंगे। इस बैठक में पुलिस प्रशासन के आलाधिकारियों के अलावा डीसी और एसपी विशेष रूप से शामिल होंगे।

### नीतीश कुमार आज जाएंगे दिल्ली, पीएम से करेंगे मुलाकात

**पटना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 24 मई को दिल्ली जाएंगे। वहां उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित केंद्रीय मंत्रियों से होगी। यह मुलाकात ऐसे समय में होने जा रही है जब इसी महीने के अंत में मोदी बिहार के दो दिवसीय दौरे पर आने वाले हैं। दरअसल, 25 मई को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में राजग शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों की एक बड़ी बैठक होगी। इसमें राजग शासित मुख्यमंत्रियों के कामकाज की समीक्षा की जाएगी। केंद्र की राजग सरकार द्वारा जो काम किया जा रहा है उसे लेकर मुख्यमंत्रियों से फीडबैक लिया जाएगा और उसकी समीक्षा होगी।

### श्रावणी मेला 2025 की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री ने की समीक्षा बैठक

# देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं का पूरा ध्यान रखें : हेमन्त

- सभी विभाग समन्वय बनाकर श्रावणी मेले से संबंधित सारी तैयारियों को ससमय पूरा करें।
- श्रावणी मेले से झारखंड को देश- दुनिया में मिली है एक विशिष्ट पहचान।
- श्रावणी मेला में नई कड़ियों को जोड़कर दे रहे और भव्य स्वरूप।

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 11 जुलाई से शुरू होने वाले विश्व प्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेला - 2025 की तैयारियों को लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम- बासुकीनाथ तीर्थ क्षेत्र विकास प्राधिकार एवं वरीय पदाधिकारियों के साथ शुक्रवार को उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। श्री लोक कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, रांची में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री ने राजकीय श्रावणी मेला से जुड़ी सारी तैयारियां ससमय पूरी करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला में देश विदेश से श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा और सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। बैठक में अधिकारियों ने श्रावणी मेला की चल रही तैयारियों की अद्यतन स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।





### श्रावणी मेला को और भव्यता दें

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रावणी मेला हमारी आस्था का एक बड़ा केंद्र है। श्रावणी मेले से झारखंड को देश- दुनिया में विशिष्ट पहचान मिली है। हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा नगरी आते हैं। हर वर्ष इस विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले को काफी बेहतर तरीके से आयोजित करते आ रहे हैं। इस वर्ष भी लगभग 50 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। ऐसे में वे यहां से बेहतर अनुभव लेकर जाएं, इसके लिए श्रावणी मेला में नई कड़ियों को जोड़ने के साथ इसे और भी भव्य स्वरूप देने की दिशा में आगे बढ़ें। इसके लिए जो भी जरूरतें होगी, उसे उपलब्ध कराया जाएगा।

### सभी विभाग समन्वय बनाकर तैयारियों को अंतिम रूप दें

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रावणी मेला में सुरक्षा, स्वच्छता, विश्राम, पेयजल, बिजली, पानी, शौचालय, स्नानागार, यातायात और स्वास्थ्य से संबंधित सारी व्यवस्थाएं पुख्ता होनी चाहिए। इसके लिए सभी विभाग आपस में समन्वय बनाकर तैयारियों को अंतिम रूप दें। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव से कहा कि वे श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर विभागों द्वारा की जा रही व्यवस्था की मॉनिटरिंग करें।

### मेला रूट में खाली पड़ी जमीन का उपयोग हो

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे श्रावणी मेला के समापन तक के लिए मेला रूट में खाली पड़ी जमीन को लेने के लिए रैयतों से बात करें। अगर वे इसके लिए तैयार हो जाते हैं तो उस जमीन पर विश्राम गृह, शौचालय और स्नानागार की व्यवस्था करें, ताकि श्रद्धालुओं को अच्छी व्यवस्था मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि मेला के समापन के बाद उक्त जमीन की पूरी साफ सफाई कर उसके रैयत को वापस कर दें। मुख्यमंत्री ने महिलाओं और बच्चों के लिए अलग से रहने और भोजन की व्यवस्था करने का भी निर्देश अधिकारियों को दिया।

### भीड़ नियंत्रण और यातायात प्रबंधन व्यवस्था पर विशेष बल

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजकीय श्रावणी मेला के दौरान बाबा बैद्यनाथ धाम और बासुकीनाथ धाम में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में भीड़ नियंत्रण के साथ ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को पुख्ता रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मेला रूट में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए जाएं। वाहनों की गति सीमा निर्धारित कर उसका कड़ाई से पालन हो। पर्याप्त संख्या में वाहन प्लेट नंबर रीडिंग हाई डेफिनेशन कैमरा लगाएं जाय, ताकि ट्रैफिक सिस्टम का उल्लंघन करने वालों की पहचान में सुविधा हो सके।

### श्रद्धालुओं की शिकायतों पर तुरंत एक्शन लें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को क्यूआर बेस्ड कंप्लेन सिस्टम शुरू करने का निर्देश दिया, ताकि किसी भी श्रद्धालु को अगर कोई परेशानी या समस्या हो रही है तो वह अपनी शिकायत तुरंत दर्ज करा सके। उन्होंने कहा कि शिकायतों के त्वरित निष्पादन की व्यवस्था होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने मेला प्रबंधन को लेकर कई अन्य अहम निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

उच्च स्तरीय बैठक में मंत्री सुदिव्य कुमार, विधायक सुरेश पासवान, विधायक देवेंद्र कुंवर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव मस्त राम मीणा, प्रधान सचिव वंदना दादेल, पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता, सचिव मनोज कुमार के अलावा कई अन्य वरीय अधिकारी तथा बाबा बैद्यनाथ धाम- बासुकीनाथ तीर्थ क्षेत्र विकास प्राधिकार के सदस्य गण मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से दो मेजर जनरल ने की मुलाकात



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में दो मेजर जनरल ने मुलाकात की। मेजर जनरल अरुण राजेश मोगे (विशिष्ट सेवा मेडल) ईस्टर्न कमांड हेडक्वार्टर- सह- डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता कमिटी के वाइस चेयरमैन और मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर (विशिष्ट सेवा मेडल) जीओसी -23 इन्फैंट्री डिवीजन ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मेजर जनरल ने मुख्यमंत्री को जमशेदपुर में जुलाई में आयोजित होने वाले डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।

## भारत ने पाकिस्तान एयरलाइन के लिए एयर स्पेस बंद रखने की सीमा बढ़ाई

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत ने शुक्रवार को पाकिस्तान के सभी विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को 23 जून तक बंद रखने का फैसला किया है। यह प्रतिबंध पाकिस्तानी एयरलाइंस और सैन्य उड़ानों पर लागू है। भारत ने 30 अप्रैल को पाकिस्तानी उड़ानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद किया था। दूसरी तरफ पाकिस्तान ने भी शुक्रवार को भारतीय एयरलाइंस के लिए अपने हवाई क्षेत्र को 24 जून तक बंद कर दिया।पाकिस्तान ने 24 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत के खिलाफ यह कदम उठाया था।

यह फैसला ऐसे में लिया गया जब भारतीय एयरलाइन इंडिगो का विमान दिल्ली से श्रीनगर जा रहा था तो तूफान में फंस गया था। मुश्किल हालात से बचने के लिए पायलट ने पाकिस्तानी एयर स्पेस में घुसने की इजाजत मांगी थी। हालांकि पाकिस्तान की तरफ से इनकार कर दिया गया। 220 से ज्यादा लोगों को ले जा रहा विमान ओलों की चपेट में आ गया और सिस्ट में बड़ी मुश्किलें भी पैदा हो हुईं। हालांकि पायलट ने सूझबूझ से विमान को सभी यात्रियों की सुरक्षित लैंडिंग करवाई, फिर भी विमान का 'नोज रेडोम' क्षतिग्रस्त हो गया।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद से तनाव अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन के नियमों के मुताबिक हवाई क्षेत्र को एक बार में सिर्फ एक महीने के लिए बंद किया जा सकता है। यह बंदी दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच आई है, खासकर 7 मई को भारत की तरफ से पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत की गई सटीक सैन्य कार्रवाई के बाद। ऑपरेशन सिंदूर कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत की सीधी सैन्य प्रतिक्रिया था।

# राजनीतिक इच्छाशक्ति, खुफिया जानकारी और सेना की मारक क्षमता ने बनाया 'ऑपरेशन सिंदूर' को सफल : शाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के तीन प्रमुख कारण बताए। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन प्रधानमंत्री की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, खुफिया एजेंसियों से मिली सटीक जानकारी और भारतीय सेना की जबरदस्त मारक क्षमता के तालमेल से संभव हुआ। इन तीनों के एकसाथ आने से देश ने दशकों से चल रहे पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद का निर्णायक उत्तर दिया।

अमित शाह ने शुक्रवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अलंकरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में




आयोजित कार्यक्रम में महानिदेशक बीएसएफ दलजीत सिंह चौधरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। शाह ने बीएसएफ के अलंकरण समारोह 2025 और 'रुस्तमजी स्मृति व्याख्यान' को संबोधित करते हुए अर्धसैनिक बल के साहस और समर्पण को सलाम किया। उन्होंने कहा कि बीएसएफ और सेना आज विश्व के सामने अद्वितीय वीरता का उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। इसी साहस का प्रतीक है ऑपरेशन सिंदूर।

गृहमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान पूरी तरह बेनकाब हो गया है। आतंकी ठिकानों पर हमले पर पाकिस्तान की सेना ने जवाबी कार्रवाई की। आतंकवादियों के जनाजों में पाकिस्तानी सैन्य अधिकारी शामिल हुए। इनसे स्पष्ट हो गया कि भारत में होने वाले आतंकी हमले पाकिस्तान प्रायोजित हैं। भारतीय सेना ने न केवल आतंकियों के नौ ठिकाने नष्ट किए बल्कि उनके दो मुख्यालय भी ध्वस्त किए।

गृहमंत्री ने सभी सुरक्षा बलों को नमन करते हुए कार्यक्रम में कहा, भारत अब जवाब देता है। हम केवल आतंकी ठिकानों पर हमला करते हैं, पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को नहीं छूते। यह भारत की परिपक्व नीति और स्पष्ट इरादे का प्रमाण है। गृहमंत्री ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में बीएसएफ की भूमिका को याद करते हुए कहा कि बांग्लादेश को कभी नहीं भूलना चाहिए कि उनके स्वतंत्रता संघर्ष में बीएसएफ के जवानों ने बहादुरी से लड़ाई लड़ी। उस युद्ध को भारत पर थोपा गया था लेकिन बीएसएफ ने अपनी वीरता से न केवल देश की सीमाएं सुरक्षित कीं, बल्कि एक नए राष्ट्र के गठन में भी अहम भूमिका निभाई।


अमित शाह ने बीएसएफ के गठन का उल्लेख करते हुए बताया कि 1965 के युद्ध के बाद जब सीमाओं की पहचान की गई, तो शांतिकाल में भी 100 प्रतिशत सुरक्षा देने वाली एक फोर्स की आवश्यकता महसूस हुई। इसी से बीएसएफ का जन्म हुआ। इसके पहले महानिदेशक के रूप में केएफ रुस्तमजी नियुक्त हुए। वे भारत में पहले सीमाओं के संरक्षक बने। बीएसएफ को बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसी सबसे कठिन सीमाओं की जिम्मेदारी दी गई और उसने उसे बखूबी निभाया।

## महाराष्ट्र: गढ़चिरौली पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गए

एजेंसी

**मुंबई :** गढ़चिरौली जिले के नेलगुंडा इलाके में इंद्रावती नदी के तट के पास शुक्रवार को सी-60 कमांडो पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गए। पुलिस टीम ने मौके से भारी मात्रा में हथियार और माओवादी साहित्य बरामद किया है। अभी तक मारे गए माओवादियों की पहचान नहीं की जा सकी है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि नेलगुंडा इलाके में इंद्रावती नदी के तट के पास गुरुवार को माओवादियों की मौजूदगी की जानकारी मिली थी। इसी वजह से एक दर्जन सी-60 पार्टियों (300 कमांडो) और सीआरपीएफ की एक टीम ने गुरुवार को ही भारी बारिश के बीच कवांडे और नेलगुंडा इलाकों से इंद्रावती नदी के तट तलाश मुहिम शुरू की थी। इसके तहत ही शुक्रवार की सुबह जब घेराबंदी की जा रही थी, तभी माओवादियों ने सी-60 कमांडो पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके कारण सुरक्षा बलों



ने प्रभावी जवाबी कार्रवाई की। मौके पर करीब दो घंटे तक रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही और बाद में सुरक्षा बलों की तलाशी में चार माओवादियों के शव बरामद हुए। इसके बाद पुलिस ने मौके से एक स्वचालित सेल्फ-लोडिंग राइफल, दो .303 राइफल, एक भारमार बंदूक, वॉकी-टॉकी, कैंपिंग सामग्री और नक्सली साहित्य समेत अन्य सामान बरामद किया है। महाराष्ट्र में यह मुठभेड़ छत्तीसगढ़ से सटे इलाके में सुरक्षा बलों द्वारा उनके शीर्ष नेता बसवराजू समेत 27 नक्सलियों को मार गिराने के दो दिन बाद हुई है। पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है।

### विधायक कंवरलाल की विधान सभा सदस्यता रद

**जयपुर :** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अंता विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधायक कंवरलाल की विधानसभा की सदस्यता रद कर दी है। यह कार्रवाई करीब 20 साल पुराने एक मामले में उनकी दोषसिद्धि होने और इस महीने की शुरूआत में उनके आत्मसमर्पण के बाद हुई है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि शुक्रवार प्रातः महाधिवक्ता की विधिक राय प्राप्त होते ही कंवरलाल की सदस्यता समाप्त कर दी गई है। देवनानी ने बताया कि विधायक कंवरलाल दोषसिद्धी की तिथि से भारतीय संविधान के अनुच्छेद 191(1)(ई) सहपठित लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 8 (3) के अन्तर्गत निर्हित हो गए हैं। देवनानी ने कहा कि वे किसी भी प्रकार के दबाव में कार्य नहीं करते है।

# कांग्रेस नेता ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र की जनसमस्याओं पर सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने हजारीबाग उतरी छोटानागपुर प्रमंडल की प्रमुख जनसमस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा और उनके शीघ्र समाधान की मांग की। विनोद कुशवाहा ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि हजारीबाग में एयरपोर्ट का निर्माण लंबे समय से लंबित है। उन्होंने आग्रह किया कि यह कार्य ग्रामीणों की सहमति से अविलंब शुरू किया जाए ताकि क्षेत्रीय विकास को गति मिल सके। साथ ही उन्होंने हजारीबाग में एक टेक्निकल महिला विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग की, जिससे महिलाओं को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अवसर मिल सकें। विनोद कुशवाहा ने हजारीबाग नगर निगम द्वारा होल्डिंग टैक्स में की गई अत्यधिक वृद्धि को लेकर भी चिंता जताई और इसमें कमी करने की मांग की।

उन्होंने हजारीबाग में अधूरी पड़ी रिंग रोड परियोजना को जल्द पूरा कराने की आवश्यकता बताई, जिससे यातायात व्यवस्था में सुधार हो सके। किसानों की स्थिति पर चर्चा करते हुए उन्होंने मांग की कि हजारीबाग में किसानों के लिए मुफ्त कोल्ड स्टोरेज की सुविधा उपलब्ध कराई जाए और एक समर्पित मार्केट कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जाए, ताकि उन्हें अपनी उपज बेचने में सुविधा हो। प्रशासनिक पुनर्गठन के तहत विनोद कुशवाहा ने सुझाव दिया कि कटकमसांडी प्रखंड को विभाजित कर नवसारी जीत प्रखंड और चडवा को अलग प्रखंड बनाया जाए। इसके अलावा, गर्मी को देखते हुए हजारीबाग शहर में जलसंकट के समाधान हेतु कोनार डैम से जलापूर्ति की योजना को शीघ्र पूरा करने की भी मांग की गई। बताया कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने विनोद कुशवाहा द्वारा प्रस्तुत सभी मांगों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि इन विषयों पर विस्तृत कार्य योजना बनाकर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त विनोद कुशवाहा ने मांग की कि हजारीबाग मेडिकल कॉलेज में रिम्स की तर्ज पर मरीजों को सभी आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। उन्होंने सदर प्रखंड में रोल से सरौनी तक की सड़क की जर्जर स्थिति का मुद्दा भी उठाया, जो वर्षों से उपेक्षित है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग के निर्माण की निविदा की प्रक्रिया अधर में है और इसे शीघ्र शुरू करने की आवश्यकता है।

## श्रीश्री शिव मंडा मेला का विधायक ने फीता काटकर किया उद्घाटन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**भुरकुंडा :** श्रीश्री मण्डा पूजा समिति बारीडीह के तत्वावधान में गुरूवार की देर शाम बारीडीह पंचायत में श्रीश्री शिव मंडा पूजा समिति द्वारा मंडा मेला का भव्य आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया, विशिष्ट अतिथि जिला पार्षद जयराम बेदिया, बारीडीह पंचायत के मुखिया भुनेश्वर बेदिया, पूजा समिति के अध्यक्स कामेश्वर बेदिया, उपाध्यक्ष छोटेलाल सिंह, सचिव संजय बेदिया, सह सचिव कृष्णा बेदिया और आजसू के जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके पूर्व नागेश्वर पहान द्वारा पूरे विधि-विधान एवं पारंपरिक रीति-रिवाज से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की गई। मौके पर विधायक रोशनलाल चौधरी ने कहा कि मैं समिति को इस सुंदर आयोजन के लिए बधाई देता हूं और भरोसा दिलाता हूं कि ऐसे कार्यक्रमों के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांवों और पंचायतों में इस तरह के आयोजनों से युवाओं में सामाजिक चेतना का विकास होता है और ग्रामीण संस्कृति को संबल मिलता है। इधर दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से आये ग्रामीणों ने मेला में जमकर खरीदारी करते हुए एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनो का लुत्फ उठाया।

## अंबा प्रसाद के बयान से बिलबिला गए हैं भाजपा व आजसू के लोग : कृष्णा सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** पतरातू प्रखंड के पूर्व विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के बयान पर बिलबिला गए हैं भाजपा व आजसू के लोग। क्योंकि जो सच्चाई है उसे पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने सभी जनता के सामने रखने का काम किया है जिस कारण भाजपा व आजसू के लोगों में बौखलाहट एवं बिलबिला गए हैं की अंबा प्रसाद तो सभी जनता को सच्चाई सामने रख दे रहे हैं ।और अभी के वर्तमान विधायक रोशन लाल चौधरी जी 6 महीना के अंतराल अगर एक भी विकास योजनाएं धरातल में उतारने का अगर काम किए हैं तो ये लोग जनता को बताने का कार्य करें मैं दावा करता हूंअगर एक भी कार्य हुआ होगा तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। क्योंकि मुझे इतना तो अनुभव जरूर है कि किसी भी विधायक का अनुशंसा 6 महीना या साल भर से पहले धरातल में उतारने वाला नहीं है। क्योंकि मैं बता देना चाहता हूं कि पूर्व विधायकअंबा प्रसाद जी के द्वारा लगभग 1 साल पहले डिग्री कॉलेज और पॉलिटेक्निक कॉलेज का अनुशंसा किया गया था जो अब धरातल में उतारने वाला है और रही बात पतरातू अनुमंडल को लेकर पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने करीब एक से डेढ़ साल पहले विधानसभा में जोरदार तरीके से रखने का काम किया इसके बाद इन्होंने प्रखंड से जो प्रक्रिया थीउसे पूरा कर रामगढ़ उपायुक्त भेजने का काम किया था इसके बादरामगढ़ उपायुक्त सेसारी प्रक्रिया कर कर उत्तरी छोटा नागपुर आयुक्त को भेजवाने का काम कियाइसके बादआयुक्त से सभी प्रक्रिया पूरी कर आज विधानसभा में पहुंचाने का काम किए हैं तो इतना जल्दी नहीं होता है कोई भी कार्य। सरकारी प्रक्रिया में समय लगता है जिस कारण इतनी देर हुई है और इन लोगों ने ऐसा क्या विकास योजनाएं किए हैं थोड़ा जनता को बताने का काम करें यह नहीं की अखबार में सिर्फ शिलान्यास कर देने से क्रेडिट नहीं मिल जाता है। अगर वर्तमान विधायक रोशन लाल चौधरी जी अगर 6 महीना के अंतराल में कोई भी विकास योजनाएं धरातल में उतारने का काम किए हैं तो जनता को बताएं यह नहीं की जनता को बरगलाने का काम करें ।

## जीवन में चुनौतियां आएंगी, लेकिन हमें उन्हें बाधा नहीं बनने देना चाहिए : चंद्रभूषण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शुक्रवार को मोटिवेशनल लेक्चर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रभूषण पाण्डेय, वोकेशनल टीचर, उत्कृष्ट आदर्श मॉडल स्कूल, खूंटी रांची, सह पूर्व निदेशक सह प्राचार्य स्टार किड्स प्ले स्कूल, पेठियाबागी जयनगर कोडरमा मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की छायाचित्र पर व द्वीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि को प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार द्वारा पौधा देकर सम्मानित किया गया। वहीं अंशु एन्ड ग्रुप ने स्वागत गान की प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का विषय प्रवेश सह स्वागत भाषण सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चंद्रभूषण पांडेय ने कहा कि, शिक्षा हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें ज्ञान देती है और हमें एक सफल व्यक्ति बनने में मदद करती है। जैसे कि महात्मा गांधी ने कहा था, शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं। इसलिए, हमें शिक्षा के प्रति गंभीर रहना चाहिए और इसे अपने भविष्य की नींव बनाना चाहिए।

वहीं उन्होंने कहा मेहनत इतनी खामोशी से करो कि सफलता शोर मचा दे। यह वाक्य हमें यह सिखाता है कि सफलता कभी भी आसानी से नहीं मिलती। यह लगातार प्रयासों और कठिन परिश्रम का परिणाम होती है। कभी-कभी, हम असफल होते हैं, लेकिन असफलता हमें सिखाती है कि हमें फिर से कोशिश करनी चाहिए। थॉमस एडिसन ने कहा था, हमारी सबसे बड़ी कमजोरी हार मान लेना है; सफल होने का सबसे निश्चित तरीका है हमेशा एक और बार प्रयास करना। उन्होंने कहा जब हम सकारात्मक सोचते हैं, तो हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम होते हैं। याद रखें, आप जो सोचते हैं, वही बनते हैं। इसलिए अपने विचारों को सकारात्मक रखें और अपने सपनों की ओर बढ़ें। जीवन में चुनौतियाँ आएंगी, लेकिन हमें उन्हें अपने सपनों के रास्ते में बाधा नहीं बनने देना चाहिए। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्पित रहें और हमेशा आगे बढ़ते रहें। याद रखें, सपने वो नहीं जो हम सोते वक्त देखते हैं, सपने वो हैं जो हमें सोने नहीं देते।

## घटिया सड़क निर्माण की फोरेंसिक जांच हो : विश्वरंजन सिन्हा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**भुरकुंडा :** पतरातू प्रखंड के बुध बाजार शिवनगर से इमलीगाछ छठ घाट तक लगभग 99 लाख की लागत से बन रहे पीसीसी सड़क निर्माण की गुणवत्ता की निरंतर मिल रही शिकायतों को देखते हुए शुक्रवार को आजसू पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने उक्त निमार्णाधीन सड़क की जांच की। जांच के दौरान विभिन्न प्रकार की अनियमितता पाई गई है। जिसमें ढाल दिए गए सड़क में गिट्टी का प्रकार निर्धारित प्रकार से भिन्न प्रतीत हुआ। सड़क की ढलाई कई जगहों पर पांच इंच पाई गई। प्लिंथ लेवल को भी नहीं उखाड़ा गया है। जिन हिस्सों में सड़क की ढलाई हुई है उसके सीमेंट, गिट्टी एवं बालू के अनुपात में भी विसंगतियां प्रतीत हो रहीं हैं। ढलाई उपरांत पानी छिड़काव नहीं किया जा रहा है। आजसू के प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने कहा कि उक्त सड़क निर्माण में इस्तेमाल हुए मैटेरियल की लैब जांच की मांग हेतू पत्र लिखा जाएगा। संवेदक द्वारा ग्रामीणों को केस करने की धमकी देने का मामला भी प्रकाश में आया है जो कि अत्यंत निंदनीय है। घटिया सड़क निर्माण के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले ग्रामीणों को केस करने की धमकी देने वाले ठेकेदार के खिलाफ जरूरत पड़ी तो भ्रष्टाचार निरोधक विभागों में प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। मौके पर आजसू के प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, प्रखंड उपाध्यक्ष विश्वनाथ भुइयां उर्फ अजय, प्रखंड सह सचिव दिलीप महतो, पंचायत अध्यक्ष छोटू यादव, बबलू भुइयां, अजय राम उपस्थित थे।

# सोशल मीडिया पर सतर्क रहें, अजनबी या संदिग्ध के अनुरोध पर आंख मूंदकर भरोसा न करें : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** झारखंड में उपायुक्त (कलेक्टर/डीसी) के नाम पर फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर ठगी करने के गंभीर मामले सामने आए हैं। यह एक चिंताजनक प्रवृत्ति है जहां साइबर अपराधी उच्च पदों पर बैठे अधिकारियों की विश्वसनीयता का फायदा उठाकर आम जनता को गुमराह कर रहे हैं और उनसे पैसे ऐंठने की कोशिश कर रहे हैं। इसी साइबर क्राइम से जुड़ा एक गंभीर मामला उपायुक्त नैंसी सहाय, हजारीबाग के फर्जी फेसबुक अकाउंट (आधिकारिक फोटो का इस्तेमाल करता हुआ) बना कर लोगों को वित्तीय नुकसान करने की मंशा से चैटिंग करने का मामला प्रकाश में आया है। उपायुक्त ने तमाम जिलेवासियों, अधिकारियों, सगे संबंधियों, शुभचिंतकों से अपील किया है कि इस प्रकार के फर्जी फेसबुक अकाउंट पर किसी प्रकार की प्रतिक्रिया न दे तथा इस मामले की रिपोर्ट कर ब्लॉक करें। फर्जी प्रोफाइल बनाकर अपराधी उपायुक्त के नाम, फोटो और पदनाम का उपयोग करके एक नकली फेसबुक प्रोफाइल बनाते हैं। फ्रेंड रिक्वेस्ट और मैसेज : इस नकली प्रोफाइल से लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी जाती हैं, ताकि उन्हें लगे कि वे वास्तविक उपायुक्त से जुड़ रहे हैं। ठगी का प्रयास : एक बार जब कोई व्यक्ति फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार कर लेता है, तो अपराधी मैसेंजर के माध्यम से विभिन्न बहाने बनाकर पैसे की मांग करते हैं। यह व्यक्तिगत आपात स्थिति, किसी परियोजना के लिए दान, या किसी अन्य प्रकार की मदद के नाम पर हो सकता है।

**जिला प्रशासन द्वारा की गई अपील और सावधानियां**

सतर्क रहें : उपायुक्त या अन्य सरकारी अधिकारी के नाम से आने वाली संदिग्ध फ्रेंड रिक्वेस्ट या मैसेज से सावधान रहें। पुष्टि करें : यदि आपको किसी उपायुक्त के नाम से कोई फ्रेंड रिक्वेस्ट या संदेश मिलता है, तो उसकी सत्यता की पुष्टि किए बिना उस पर विश्वास न करें। रिपोर्ट और ब्लॉक करें : यदि आपको कोई फर्जी प्रोफाइल या संदिग्ध मैसेज मिलता है, तो उसे तुरंत फेसबुक पर रिपोर्ट करें और उस आईडी को ब्लॉक कर दें। स्थानीय पुलिस/साइबर सेल को सूचित करें : ऐसे मामलों की जानकारी तुरंत अपने जिले के साइबर सेल या स्थानीय पुलिस को दें। कई जिलों में साइबर पुलिस थानों में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई हैं और जांच जारी है।

## एक नजर

### फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम के तहत नाइट ब्लड सर्वे जांच 27 को

**बड़कागांव :** फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम के तहत नाइट ब्लड सर्वे जांच, बड़कागांव में पश्चिमी पंचायत के नटराज नगर, गौरव बाजार, विधायक मोहल्ला में 27 मई को एवं 2 जून को कांडतरी पंचायत के कांडतरी गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा रात्रि 8:30 बजे से यह कार्यक्रम किया जाएगा। इसकी जानकारी डॉक्टर अंजु प्रभा चिकित्सा पदाधिकारी ने प्रमुख फुलवा देवी की उपस्थिति में ब्लॉक लेवल टास्क फोर्स की बैठक में दी। भी०वी०डी० पर्यवेक्षक तरुण कुमार शर्मा के द्वारा बताया गया की फाइलेरिया के जीवाणु रात्रि के समय 8:00 के बाद ही हमारे शरीर में एक्टिव मोड में रहते हैं और व्यक्ति जब सोने या आराम की अवस्था में रहते हैं तब ही या कार्य नाइट ब्लड सर्वे के रूप में किया जाता है' बैठक में यह भी बताया गया कि यह जांच 20 साल से ऊपर के सभी महिला पुरुष का किया जाना है। प्रमुख फुलवा देवी मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, कांडतरी मुखिया राजदेव महतो व अन्य जनप्रतिनिधियों ने सभी लोगों से अपील की व कहा समय रहते सभी अपने ब्लड की जांच करवा ले। बैठक में प्रमुख फुलवा देवी, रमणिका कुमारी पंचायत सदस्य रंजीत कुमार, राजदेव महतो वार्ड सदस्य ममता देवी, अनिता, कुमारी, कमलेश, प्रकाश, मनोज, नितेश ,अमित, आशीष अशोक, मृत्युंजय, तिलेश्वरी, आलिया खातून सहिया, लैब टेक्नीशियन प्रीति कुमारी, राखी कुमारी मौजूद थे।

### चेपाकला में मंडा पूजा को लेकर हुई बैठक

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के चेपाकला शिव मंदिर प्रांगण में मंडा पूजा को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में सर्व सहमति से 6 जून को रात्रि में मेला एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा 7 जून को सुबह भक्तों द्वारा मंडा लट्टे से झूलन का कार्यक्रम होगा। पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष विजय महतो, उपाध्यक्ष योगेश्वर महतो, सचिव उमेश महतो, कोषाध्यक्ष राजेश महतो, उपसचिव विकास कुमार महतो, कार्यकारणी सदस्य योगेंद्र साव, मंटू साव, खेमानी साव, दिनेश्वर महतो, बुटन करमाली, सुनील महतो, दीपक महतो, विनोद महतो, दामोदर साहू,सागर करमाली, अनिप तुरी, सूरज कुमार, देवेंद्र महतो, भुवनेश्वर प्रजापति, उदय राणा, तुलसी महतो, सुभाष महतो, अशोक प्रजापति एवं समस्त ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

### भुरकुंडा से बुढ़वा महादेव मंदिर तक पथ निर्माण की मिली सौगात

**भुरकुंडा :** पतरातु प्रखंड के श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र बुढ़वा महादेव मंदिर अब सुलभ मार्ग से जुड़ने जा रहा है। सांसद मनीष जायसवाल ने ग्रामीण कार्य विभाग को भुरकुंडा तीन नंबर चीप हाउस से बुढ़वा महादेव मंदिर तक पथ निर्माण हेतु अनुशंसा की है। यह निर्णय क्षेत्रवासियों व शिवभक्तों के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है। इस सराहनीय पहल पर श्रीश्री बुढ़वा महादेव मंदिर समिति, शिवभक्तगण तथा भुरकुंडा और आसपास के ग्रामीणों ने सांसद मनीष जयसवाल के प्रति आभार जताया। आभार प्रकट करने वालों में मंदिर समिति के अध्यक्ष गणेश साव, मुख्य पुजारी अशोक तिवारी, मनोज राम, सिताराम मुंडा, नुनु पांडेय, मुखिया उपेंद्र शर्मा, मुखिया अजय पासवान, दिपक भुईयां, पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पाण्डेय, रूदल राउर्त, मो. इस्लाम उर्फ सुकरू, राजन कुमार, बबलू गोप, संदीप मुंडा आदि शामिल हैं।


## संक्षिप्त खबरें

### मंगलम अस्पताल में प्रशासन की छापेमारी दो हिरासत में



**चौपारण :** चौपारण प्रखंड के रानिक मोड़ स्थित मंगलम अस्पताल में बीती रात अचानक प्रशासनिक टीम द्वारा की गई छापेमारी से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। छापेमारी के दौरान दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर चौपारण थाना लाया गया है, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम को लेकर अब तक प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, जिससे मामले को लेकर लोगों के बीच कई तरह की चर्चाएं तेज हो गई हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रात करीब लगभग 8:30 बजे के आसपास प्रखंड स्तर की प्रशासनिक टीम जिसमे अंचलाधिकारी संजय यादव, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी सतीश सिंह और थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने दल बल के साथ अचानक रानिक मोड़ स्थित मंगलम अस्पताल परिसर में पहुंची और छापेमारी शुरू कर दी। कार्रवाई के दौरान अस्पताल के कुछ कमरों की तलाशी ली गई और दो लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले जाया गया। कार्रवाई की वजह पर बना रहस्य अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। इससे यह संदेह और गहरा गया है कि कहीं मामला गंभीर तो नहीं। साजिश की आशंका, चर्चाओं का बाजार गर्म इस पूरे घटनाक्रम के बीच कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि यह छापेमारी किसी पूर्व नियोजित योजना का हिस्सा हो सकती है। उनका आरोप है कि कुछ प्रभावशाली लोगों को लाभ पहुंचाने या किसी को फंसाने की मंशा से यह कार्रवाई की गई है। हालांकि इस दावे की कोई पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन यह जरूर स्पष्ट है कि मंगलम अस्पताल लंबे समय से क्षेत्र का एक प्रमुख निजी चिकित्सा केंद्र रहा है। ऐसे में इस तरह की प्रशासनिक कार्रवाई से लोगों के मन में कई सवाल उठ खड़े हुए हैं। क्या अस्पताल में कोई अनियमितता पाई गई है? या यह कार्रवाई किसी बड़ी जांच का हिस्सा है? फिलहाल, जवाब से ज्यादा सवालों ने माहौल को तनावपूर्ण बना दिया है। प्रशासन से जवाब की प्रतीक्षा इस समय सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर मंगलम अस्पताल में प्रशासन ने छापा क्यों मारा? क्या यह मेडिकल गड़बड़ियों से जुड़ा मामला है, या किसी और कारण से यह कार्रवाई की गई है? क्षेत्रीय जनता को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द इस मामले पर स्पष्ट जानकारी देगा, ताकि भ्रम और अफवाहों पर विराम लग सके।

### जर्जर सड़कों को लेकर मुन्ना सिंह ने ग्रामीण विकास मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के सदर प्रखंड की जर्जर सड़कों को लेकर क्षेत्रीय जनता की चिंता को स्वर देते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने इंद्रपुरी स्थित कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल हजारीबाग कार्यालय पहुंचकर। झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। और प्रतिलिपि कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल हजारीबाग को किया। ज्ञापन में रोला मोड़ से सरौनी और मरहेता मोड़ से पौंता बस्ती तक की अत्यंत जर्जर सड़कों के नवनिर्माण की मांग की गई है। मुन्ना ने मंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि ये दोनों मार्ग बीते 15 से 20 वर्षों से पूरी तरह बदहाल अवस्था में हैं। बरसात के मौसम में हालात और भी भयावह हो जाते हैं, जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, मरीजों और दैनिक यातायात करने वाले ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने इसे आम जनता के लिए एक आवागमन का अभिशाप करार दिया। ज्ञापन में उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि यह क्षेत्र वर्षों से विकास की मुख्यधारा से उपेक्षित रहा है और इन सड़कों की दुर्दशा उस उपेक्षा की प्रतीक बन चुकी है। ग्रामीणों ने कई बार स्थानीय प्रशासन से गुहार लगाई, परंतु अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। सिंह ने मंत्री से अनुरोध किया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र कार्ययोजना तैयार कर इन दोनों मार्गों का निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को इससे सीधी राहत मिलेगी और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी।

### गंगादोहर गांव में महावीर मंदिर निर्माण की रखीं गई आधारशिला


**बड़कागांव :** शुक्रवार को बड़कागांव प्रखंड के ग्राम गंगादोहर में नया महावीर मंदिर निर्माण की आधारशिला पुजारी कृष्ण कुमार कौशल द्वारा रखी गई। इस शिलान्यास समारोह में मुख्य रुप से केंद्रीय कुशवाहा समाज बड़कागांव के अध्यक्ष सह मंदिर निर्माण समिति गंगादोहर के संयोजक सोहनलाल मेहता, अध्यक्ष सुरेश प्रसाद दांगी, सचिव प्रवीण कुमार, कोषाध्यक्ष रामवृक्ष प्रसाद, ग्राम अध्यक्ष महेंद्र महतो, मिडिया प्रभारी नंदकिशोर मेहता, उपमुखिया राजु कुमार मेहता, लखन लाल मेहता, तापेश्वर प्रसाद, तापस प्रभु दयाल कुशावहा इंद्रदीप प्रसाद, पवन कुमार, देवकी महतो, राजेन्द्र प्रसाद, रामप्रसाद, दसरथ महतो, धनेश्वर महतो, जितेन्द्र प्रसाद, महेश महतो, बालमुकुंद प्रसाद, सेवक महतो, दयानंद महतो, पंचम महतो, टुकेश्वर प्रसाद, गोपल प्रसाद, त्रिवेणी प्रसाद, सिकेदर कुमार, राजेश कुमार, रामअवतार महतो, मुरली महतो, उदीनाथ महतो, नन्दलाल महतो, शाशि कुमार, प्रेम प्रसाद आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**विष्णुगढ़ :** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बनासो पंचायत अवस्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के ठरर इकाई के तत्वावधान में विष्णुगढ़ स्थित बाल विकास विद्यालय स्कूल में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया , जिसमें प्रशिक्षुओं नें स्वास्थ्य सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियां विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच साझा की !विद्यालय के संरक्षक नवल किशोर वर्मा एवं राजेन्द्र प्र सिंह, निर्देशक विवेक कुमार,प्राचार्य बसंत कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से मोमेंटो देकर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कु चतुवेर्दी को सम्मानित किया गया। अपने सम्बोधन में कुमार ने कहा कीरशिक्षा, स्वास्थ्य जागरुकता का एक महत्वपूर्ण पहलू है लोगों को अस्वास्थ्य जीवनशैली विकल्पों से जुड़े जोखिमों और उन्हें कम करने के तरीकों के बारे में जागरूक होना चाहिए। मौके पर आईक्यूऐसी कॉर्डिनेटर एवं एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कुमारी स्वर्णा मिश्रा,स्वास्थ्य कमीर्यों में आशा सुपरवाइजर पिंकी चौरसिया, वीणा देवी, बेबी देवी, सहिया रूपम देवी, सहायक प्राध्यापक बबली कुमारी,डॉ ओमकार नाथ शर्मा, अशोक कुमार झा, वीरेन्द्र देव, शशिभूषण देव, राघवेंद्र प्रताप,सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार बर्मा, प्रवीण कु० जायसवाल, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार, अद्दश मुखर्जी, डॉ० सतीश चंद यादव, जयपाल राणा, डॉ० अम्बरीश कु० दुब प्रीती पुनम हेमब्रम इनके अलावे काफी संख्या में अभिभावकों एवं सैकड़ों बच्चों की उपस्थित थे ।

## एक नजर

### झारखंड प्री मॉनसून की बारिश से हुआ ठंडा



**रांची:** राज्य भर में हो रही प्री मानसून की बारिश से झारखंड मे वातावरण ठंडा हो गया है। राज्य का सबसे गर्म रहनेवाले जिला पलामू में तापमान गिरकर 32 डिग्री पहुच गया है। इससे लोगों को काफी राहत मिली है। वही राजधनी रांची में भी तापमान गिरकर 30 डिग्री हो गया है। मौसम विभाग ने 28 मई तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में गर्जन, बारिश, आकाशीय बिजली गिरने और 40-50 किमी की रफ़्तार से तह हवाएं चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने इस बार समय से पूर्व मॉनसून के दस्तक देने की संभावना व्यक्त की है। विभाग ने इस बार 10 जून तक झारखंड में मॉनसून के आने की बात कही है। साथ ही विभाग ने इस वर्ष मॉनसून की अच्छी बारिश होने की जानकारी दी है। वहीं रांची और आसपास के इलाकों में शुक्रवार को सुबह से बादल छाए रहे और मध्यम गति की हवा चली। इसलिए मौसम काफी सुहाना रहा। रांची में अधिकतम तापमान 30.8, जमशेदपुर में 35.1 डिग्री, डालटेनगंज में 32.5, बोकारो में 36.5 और चाईबासा में तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### जागरूकता फैलाकर पीएलवी करें ग्रामीणों को जागरूक : भास्कर



**रांची:** राजधानी रांची के सिविल कोर्ट स्थित डालसा के सभागार में में पीएलवी के साथ डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर ने शुक्रवार को बैठक की। बैठक में उपस्थित पीएलवी के किये गये कार्यों की समीक्षा की और सभी पीएलवी की क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत उन्हें कई दिशा-निर्देश दिया। बैठक में सचिव रवि कुमार भास्कर ने कहा कि गांव में ग्रामीणों के बीच नालसा और झालसा की ओर से चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में बताकर लोगों को जागरूक करें। जरूरतमंदों को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन और सरकारी की ओर से चलाये जा रहे लाभकारी योजनओं से अवगत कराकर उन्हें लाभ पहुंचायें। डालसा सचिव ने कहा कि आप सभी झालसा कैलेंडर को ध्यान में रखते हुए कार्य करें। पीड़ित महिलाओं को भी चिन्हित करें, जिनको मुआवजा नहीं मिला हैं, उनका आवेदन डालसा कार्यालय में जमा कराकर, मुआवजा दिलाने में उन्हें मदद करें।

### विश्वकर्मा लोहार समाज की बैठक कल

**रांची:** विश्वकर्मा लोहार समाज झारखंड प्रदेश की बैठक 25 मई को पुराने विधानसभा के सभागार में होगी। बैठक के जरिए अपने अस्तित्व और पहचान के लिए पूरे झारखंड के लोहार एक मंच पर आएंगे। इसमें राज्य के विभिन्न हिस्सों से समाज के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। विश्वकर्मा लोहार समाज वर्तमान में अपने आप को विश्वकर्मा के वंशज मानते हुए लोहे को विभिन्न प्रकार के आकार देकर घरेलू उपयोग में आने वाले सामग्री का निर्माण करते हैं। समाज के सुरेंद्र विश्वकर्मा ने शुक्रवार को बताया कि लोहार जाति भारतीय संविधान में अनुसूचित जनजाति में दर्ज है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार लोहार जाति को लोहार और लोहारा में बांटकर लोहार जाति को अनुसूचित जनजाति की सुविधा से वंचित कर रखा है। लोहार सुदूर ग्रामीण इलाकों में गांव के लोगों को कृषि के औजार उपलब्ध कराते हैं।

# 5वीं अनुसूची राज्यों में जनसंख्या को परिसीमन का आधार बनाने पर घटेगी आरक्षित सीटें : शिल्पी नेहा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में समय के साथ दूसरे प्रदेश से आ कर बसने वालों की आबादी बढ़ी है। वहीं आदिवासी समाज की जनसंख्या या तो घटी है या स्थिर है। ऐसे में अगर पांचवीं अनुसूची राज्यों में जनसंख्या को परिसीमन का आधार बनाया जाएगा। तो आरक्षित सीटों की संख्या में कमी आएगी। ये निर्णय आदिवासी समाज की सुरक्षा और संरक्षण को धूमिल करने वाला होगा। ये बात दिल्ली में देश भर के कांग्रेस प्रवक्ताओं की कार्यशाला को संबोधित करते हुए झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कही है।



इस कार्यशाला को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विशेष रूप संबोधित किया। देश में जातीय जनगणना का भारत के आदिवास समाज पर पड़ने वाले प्रभाव, चुनौती और समाधान विषय पर अपनी बात रखते हुए मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि कांग्रेस को एक बड़ी भूमिका तय करनी है। कांग्रेस जातीय जनगणना के तहत सामाजिक न्याय का संदेश और उद्देश्य लेकर आगे बढ़ाना चाहती है , जबकि केंद्र में बैठी बीजेपी और फ्तर इसे उलझाने में लगी है। आदिम काल से ही आदिवासी समाज में जातीय व्यवस्था का कोई स्थान नहीं है जबकि बीजेपी इसे जबरन थोपना चाहती है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनगणना प्रक्रिया में आदिवासी समुदाय को उनकी मूल और एकीकृत पहचान के साथ दर्ज किया जाना चाहिए, ना कि उप- वर्गों में विभाजित कर, देश भर में आदिवासी समाज समानता और एकता की मिसाल है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि आदिवासी समुदाय न केवल सांस्कृतिक रूप से, बल्कि दिल और आत्मा से भी एक है, फिर चाहे वो झारखंड हो, मणिपुर हो , ओडिशा हो या छत्तीसगढ़ हो। जब देश के किसी कोने में एक आदिवासी पर हमला होता है, तो वह केवल एक राज्य की नहीं, बल्कि पूरे देश के आदिवासी समाज की पीड़ा बन जाती है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि सरना धर्मावलंबियों को अलग से कॉलम उपलब्ध कराया जाए।

## श्री दिगंबर जैन पंचायत की 21 सदस्यीय कार्यकारिणी का चुनाव कल होगा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** श्री दिगंबर जैन पंचायत रांची की 21 सदस्यों की कार्यकारिणी का चुनाव 25 मई को होगा। चुनाव मैदान में आदिनाथ ग्रुप और समर्पण ग्रुप आमने-सामने हैं। चुनाव पदाधिकारी राकेश जैन ने शुक्रवार को बताया कि नाम वापसी के बाद मैदान में 40 उम्मीदवार बचे हैं। मतदान रविवार को रातू रोड के रतनलाल जैन स्मृति भवन में सुबह 10 बजे से होगा। मतदान की प्रक्रिया दोपहर दो बजे तक चलेगी और इसके बाद मतों की गिनती शुरू होगी। बताया गया कि उसी दिन चुनाव परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी। दोनों गुट जोरशोर से चुनाव प्रचार में लगे हैं। श्री दिगंबर जैन पंचायत के 415 सदस्य हैं और सभी को मत डालने का अधिकार है। चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों में अजय कुमार जैन गंगवाल, अजीत कुमार जैन काला, अनिल कुमार जैन ठोलिया, अनिल पाटनी, अरुण कुमार अजमेरा, अरुण कुमार बाकलीवाल, अशोक कुमार जैन सोगानी, अशोक कुमार जैन सिंघाई, कमल सेठी, कमल जैन विनायका, कैलाश चंद्र बड़जात्या, चेतन पाटनी, सीए जितेंद्र छाबड़ा, जितेंद्र कुमार सेठी, धर्मेंद्र छाबड़ा, नरेंद्र कुमार जैन गंगवाल, नवनीत कुमार पटौदी, पदमचंद जैन लोढ़ा, पंकज पांडेया, प्रदीप अजमेरा, प्रदीप कुमार जैन बाकलीवाल, प्रमोद कुमार झंझरी, विनीत जैन सेठी, मोनिका ठोलिया सहित अन्य शामिल हैं।

## सुहागिन महिलाएं 26 को करेंगी वट सावित्री का व्रत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य भर में सुहागिन महिलाएं 26 मई को वट सावित्री का व्रत करेंगी। वट सावित्री पर्व का सनातन धर्म में विशेष महत्व है। यह पर्व हर वर्ष के ज्येष्ठ महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी अमावस्या तिथि मनाया जाता है। इस बार कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी अमावस्या की तिथि 26 मई को 12 बजकर 11 मिनट से शुरू होगी और अगले दिन 27 मई को सुबह 8 बजकर 31 मिनट पर तिथि को समाप्त होगी। इसी दिन सोमवती अमावस्या भी मनाई जाएगी। वट सावित्री व्रत भारतीय संस्कृति में विवाहित महिलाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है, जो पति की लंबी



उम्र और सुखमय दांपत्य जीवन की कामना से जुड़ा हुआ है। यह व्रत विशेष रूप से सावित्री के अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस लाने की पौराणिक कथा से प्रेरित है। वट सावित्री व्रत का धार्मिक महत्व अत्यधिक है। मान्यता है कि इस दिन वट वृक्ष की पूजा करने से त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महेश की कृपा प्राप्त होती है। इससे जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य का वास होता है। इसके अतिरिक्त, इस दिन किए गए व्रत से पापों का नाश होता है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। विश्व हिंदू परिषद, सेवा विभाग और प्रणामी ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने शुक्रवार को कहा कि वट सावित्री व्रत न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है।

## रब्राउन शुगर और साढ़े चार लाख कैश के साथ युवती सहित चार तस्कर गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची पुलिस नशे के कारोबारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में पुलिस ने 113 ग्राम ब्राउन शुगर और चार लाख 50 हजार रुपये के साथ एक युवती सहित चार तस्कर को गिरफ्तार किया है। डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र से एक युवक सूरज कुमार और युवती सेजल खान को गिरफ्तार किया गया। जबकि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र से विशाल मित्तल और आरिफ इकबाल को गिरफ्तार किया गया। एसएसपी ने बताया कि सिटी एसपी राजकुमार मेहता और कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में कोतवाली और सुखदेवनगर थाना की पुलिस ने यह कार्रवाई की है। एसएसपी ने बताया कि सूचना मिली थी कोतवाली थाना अन्तर्गत पुरानी रांची के नूर नगर में रोहतास (सासाराम) से एक लड़का भारी मात्रा में ब्राउन शुगर लेकर आया है। इसके बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए नूर नगर (खेत मोहल्ला) में अहसन जुनैद के घर पर मकान मालिक के समक्ष शुक्रवार की सुबह तीन बजे सेजल खान के कमरे में छापेमारी की। छापेमारी में वहां से एक लड़का मिला, जिसका नाम पूछने पर अपना नाम सूरज कुमार बताया। उसके पास पुलिस ने 110 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया। इसके बाद कमरे की तलाशी लेने पर सेजल खान और सूरज कुमार के बेड के नीचे छिपाकर रखे गए नकद चार लाख 50 हजार रुपये एवं एक स्कुटी भी बरामद किया गया। पूछताछ करने पर सेजल ने बताया कि दोनों काफी समय से सासाराम से ब्राउन शूगर लाकर रांची में बिक्री कर रहे हैं, दोनों के बीच प्रेम प्रसंग भी है। वहीं विशाल और आरिफ को सुखदेवनगर थाना पुलिस ने बिरला मैदान के पास से ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। इन दोनों के पास से तीन ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। साथ ही एक आईफोन, दो मोबाईल, एक यामहा कंपनी का बाइक बरामद किया गया है। इन लोगों ने भी स्वीकार किया कि ब्राउन शुगर बिहार के सासाराम से खरीद कर यहां लाकर बेचते है।

## "हर बच्चे को स्वस्थ दिल के साथ जीवन शुरू करने का अधिकार" : नलेंदु

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** शुक्रवार को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह के करकमलों द्वारा एक महत्वकांक्षी परियोजना "नन्हा सा दिल" का शुभारंभ हुआ। इस दौरान निदेशक, मानव संसाधन, हर्षनाथ मिश्र एवं सीसीएल के कई विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे। परियोजना की शुरूआत करते हुए सीसीएल सीएमडी एन. के. सिंह ने कहा कि हर बच्चे को स्वस्थ दिल के साथ जीवन शुरू करने का अधिकार है, सीसीएल परिवार जन्मजात हृदय रोग के प्रति जागरूकता और उपचार के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और उस दिशा में यह परियोजना एक सार्थक पहल है। इस परियोजना की शुरूआत रामगढ़ जिले के सात महीने के बच्चे अभिराज महतो और आठ वर्षीय बच्ची बिदिया कुमारी की स्क्रीनिंग के साथ की गई, जो अपने माता जी के साथ कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस परियोजना के तहत सीसीएल द्वारा प्रदत एक



सुसज्जित मोबाइल वैन के माध्यम से गांव गांव में बच्चों की निःशुल्क स्क्रीनिंग और निदान किया जाएगा। जिन बच्चों में उल्ऌऊ की पुष्टि होती है, उनका इलाज पूरी तरह से निःशुल्क किया जाएगा। इसके अलावा ईलाज के बाद तीन बार तक, मरीज के साथ परिजनों को चेकअप के लिए हॉस्पिटल आने-जाने तक का खर्च, सीसीएल के द्वारा वहन किया जाएगा। आपको बता दें कि सीसीएल के द्वारा समय-समय पर ऐसे पहल, सीएसआर के तहत किए जाते हैं, जिससे हितधारकों, श्रमिकों और ग्रामीणों को सीधा लाभ मिल सके।

# जानबूझकर राज्य में संवैधानिक संस्थाओं को पंगु बनाकर रखी है हेमंत सरकार : बाबूलाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राज्य की ऐसी सारी संवैधानिक संस्थाएं जो राज्य सरकार के काम काज, गड़बड़ियों, भ्रष्टाचार पर नजर रखती है, जनता की शिकायत पर सुनवाई और कार्रवाई करती है उन्हें राज्य सरकार ने पंगु बनाकर रखा है। मरांडी शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में लोकायुक्त, महिला आयोग, सूचना आयोग, उपभोक्ता फोरम जैसी महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्थाओं में वर्षों से अध्यक्ष- सदस्य के पद खाली हैं। कहीं अध्यक्ष हैं तो



सदस्य नहीं, कही न अध्यक्ष हैं न सदस्य। संस्थान सिर्फ नाममात्र का रह गया है। ये संवैधानिक संस्थाएं जनता को न्याय दिलाने में सहायक होती हैं, सरकार को पारदर्शी और जवाबदेह बनाती है। लेकिन इनका पंगु रहना लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर कर रही है। राज्य सरकार नेता प्रतिपक्ष नहीं होने का बहाना बनाती थी जबकि सच्चाई है कि भाजपा ने समय पर नेता चुनकर दिया है। पिछले टर्म में दो बार नेता का चयन किया गया लेकिन परिणाम शून्य रहा। आज विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष है लेकिन हेमंत सरकार की नियत साफ नहीं। यह सरकार अपनी नाकामियों, विफलताओं, भ्रष्टाचार को उजागर नहीं होने देना चाहती। लोग शिकायत करेंगे तो मामला संवैधानिक जांच के घेरे में आएगा, सूचनाएं मांगे जाने पर उपलब्ध कराने की बाध्यता होगी। राज्य सरकार इससे बचना चाहती है। सूचना आयुक्त का पद खाली है, महिला आयोग में 2020 से ही अध्यक्ष व सदस्य का पद खाली है, जिसमें 5000 से अधिक मामले लंबित हैं। महिलाओं को न्याय नहीं मिल रहा। यहां कर्मचारियों को वेतन तक नहीं मिल रहा। एक सफाई कर्मी की मौत भी हो चुकी है। उपभोक्ता फोरम में दर्जन भर जिले अध्यक्ष और सदस्य विहीन हैं। उन्होंने कहा कि लोकायुक्त के नहीं रहने से न तो कोई शिकायत दर्ज हो रही, न कोई भ्रष्टाचार विरोधी कार्रवाई हो रही। जबकि लोकायुक्त जैसी स्वतंत्र संस्था राज्य में काम करेगी तो मंत्री, विधायक बड़े पदाधिकारी, यहां तक कि एसीबी के विरुद्ध भी गलत और पक्षपातपूर्ण कारवाई और जांच की शिकायत की जा सकेगी, जो आज नहीं हो पा रहा। हाई कोर्ट के निदेर्शों के बावजूद इन पदों को नहीं भरा जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि यह सरकार जानबूझकर संवैधानिक पदों पर नियुक्तियां नहीं करना चाहती है ताकि किसी भी प्रकार के गलत काम के विरुद्ध किसी बड़ी मछली के खिलाफ स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच और दंडात्मक कार्रवाई नहीं हो। राज्य सरकार संवैधानिक तरीके से बल्कि मुखेर कानून₹ चलाना चाहती है।

## संक्षिप्त खबरें

### आईएएस विनय चौबे की सभी रिपोर्ट नेफ्रोलॉजी विभाग को भेजी गयी




**रांची:** शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार आईएएस विनय चौबे की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें गुरूवार शाम रिम्स में भर्ती किया गया था। विनय चौबे को रिम्स के पेइंग वार्ड में रखा गया है। शुक्रवार सुबह असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ऋषि गुड़िया ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया। इससे पहले मेडिसिन विभाग की डॉक्टरों की टीम उनके ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने की कोशिश कर रही थी। उनके सभी रिपोर्ट को नेफ्रोलॉजी विभाग में भेजा गया है। जहां डॉक्टर रिपोर्ट को देख रहे हैं। चौबे को हाई ब्लड प्रेशर और किडनी से जुड़ी समस्याएं हैं, जिनकी जांच अब नेफ्रोलॉजी विशेषज्ञ करेंगे। इससे पहले गुरुवार की रात विनय चौबे की पत्नी खाना लेकर उनसे मिलने रिम्स गयी थी। लेकिन वहां चौबे की पत्नी को उनसे मिलने नहीं दिया गया। खबर है कि विनय चौबे के लिए लाया गया घर का खाना वापस करवा दिया गया। इसके बाद विनय चौबे की पत्नी लौट गयी। हालांकि उन्होंने मीडिया को कोई बयान नहीं दिया। कोर्ट के दिशा-निर्देश में मेडिकल बोर्ड की बैठक हुई थी। रिम्स के सीनियर डॉक्टरों के मेडिकल बोर्ड ने विनय चौबे के इलाज से संबंधित दस्तावेज के आधार पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स में भर्ती करने की अनुशंसा की थी। उन्हें किडनी की गंभीर समस्या है। मेडिकल बोर्ड की अनुशंसा के बाद बिरसा सेंट्रल जेल से 22 मई को उन्हें रिम्स भेज दिया गया। विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को 20 मई को शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उन्हें एसीबी की विशेष अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को 3 जून तक (14 दिन) न्यायिक हिरासत में भेजा है।

### मिराज अंसारी के दोषी हत्यारी पूलिस पर हो प्रथामिकी दर्ज

**रांची :** उपरोक्त बाते आज पालोजोरी सारठ में पुलिस हिरासत में क्रूरता से पिटाई के कारण मिराज अंसारी की असमय मौत होने पर अपनी प्रतिक्रिया मे आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने कही इन्होने आरोप लगाया कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की सरकार मे मुस्लिम युवाओ की इरादतन हत्या की घटनाओ मे बेतहास वृध्दि हुई है। इससे पूर्व मे भी पीछले सप्ताह मे बोकारो नावाडीह में अब्दुल कययुम की पीट पीट कर हत्या कर दी गई थी जो बहुत चर्चे में रही अभी कुछ दिन बीते भी नही कि पुलिस पालोजोरी सारठ के द्वारा पीट पीट कर हत्या कर देना विधि वयवसथा एंव कानून राज पर प्रश्न चिन्ह लगाता है जो राज्य के लिए अच्छी बात नही है। श्री नायक ने आगे कहा कि जैसा कि जानकारी मिली है कि बीते 21 तारीख को पालोजोरी सारठ में पुलिस हिरासत में क्रूरता से पिटाई के कारण मिराज अंसार कि मृतक हो जाने पर मुस्लिम समाज के लोगों के अंदर आक्रोश है कि दोषी पदाधिकारियों पर उचित कार्रवाई हो और परिजनों को इंसाफ मिले साथ ही साथ मुआवजा मिले इसी मांग को लेकर कल यानी 22 तारीख को स्थानीय ग्रामीण थाना के समक्ष्य अपनी मांगों को ले कर आंदोलन कर रहे थे इसी बीच ग्रामीण और प्रशासन आमने सामने हो गए जिसके बाद वहां आंदोलन कर रहे जानकारी के अनुसार 15 से 20 युवकों को प्रशासन के द्वारा हिरासत में ले लिया गया। जिसकी आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच कडे शब्दो मे निन्दा करता है और इस हत्याकांड की उच्चस्तरीय जांच की मांग करता है ।

### श्रद्धाभाव से श्याम मंदिर में मनी अचला एकादशी



**रांची :** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज अचला एकादशी के विशेष दिन के अवसर पर सुबह 5:00 बजे मंदिर के पट खुलते ही भक्तों की भीड़ लगी रही। सुबह के प्रातः कालीन श्रृंगार के बाद श्रृंगार आरती 8:30 बजे में भक्तगण अपनी अर्जी के साथ बाबा के दरबार में हाजिरी लगाते हुए दिखे। जो भी श्याम भक्त बाबा को सच्चे मन से अपनी अर्जी लगाते हैं बाबा उनकी अर्जी जरुर सुनते हैं । एकादशी का दिन श्याम भक्तों के लिए विशेष दिन होता है । 12:15 बजे की विश्राम आरती के बाद 12:30 बजे मंदिर के पट लगा दिए गए। दोपहर के विश्राम के बाद बाबा श्याम का द्वितीय अनुपम संध्या श्रंगार किया गया । कोलकाता से मंगाए गए लाल गुलाब रजनीगंधा तुलसीदल पीला गेंदा लाल गेंदा गुलबहार मुरुगन फूल सॉन्ग ऑफ इंडिया की मोटी मोटी मालाओं से बाबा श्याम को अद्भुत रूप से सजाया गया। एकादशी संकीर्तन का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ । मंडल के कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया धर्मपत्नी दीपाश्री गाड़ोदिया तेजस खुशी गाड़ोदिया ने परिवार साथ खाटू नरेश के दिव्य पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित की। पंकज गाड़ोदिया ने परिवार के साथ अखंड ज्योति में फल पेड़ा मेवा रबड़ी एवं मगहीपान अर्पित कर बाबा के आगे अपनी अर्जी लगाई।

### अस्पतालों ने दी चेतावनी, 7 दिन में नहीं मिला भुगतान तो बंद करेंगे आयुष्मान योजना से इलाज



**रांची :** झारखंड में आयुष्मान भारत योजना संकट में है। राज्य के करीब 750 निजी अस्पतालों ने चेतावनी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर सरकार ने बकाया भुगतान नहीं किया, तो वे आयुष्मान कार्डधारकों का इलाज बंद कर देंगे। एसोसिएशन ऑफ हेल्थ केयर प्रोवाइडर्स ऑफ इंडिया (अल्ढक) के झारखंड चैप्टर और आईएमए ने संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि पिछले साढ़े तीन महीने से लगभग 450 करोड़ रुपये का भुगतान लंबित है। इससे अस्पतालों को संचालन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।बकाया भुगतान न मिलने से न केवल अस्पतालों के पास संसाधन खत्म हो रहे हैं, बल्कि वहां कार्यरत कर्मियों को वेतन देने में भी परेशानी हो रही है। स्थिति इतनी गंभीर है कि अस्पतालों के बंद होने तक की नौबत आ सकती है। अधिकारियों ने कहा कि यदि सरकार इच्छाशक्ति दिखाए, तो इस समस्या का समाधान संभव है। स्टेट हेल्थ एजेंसी द्वारा पोर्टल में बदलाव किए गए हैं, लेकिन अन्य जरूरी फैसले लटकाए जा रहे हैं। अस्पतालों का कहना है कि अगर जल्द भुगतान नहीं हुआ, तो रांची समेत पूरे राज्य में आयुष्मान योजना के मरीजों का इलाज बंद कर दिया जाएगा।

## एक नजर

### कांग्रेस ने सरना धर्म कोड लागू करने की मांग को लेकर किया जनसंपर्क

**बोकारो** : जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता ने झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस द्वारा प्रस्तावित धरना प्रदर्शन की तैयारी को लेकर किया जनसंपर्क। मौके पर श्री गुप्ता ने कहा कि आगामी 26 मई को सरना धर्म कोड लागू करने को लेकर राजभवन राँची के समक्ष होने वाले धरना प्रदर्शन में शामिल होने को लेकर चन्दनकियारी प्रखंड क्षेत्र के बरमसिया, दुबेकाटा मोड़, नवडीह मोड़ सहित प्रखंड के विभिन्न जगहों पर प्रखंड अध्यक्ष रामपद रवि दास के नेतृत्व में जनसंपर्क किया। मौके जिला कार्यालय प्रभारी बनमाली बाउरी, प्रखंड 20 सूत्री सदस्य काशिम काजी, तूफान शाहनी,राकेश शर्मा, तुलसी महतो, चेपू महतो,अनूप घोषाल सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### ऋषिकेश नारायण सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**बोकारो** : स्वर्गीय ऋषिकेश नारायण सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आज संस्था शिवम शिल्प कला केंद्र द्वारा फुसरो, बेरमो में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन को ह्यूमैनिटी सेवियर्स के सहयोग से संपन्न किया गया। विश्व रिकार्ड धारक हरबंश सिंह सलूजा ने बताया की यह शिविर मुख्य रूप से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए आयोजित किया गया, जिसमें समाज के युवा वर्ग के रक्तदाताओं, मुख्य रूप से महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें कुल 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान -महादान की भावना से प्रेरित यह शिविर समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत सिद्ध हुआ। शिवम शिल्प कला केंद्र की अध्यक्षा मधु सिंह जी ने कहा रक्तदान ही एक ऐसा दान है जिससे रक्त मिलने वालों को तो जीवन दान मिलता ही है, साथ ही रक्त दान करने वालों को भी कई तरह के फायदे होते हैं। ह्यूमैनिटी सेवियर्स के संस्थापक अध्यक्ष ब्लड मैन हरबंश सिंह सलूजा ने बताया की कार्यक्रम में पटना से युवा डोनर स्निग्धा साक्षी और प्रगति एवं दिल्ली से आशिका युवरानी ने रक्तदान कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जो विशेष रूप से प्रशंसा योग्य रही। मनोरमा सिंह जो ऋषिकेश नारायण सिंह की धर्मपत्नी मनोरमा देवी सबकी प्रेरणा श्रोत बनकर रही है।

### पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने चलाया सघन जांच अभियान

**साहिबगंज** : तालझारी थाना क्षेत्र के महाराजपुर डाक बंगला के समीप गुरुवार की शाम एक युवक को गोली मारकर हत्या कर दिए जाने के बाद इस घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के निर्देश पर नगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने रेलवे स्टेशन समेत अन्य संदिग्ध स्थानों पर इस गोली कांड मामले में शामिल अपराधी तत्वों के लोगों को गिरफ्तार करने को लेकर नगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने अपराधियों की तलाश में छापेमारी अभियान चलाया। जहां गुरुवार की रात अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर नगर पुलिस ने संदिग्ध जगहों पर जांच अभियान चलाया ताकि अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जा सकें। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर थाना क्षेत्र की पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन, महादेवगंज जैसे अन्य संदिग्ध जगहों पर अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर जांच अभियान चलाया।

# प्रशिक्षण में बताई गई बातों का आंगनबाड़ी केंद्रों में दिखें प्रतिबिंब : विजया जाधव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : जिला परिषद सभागार में नव चयनित सेविका सहायिकाओं का दो दिवसीय उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हो गया। उपायुक्त विजया जाधव ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सेविका सहायिकाओं के मूल्यांकन कार्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली नावाडीह परियोजना की प्रीति कुमारी, दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली चंदनकियारी परियोजना की जयंती कुमारी एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली चास ग्रामीण परियोजना के आरती सिंह को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं, सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र सौंपा। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत संबंधित परियोजनाओं की सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिका आदि उपस्थित थे। अपने संबोधन में उपायुक्त ने प्रशिक्षण सत्र में सक्रिय भागीदारी निभाने को लेकर सभी नव चयनित सेविका सहायिकाओं को शुभकामनाएं दी। कहा कि प्रशिक्षण सत्र में जो बातें बताई सिखाईं गई हैं, उसका प्रतिबिंब संबंधित आंगनबाड़ी केंद्रों में दिखनी चाहिए, तभी इस आयोजन का उद्देश्य पूरा होगा। पूरे पोषक क्षेत्र को अपना परिवार मानते हुए अपने कार्य दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करना है। ससमय आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन करना है। मौके पर उपायुक्त ने बाल विवाह मुक्त भारत का संकल्प दिलाया। उन्होंने बाल विवाह के खिलाफ उपस्थित सभी को शपथ दिलाई। कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और अपराध है, जो बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास में बाधा है, तथा उनके सपनों को साकार होने से रोकती है। इसलिए मैं शपथ लेती हूँ कि मैं बाल विवाह के खिलाफ हर संभव प्रयास करूंगा/करूंगी, सुनिश्चित करूंगा/करूंगी कि मेरे परिवार, पड़ोस और समुदाय में किसी बालिका का बाल विवाह न होने पाए, मैं ऐसे किसी भी बाल विवाह के प्रयास की सूचना पंचायत और सरकार को दूंगा/दूंगी। मैं बच्चों की शिक्षा एवं सुरक्षा के लिए भी अपनी आवाज बुलंद करूंगा/करूंगी और बाल विवाह मुक्त भारत का निर्माण करूंगा/करूंगी। उपस्थित सभी ने उक्त का दोहराव किया। उधर, प्रशिक्षण सत्र में नव चयनित सेविका सहायिकाओं को मुख्य रूप से पोषण ट्रैकर, वीएचएसएनडी, टीएलएम, बीएलओ, पाठशाला पूर्व शिक्षा, सर्वाइकल केंसर के संबंध में जानकारी दी गई।

## तालाब में घुसकर नशे में धुत युवक ने किया हाई वोल्टेज ड्रामा, पुलिस ने बचाई जान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : सोलाड़ीगिह कमला बांध स्थित तालाब मे भरे पानी मे एक युवक ने हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू कर दिया। आम लोगों की बात को अनदेखी करते हुए आत्महत्या का प्रयास जारी रखा, इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तालाब मे रेस्कीयू करवा कर उस युवक को हिरासत मे लिया। हलांकि युवक कौन है कहां से आया है। पुलिस पूछताछ कर रही है। वही युवक बार बार अपना ब्यान बदल रहा है। युवक नशे मे धुत्त होकर तलाब पहुंचा है। यह घटना चीरा चास थाना क्षेत्र के एन एच 32 मारुति नेक्सा सर्विस सेंटर के समीप अवस्थित सोलगींडीह के कमला बांध की है। थाना प्रभारी चंदन दुबे ने बताया कि एक युवक नशे की हालत में तालाब में लगभग 2 घंटे से अंदर घुसे हुआ था। जब-जब लोग उसे निकालने जाते तभी और अंदर चला जाता था। इसके बाद स्थानीय लोगों ने सूचना थाना में दी, खबर मिलते ही पुलिस पहुंची है, हम इसका रेस्कीयू कर इलाज के लिए सरकारी अस्पताल मे भर्ती करवा देंगे, चूंकि मानसिक रूप से युवक विक्षिप्त लगता है। 4 ढः बीएसएल के इस्पात भवन में मॉक ड्रिल बीएसएल के इस्पात भवन में आपातकालीन स्थिति में लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने पर एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान निदेशक प्रभारी बी के तिवारी, अधिशासी निदेशक एवं सुरक्षा अभियंत्रण विभाग के वरीय अधिकारी भी उपस्थित थ। मॉक ड्रिल में सबसे पहले सायरन बजा कर सभी को बाहर सुरक्षित स्थान पर निकलने हेतु अलर्ट किया गया। वैसे लोग जो बिल्डिंग में ऊपर के तल पर थे।

## अभियान चला कर शहरी क्षेत्र में तंबाकू के दुष्प्रभाव के प्रति : डॉ सेलीना टूडू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : डा0 अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो के निदेर्शानुसार आने वाले विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर 26 मई से 26 जून 2025 तक सभी संस्थान में तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें रैली, बैठक, शपथ कार्यक्रम एवं हस्ताक्षर अभियान आदि शामिल है। इसी क्रम में शहरी स्वास्थ्य केन्द्र के सभी कर्मियों का एक बैठक सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में किया गया। बैठक के दौरान डा0 सेलिना टूडू द्वारा बताया गया कि बोकारो जिला के सभी 40 शहरी स्वास्थ्य संस्थानों में तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाया जायेगा जिसका मुख्य उददेश्य तम्बाकू का सेवन करने वाले लोगों को तम्बाकू छोडने हेतु तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र सदर अस्पतला के 13 नं0 ओ0पी0डी0 से जोडना है। जिला परामर्शी मो0 असलम द्वारा सभी को बताया गया कि यदि कोई व्यक्ति तम्बाकू छोडने के उपाय में जानकारी लेना चाहता है तो 1800-11-2356 पर सम्पर्क कर जानकारी ले सकता है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चास, बेरमो को आग्रह किया गया कि थाना प्रभारी चास एवं बेरमो से समन्वय स्थापित कर कोटपा-2003 की विभिन्न धाराओं के अनुपालन हेतु उल्लंघन कर्ता का चालान करना सुनिश्चित करें । इस बैठक में डा0 सेलीना टूडू नोडल पदाधिकारी एन0यू0एच0एम0 बोकारो, डा0 अनिल कुमार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चास, पवन कुमार श्रीवास्तव महामारी विशेषज्ञ बोकारो, कुचन जिला डाटा प्रबंधक बोकारो, विश्वरंजन जिला अर्बन प्लानिंग मैनेजर बोकारो, जिला परामर्शी मो0 असलम, सी0सी0पी0एम सैफुल्लाह अंसारी एवं शब्बीर अनवर के साथ अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## हवाई अड्डा के जल्द चालू होने की आस, नागरिक अधिकार मंच ने सांसद से की मुलाकात



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : हवाई अड्डा जल्द चालू हो को लेकर नागरिक अधिकार मंच का पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय अध्यक्ष शशि भूषण ओझा 'मुकुल' के नेतृत्व में शुक्रवार को धनबाद के माननीय सांसद ढुलू महतो से उनके आवास पर मिलकर एक ज्ञापन सौंपा । वार्ता के क्रम में माननीय सांसद महोदय से निवेदन किया गया कि बोकारो का एयर पोर्ट लगभग तीन वर्षों से बन कर तैयार है मगर छोटी मोटी कमियां जैसे सतनपुर पहाड़ी और बोकारो स्टील प्लांट की चिमनी पर लाइट लगाना, एयरपोर्ट की बाउंड्री के आसपास स्थित बुचड़खानों को हटाना, एम्बुलेंस की व्यवस्था करना और फायरब्रिगेड की आग बुझाने वाली गाड़ी उपलब्ध कराना है जो राज्य सरकार के जिम्मे है तथा कुछ कमियां हैं जिसे भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को पूरा करना है मगर आपसी टालमटोल वाली गलत नीति के कारण यह हवाई अड्डा अभी तक चालू नहीं हो पा रहा है जिसका खामियाजा बोकारो और आसपास की जनता को भुगतना पड़ रहा है । बोकारो एयरपोर्ट के चालू नहीं होने से यहां के व्यावसायियों, पर्यटन स्थलों और उद्योगों को तो नुकसान हो ही रहा है साथही यहां के हजारों बच्चे जो बाहर पढ़ते हैं या नौकरी करते हैं उन्हें भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है । इस तरह देखा जाय तो बोकारो और आसपास के विकास के लिए यहां के एयर पोर्ट का जल्द शुरू होना नितांत आवश्यक है। माननीय सांसद ने गंभीरता से सारी बातों को सुनने के बाद कहा कि वे अपना पूर्ण प्रयास कर इसे जल्द चालू कराने हेतु राज्य सरकार और केंद्रीय उड्डयन मंत्रालय से बात करेंगे। सांसद ने कहा कि वे शुरू से ही चाह रहे हैं कि बोकारो एयरपोर्ट जो लगभग बनकर तैयार होगया है वह जल्द चालू हो जाए मगर राज्य सरकार इस क्षेत्र की लगातार अनदेखी कर रही है।

## जोगता थाना क्षेत्र में बड़ी वारदात की साजिश नाकाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : जोगता थाना क्षेत्र में बीती रात पुलिस ने एक बड़ी आपराधिक साजिश को नाकाम करते हुए एक शातिर अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। वरीय पुलिस पदाधिकारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं और रात्रि के समय मोटरसाइकिल से भ्रमण कर रहे हैं। इसी के आलोक में पुलिस ने पुराना श्याम बाजार स्थित सीआईएसएफ कैंप के पास चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान एक सफेद रंग की टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार एक संदिग्ध को रोका गया। तलाशी के दौरान पुलिस को उसके पास से एक देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए, जिनके पेंदे पर "KF 7.65" अंकित था। गिरफ्तार युवक की पहचान रोशन कुमार उर्फ रोशन भारती (उम्र लगभग 28 वर्ष), पिता - रामचंद्र भुइयाँ उर्फ राजकुमार भारती, निवासी - सिजुआ 10 नंबर मोड़, थाना - जोगता, जिला - धनबाद के रूप में की गई है। पूछताछ में रोशन ने अपने अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी दी है, जिसके आधार पर पुलिस द्वारा छापेमारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि वारदात को अंजाम देने के लिए वह अपने सहयोगियों के साथ सक्रिय रूप से योजना बना रहा था।

# जैप-3 वाहिनी में पारण परेड में शामिल हुई उपायुक्त, आरक्षियों को दी शुभकामनाएं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : गोविंदपुर स्थित जैप-3 वाहिनी में संचालित बुनियादी प्रशिक्षण सत्र के अंतिम चरण में शुक्रवार को पारण परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान बोकारो रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डॉ माइकल राज एस महोदय ने सलामी लेने के बाद परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा एवं एसएसपी एच पी जनार्दनन मौजूद रहें। इस दौरान उन्होंने सभी आरक्षियों को शुभकामनाएं दी। बतादें कि जैप-3 वाहिनी में शुक्रवार को आयोजित पारण परेड में क्म्ह एवं रक्म्ह के कुल 82 आरक्षियों ने हिस्सा लिया जिनमें 30 पुरुष और 52 महिला शामिल थीं । इस सभी प्रशिक्षुओं ने अपना प्रशिक्षण पूरा किया जिसके बाद ट्रेनिंग के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वालों को कार्यक्रम के दौरान पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान सभी 82 आरक्षियों को कर्तवनिष्ठा का शपथ भी दिलाया गया। पारण परेड के बाद परिसर में अतिथियों द्वारा पौधा रोपण भी किया गया। मौके पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, जैप-3 के समदेष्टा हदीप पी जनार्दनन, सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी श्री कपील चौधरी समेत जैप-3 के कई पदाधिकारी व जवान भी उपस्थित थे।

### आदेश के बावजूद रसीद निर्गत करने में कर्मचारी कर रहे हैं आनाकानी



**धनबाद** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्या से उनको अवगत कराया। जनता दरबार में कतरास से आए एक व्यक्ति ने बताया कि छाताबाद मौजा में उनकी 1.50 कट्ठा जमीन है। इसकी रसीद कटवाने के लिए उन्होंने बाघमारा के अंचल अधिकारी को आवेदन दिया था। आवेदन मिलने पर अंचल अधिकारी एवं अंचल निरीक्षक ने रसीद काटने का आदेश पारित कर दिया। इसके बावजूद बाघमारा अंचल के कर्मचारी रसीद काटने में आनाकानी कर रहे हैं। मामले पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने अंचल अधिकारी बाघमारा को समस्या का त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया। वहीं बीसीसीएल के कतरास एरिया नंबर 4 के केशलपुर हाउस कुम्हार बस्ती से आए ग्रामीणों ने उपायुक्त को बताया कि वे लोग दशकों से उक्त स्थान पर रहते हैं और मिट्टी के बर्तन, प्याला दीपक इत्यादि बनाकर अपना जीवन निर्वाह करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### 4% वार्षिक बढ़ोतरी को लेकर विधायक ने प्राथमिक शिक्षा निदेशक से फोन पर की वार्ता



**धनबाद** : पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार झारखंड सरकार के सचेतक सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के साथ 4% वार्षिक बढ़ोतरी का मांग कर रहे सहायक अध्यापकों का एक पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल प्राथमिक शिक्षा निदेशक शशि प्रकाश सिंह से मिलने रांची पहुंचे। टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने अपना मांग पत्र प्राथमिक शिक्षा निदेशक कार्यालय को सौंपा। शहरी क्षेत्र के सहायक अध्यापकों का 4% वार्षिक मानदेय वृद्धि को लेकर टुंडी विधायक ने प्राथमिक शिक्षा निदेशक शशि प्रकाश सिंह से टेलिफोनिक वार्ता की। मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि प्राथमिक शिक्षा निदेशक शशि प्रकाश सिंह ने टुंडी विधायक एवं प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द ही राज्य के शहरी क्षेत्र को भी 4% वार्षिक मानदेय वृद्धि का लाभ मिलेगा। इसको लेकर सभी आवश्यक कार्रवाई पूरी की जा रही है।चंदन मोदक ने बताया कि शहरी क्षेत्र के सहायक अध्यापकों का 4% वार्षिक मानदेय वृद्धि का मामला वर्ष 2023 से ही लंबित पड़ा है। मामले की जानकारी टुंडी विधायक को होने पर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो हम पीड़ित शिक्षकों के साथ खड़े हुए हैं और इस मामले का निराकरण करने की दिशा में लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि शहरी क्षेत्र में 4% वार्षिक मानदेय बढ़ोतरी की स्वीकृति मिल जाती है, तो इससे राज्य के लगभग 3 से 4 हजार सहायक अध्यापकों को इसका लाभ मिलेगा। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से समाजसेवी सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र प्रसाद राजा चंदन मोदक, विरेन्द्र कुमार शर्मा, मोतीलाल महतो, परितोष महतो, माणिक महतो, राजेश कुमार शामिल रहे।

### अधिकारियों से डर के नहीं डट कर मुकाबला करे : देव शर्मा



**बोकारो** : सामाजिक संगठन युवा लायंस फोर्स का बैठक सेक्टर-1 मे हुई , जिसकी अध्यक्षता जाफर अंसारी और संचालन बिनोद शर्मा ने किया, जिसमे मुख्य रूप से युवा कॉंग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सह युवा लायंस फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष देव शर्मा मौजूद थे, श्री शर्मा ने कहा दिन के दिन हमारे चास बोकारो के ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं का आर्थिक स्थिति खराब और दैनीय होती जा रही हैं। बेरोजगारी की मार से या तो उन्हें पलायन करना पड़ रहा है या फिर योग्यता होने के बाद भी छोटी मोटी अस्थाई नौकरी से संतुष्ट करना पड़ रहा है। जिसका मुख्य कारण हैं आपसी मतभेद और आंदोलन से भागना। कॉंग्रेस नेता ने पूरे बोकारो के युवाओं को आहवान करते हुए कहा की ये राज्य आपका ये जिला आपका जिलों के सभी कल कारखाने आपके बाप दादा के जमीन पे बसे हैं, बढ़ती प्रदूषण और आय दिन रोज दुर्घटना से मरते हमलोग हैं और उल्टा बाहर से आये हुए चंद अधिकारी हमपर शोषण कर रहा हैं और हम चुप बैठे हैं। जो कहीं ना कहीं हमारी कमजोरी को दशार्ता हैं। कांग्रेस नेता ने कहा राज्य में जल-जमीन-जंगल की और कॉंग्रेस की गठबंधन वाली सरकार है, माननीय मुख्यमंत्री जी ने साफ साफ कहा हैं की किसी भी फेक्ट्रियो और कारखानों में 75% स्थानीय युवाओं को रोजगार तथा समान काम का समान दाम देना ही होगा। अब समय आ गया हैं कि अब हम सभी गाँव वासी आपसी चट्टानी एकता को दिखाए और अब डर के नहीं डट कर इन अंग्रेज नियम लाने वाले अधिकारियों को होश में लाने का काम करेंगे। सर्व सहमती से यह निर्णय लिया गया की संगठन द्वारा बोकारो चंदनकियारी के सभी गांवों में जा जाकर बेरोजगार और पीड़ित युवाओं की सूँची बनायी जायेगी, जिसके बाद आगे की रणनीति पर चर्चा होगीं, मौके पर दर्जनों युवा उपस्थित थे।

### हवाई अड्डा चालू करने की मांग को लेकर भाजपा ने की सरकार का किया पुतला दहन



**बोकारो** : शुक्रवार को भाजपा बोकारो जिला अध्यक्ष जयदेव राय के नेतृत्व में झारखण्ड के निक्कमी और भ्रष्ट मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का बोकारो नया मोड़ भगवान बिरसा मुंडा चौक पे पुतला दहन कर विरोध दर्ज किया गया पिछले कई वर्षों से बोकारो हवाई अड्डा बन के तैयार है केन्द्र सरकार नरेंद्र मोदी जी द्वारा लगभग सभी अहरताएं पूरा कर लिया गया है। राज्य सरकार हवाई अड्डा को चालू करने में दोहरी नीति अपना रही है छोटी छोटी टेक्निकल काम जो राज्य सरकार के अधीन आता है उसे ये पूरा नही कर रहा है जिसके कारण हवाई अड्डा चालू नही हो रहा है इसी के विरोध में पुतला दहन कार्यक्रम रखा गया जिसमें कृष्णकुमार मुन्ना,रोहित लाल सिंह, अर्जुन सिंह, परिंदा सिंह,अर्चना सिंह,लछमन नायक,मुकेश राज राय,विनोद महतो, दिलीप श्रीवास्तव,श्याम गुप्ता,मंटू राय,वीरभद्र सिंह,संजय त्यागी, उमेश शर्मा, ब्रज दुबे,धीरज झा,विककी राय,अमर स्वर्णकार,अविनाश सिंह,अमर स्वर्णकार, मनोज सिंह,विनय किशोर,धर्मेंद्र महथा,अभिषेक कुमार ध्रुव,ऋषव राय, गोविंद गोप,कृष्णा कुमार,मुकेश कुमार,त्रिपुरारी तिवारी, जयनारायण मरांडी,अरविंद दुबे,माथुर मंडल सेकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### 10 वीं में सफल छात्रा परी को समाज ने किया सम्मानित

**बोकारो** : क्षेत्रीय राजपूत समाज जोन पांच बोकारो के उपाध्यक्ष समाज सेवी निमाई राय की पुत्री परी कुमारी सीबीएससी 10 वीं मे 92.6 प्रतिशत अंक लाकर परिवार व समाज का नाम रोशन किया है। समाज ने गुरुवार देर शाम के परी को शील्ड डायरी कलम व बुके देकर सम्मानित किया। उज्वल भविष्य का कामना कर बधाई दिया। मौके पर केन्द्रीय अध्यक्ष जनमेजय सिहं , कोषाध्यक्ष रामचरित सिंह, जोन अध्यक्ष जोन अध्यक्ष अतुल प्रसाद सिंह, प्रवक्ता जगन्नाथ सिंह, मंटू सिंह, विशिष्ट सलाहकार, खेदन राय, गोकुल चंद राय, इन्द्रजीत राय,, डीएन चंद राय , मोना देवी ग्रामीण कुटुबं उपस्थित थे।

## एक नजर

### घुमने निकली महिला से बाइकर्स ने छीना चेन

**कोडरमा** : कोडरमा थाना क्षेत्र अंतगर्त दूधीमाटी में छिनतई की घटना को अंजाम दिया गया। बताया जाता है कि शुक्रवार शाम को घर के बाहर टहल रही महिला गीता देवी से बाइक सवार दो अपराधियों ने सोने का चेन छीन लिया और फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही कोडरमा पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पहुंची और महिला से पूछताछ की। पीड़ित महिला ने बताया कि वह घर के बाहर टहल रही थी। इसी दौरान बाइक में सवार दो युवक तेजी से आये और सिर पर मारा और गले से चेन छीन कर रांची पटना मुख्य मार्ग की ओर फरार हो गए। महिला के मुताबिक बाइक पर पीछे बैठा व्यक्ति पीला रंग का गमछा से अपना मुंह ढका था। उसी व्यक्ति ने छिनतई की घटना को अंजाम दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि गत 12 अप्रैल को भी दूधीमाटी में दो महिलाओं के साथ छिनतई हुआ था। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस आस -पास के सीसीटीवी को खंगाल रही है।

### ग्रीन हेवंस गार्डन और नेचर नुक नर्सरी का उद्घाटन

खूंटी : पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ग्रीन हेवंस गार्डन और नेचर नुक नर्सरी का उद्घाटन समारोह शुक्रवार को तोरपा प्रखंड के डोड़मा में आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय समुदाय की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। नर्सरी का उद्घाटन फादर फिलिप डोडमा और जीईएल चर्च के पादरी रेव ओबेद सोरेंग, एनएचबी निदेशक एसएस पूर्ति तथा पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। समारोह में पंचायत की मुखिया अगाथा गुड़िया, उप प्रमुख संतोष कर, ग्राम प्रधान लुकस भेंगरा, वार्ड सदस्या बिनोद भेंगरा, प्राचार्य नेलन पूर्ति, ग्रीन हेवन्स गार्डन एवं नेचर नुक के प्रोपराइटर अंजना मडकी और राजेश महतो उपस्थित थे। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर हरियाली को बढ़ावा देना, जैव विविधता को संरक्षित करना तथा पर्यावरण के प्रति जन जागरूकता लाना है। उद्घाटन के अवसर पर अतिथियों ने पौधारोपण भी किया और नर्सरी में उगाए जा रहे विविध पौधों की जानकारी प्राप्त की।

### कमला नेहरू इंटर कॉलेज में नामांकन फॉर्म जारी

**अनगड़ा** : नामकोम टाटीसिलवे मिलन चौक स्थित कमला नेहरू इंटर कॉलेज विगत कई वर्षों यह कॉलेज चल रहा है और रांची से सिल्ली तक मात्र एक कॉलेज कमला नेहरू इंटर कॉलेज संचालित है कॉलेज के प्रोफेसर डॉ अजय कुमार ने बताया कि यहां से हर वर्ष 200 छात्र छात्राएं पास करते हैं। अच्छा रिजल्ट होता है अधिकतर बच्चे ग्रामीण इलाकों से आते हैं। सत्र 2025 -2027 के लिए आईं ए एवम आई कॉम के नामांकन हेतु 10:30 से 2:30 बजे तक कॉलेज कार्यालय में संपर्क नामांकन फॉर्म ले सकते हैं।

# गांजा तस्करी में पुलिस ने दो युवक को रेलवे स्टेशन से किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : दिनांक-22.05.2025 को अजय कुमार (भा०पु० से०) पुलिस अधीक्षक, रामगढ को गुप्त सूचना मिली की दो युवक राँची से गांजा लेकर पतरातु आने वाले है जो पतरातु रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर दिल्ली जाने वाले है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु गौरव गोस्वामी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातु के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त टीम के द्वारा पतरातु रेलवे स्टेशन आने वाले सभी मार्गों पर निगरानी रखते हुए चेकिंग किया जाने लगा। इसी क्रम में गरैवाटांड से पतरातु रेलवे स्टेशन जाने वाले पी०सी०सी० सड़क पुतरिया नदी पुल के पास दो व्यक्ति पुलिस को चेकिंग करता देख भागने लगे जिसे पुलिस बल के द्वारा खदेड़ कर पकड़ा गया। पकड़ाये व्यक्ति से नाम-पता पुछने पर अपना नाम 1. शत्रुधन कुमार, उम्र 25 वर्ष, पिता राजन राय, ग्राम-सिकंदरा, थाना-बाढ़, जिला-पटना (बिहार) वर्तमान पता-रोड़ नं0-02 खटाल पी०टी०पी०एस० पतरातु, थाना-पतरातु, जिला-रामगढ़ एवं 2. लालु कुमार उम्र करीब 19 वर्ष, पिता-राजेश्वर यादव, सा०-लक्ष्मीपुर महाराजगंज, थाना-पंडरा, जिला-पटना (बिहार) बताये तथा आगे बताये कि हमलोगों के बैंग में गांजा है जिसे हमलोग भुनेश्वर से ट्रेन व बस के माध्यम से राँची होते हुए पतरातु स्टेशन लाते है और यहाँ से ट्रेन से दिल्ली ले जाकर सकरपुर चार खम्भा, दिल्ली के पास के एक दुकान मे पहुँचाते है उसी के द्वारा हमलोग को भुनेश्वर (उड़ीसा) भेजा जाता था। दिल्ली वाले व्यक्ति का आदमी हमलोग को गांजा देता था, जिसे लेकर हमलोग दिल्ली पहुँचाते है। पकड़ाये दोनों व्यक्ति के बैंग की तलाशी बारी-बारी लिया गया जिसमें 1. शत्रुधन कुमार के पास से अलग-अलग प्लास्टिक टेप से लपेटा हुआ 06 पैकेट में कुल 11.801 कि०ग्रा० एवं 2. लालु कुमार के पास से अलग-अलग प्लास्टिक टेप से लपेटा हुआ 14 पैकेट में कुल 13.908 कि०ग्रा० गांजा बरामद किया गया। पकड़ाये व्यक्ति से बरामद गांजा से संबंधित वैध कागजात की मांग करने पर कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। तत्पश्चात पकड़ाये दोनों व्यक्ति के पास से बरामद गांजा, मोबाईल एवं बैंग को विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया तथा उक्त दोनों व्यक्ति को अवैध गांजा का खरीद-बिक्री एवं परिवहन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में पतरातु थाना काण्ड सं0-131/2025. दिनांक-22.05.2025, धारा-20 (बी) 2) (सी)/25/29 एन० डी०पी०एस० एक्ट दर्ज किया गया

## खूंटी में उद्यमिता पंजीकरण सह जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी** : झारखंड सरकार के उद्योग विभाग और झारखंड औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (जिडको) द्वारा एमएसएमइ क्षेत्र के प्रदर्शन एवं प्रतिस्पर्धात्मकता को सशक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे। विश्व बैंक समर्थित आरएएम(राइजिंग एंडएक्सलेरेटिंग पर फोरमेंस) कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को खूंटी में उद्यमिता पंजीकरण सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का प्रमुख उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमइ) को औपचारिक स्वरूप देना, पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाना तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी से उन्हें लाभान्वित करना था। कार्यक्रम के दौरान कई उद्यमियों ने पंजीकरण कराया, जिससे जिले में इनकी इकाइयों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। कार्यक्रम में महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र राजीव रंजन, निदेशक आरसेटी, निदेशक मैनेजर अभिनव राज उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला उद्यमी समन्वयक अतिन विश्वासी टोपनो ने किया। उल्लेखनीय है कि एमएसएमइ मंत्रालय की ओर से राज्य को रैंप कार्यक्रम के अंतर्गत दो परियोजनाओं औपचारिक करण तथा सुविधा केंद्रों की स्थापना को राज्य रैंप समिति की ओर से सात मार्च 2025 को स्वीकृति दी गई थी। इन परियोजनाओं के जिला स्तर पर क्रियान्वयन की जिम्मेदारी इओडडीबी मैनेजरों को सौंपी गई है।

## सभापति की अध्यक्षता में युवा कल्याण संस्कृति एवं पर्यटन विकास समिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : युवा कल्याण संस्कृति एवं पर्यटन विकास समिति का बैठक रांची विधानसभा स्थित कार्यालय में शुक्रवार को सभापति सविता महतो कि अध्यक्षता में किया गया। बैठक में युवा कल्याण संस्कृति एवं पर्यटन विकास को बढ़ावा देने को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही सभापति सविता महतो ने विभागीय अधिकारी को कोई जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं जुबाकर से संबंधित कौन-कौन सी योजनाएं केंद्र चलाई जा रही है, कौन सी योजना केंद्र द्वारा प्रायोजित है और कौन से राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित, जो योजना केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित है उसमें केन्द्रांश कितना है और राज्यांश कितना है,उसके संरक्षण एवं सुचारु रुप से संचालन कि व्यवस्था क्या है, साथ ही औसतम फुटबॉल क्या है, जो योजनाएं पहले से प्रारंभ है किंतु पूर्ण नहीं हो पाई है उनके कारण क्या है और उसपर व्यय कि स्थिति किया है, योजनाओं के सही रूप से संचालन के लिए बजटीय उपबंध किया है, नेतरहाट, बेतला नेशनल पार्क एवं अन्य पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था के क्या इंतजाम है, दलमा वन्यजीव अभयारण्य तक पक्की सड़क बनाने के साथ उसके आस पास के ग्रामीण क्षेत्र में बिजली, पेयजल, शौचालय एवं पक्की सड़क निर्माण करने, डिमना झील एवं चांडिल डैम के सौंदर्यीकरण एवं बोटिंग कि व्यवस्था करने के साथ उनके आसपास क्षेत्र में ऊर्जा, पेयजल शौचालय एवं पक्की सड़क निर्माण करने, पानला, डोबो डैम के आस पास पक्की सड़क का निर्माण करने, जयदा मंदिर में पर्यटन विभाग के निर्देश पर लगाए गए दो हाई मार्क्स लाइट खराब है उनके मरम्मती करने, नीमडीह के झीमड़ी में विगत 10 वर्षो से स्टेडियम का कार्य अब तक अपूर्ण होने के क्या कारण है, चांडिल के हुमिद स्थित साइन मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण करने के साथ बिजली पानी एवं शौचालय की व्यवस्था करने, चांडिल के काटीया ब्लॉक के सामने अवस्थित स्टेडियम और ईचागढ़ प्रखंड के पीलिद स्थित शहीद निर्मल महतो स्टेडियम की विशेष मरम्मती कराना, ग्लास ब्रिज कहा कहा बनाई जा रही है और उसकी अद्यतम स्थिति क्या है, अन्य राज्यों के तरह यहां के पहाड़ियों में उचित स्थान चिन्हित कर चाय बागान लगाया जाए जिससे पर्यटन एवं राजस्व बढ़ेगा।

## सिल्ली विधायक के द्वारा जनता दरबार का किया गया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिल्ली** : सिल्ली प्रखंड परिसर में शुक्रवार के दिन एकदिवसीय जनता दरबार का आयोजन किया गय। जनता दरबार में मुख्य रूप में सिल्ली के विधायक अमित कुमार महतो उपस्थित हुए। विधायक के द्वारा जनवरी माह में सिल्ली प्रखंड के 20 पंचायतों में जनता दरबार का आयोजन किया गया था जिसमें आमजनों की बहुत सारी समस्याएं बताई गई थी, जिसको लेकर सिल्ली विधायक प्रखंड परिसर के जनता दरबार में उपस्थित हुए। जनता दरबार में उपस्थित ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याओं को रखा। मौके पर ही विधायक के पहल पर बहुत सारी समस्याओं का निष्पादन प्रखंड के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। जनता दरबार में जिला परिषद सदस्य (पूर्वी) लक्ष्मी कुमारी ने भी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना।ग्रामीणों ने बिजली,पेयजल, जमीन विवाद, मैया सम्मान योजना,अबुआ आवास, वृद्धा पेंशन समेत अन्य कई समस्याओं को लेकर अपनी बातें रखीं। अबुआ आवास को लेकर लोग ज्यादा परेशान दिखे साथ ही मैय्या समान योजना को लेकर बहुत सी महिलाएं जनता दरबार में पहुंची। कार्यक्रम के दौरान अंचलाधिकारी अरुणिमा एक्का, प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार, सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर, मुरी ओपी के अवर निरीक्षक उत्तम कुमार, विद्युत विभाग के कनीय अभियंता, पेय जल विभाग के कनीय अभियंता, कृषि पदाधिकारी एवं हर पंचायत के पंचायत सचिव मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सिल्ली प्रखंड के आमजनताओ ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के सक्रिय कार्यकताओं समेत विभिन्न गांवों के ग्रामीण मौजूद रहे।

## पत्नी की हत्या कर फरार युवक ने किया कोर्ट में सरेंडर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू** : पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र के नौडीहा में नवविवाहित पत्नी सिमरन उर्फ सुखू की हत्या कर फरार विनीत सिंह ने शुक्रवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। केवल विनीत ने ही आत्मसमर्पण किया है। परिवार के अन्य सदस्य फरार हैं। कोर्ट ने विनीत को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उल्लेखनीय है कि 19 मई सोमवार रात नवविवाहिता सिमरन उर्फ सुखू की गोली लगने से मौत हो गई। अवैध संबंध का विरोध करने पर पति ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी थी। सात फरवरी 2025 को सिमरन की शादी हुई थी। घटना के बाद से ससुराल पक्ष के लोग घर का दरवाजा बंद कर फरार चल रहे हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए उनके संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। इसी बीच पुलिस के बढते दबाव को देखते हुए आरोपित पति ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन माह का खाद्यान्न अग्रिम उठाव को लेकर विधायक ने डीलरों के साथ की बैठक

**सरिया(गिरिडीह)** : सरिया महाविद्यालय के बहुउद्देशीय भवन में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत माह जून, जुलाई,अगस्त 2025 का खाद्यान्न अग्रिम उठाव संबंधित बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से बगोदर विधायक नागेंद्र महतो सम्मिलित हुए। इस बैठक में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सहित सरिया के तमाम पीडीएस डीलर उपस्थित बैठक को निर्देशित करते हुए विधायक महतो ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत उक्त तीन माह के खाद्यान्न की अग्रिम उठाव से संबंधित जानकारी सभी पीडीएस डीलर उपभोक्ताओं को दें। निर्धारित अवधि में युद्ध स्तर पर राशन वितरण करें। वहीं कहा कि एक माह तक एक भी दिन राशन दुकान बंद ना रखें। किसी भी तरह की शिकायत मिलने व कोताही करने पर उचित कार्रवाई करने की बात कही। इस कार्य में स्थानीय जन प्रतिनिधियों से भी राशन वितरण कार्य का निगरानी कर सहयोग करने की बात कही। इस बैठक में प्रमुख प्रीति कुमारी, बीडीओ ललित नारायण तिवारी, जिप सदस्य अनूप पांडेय, जिप सदस्य प्रतिनिधि हरिहर मंडल, सांसद प्रतिनिधि विनोद यादव उप प्रमुख रामदेव यादव, एमओ अनूप सिन्हा सहित जन प्रतिनिधिगण,जन वितरण के दुकानदार व कई अन्य लोग मौजूद रहें।

### आरपीएफ ने स्टेशन परिसर में चलाया जागरूकता अभियान



**सरिया (गिरिडीह)** : गुरुवार को हजारीबाग रोड आर पी एफ के अधिकारी एवं स्टाफ द्वारा के द्वारा हजारीबाग रोड स्टेशन पर प्रतीक्षारत यात्रियो के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान चलती गाड़ी पर स्टोन पत्थर बाजी नहीं करना, बाल एवं मानव तस्करी नहीं करने, यात्रा के दौरान अनजान यात्रियों से खाने-पीने की चीजें नहीं लेने, यात्रा के दौरान पर्याप्त कारण के बिना आपातकालीन जंजीर खींच कर गाड़ी नहीं रोकना, अनाधिकृत रूप से रेलवे ट्रैक पार नही करने, रेलवे के बंद फाटक को पार नहीं करने, ट्रेन के पायदान पर बैठकर यात्रा नहीं करने, अनाधिकृत रूप से आरक्षित कोच में यात्रा नहीं करने, मालगाड़ी में रोक कर कोयला चोरी नहीं करने, रेल संपत्ति की चोरी नहीं करने, सिग्नल उपकरणों के साथ छेड़छाड़ नहीं करने, ट्रेन और रेल परिक्षेत्र में गंदगी नहीं फैलाने, विस्फोटक,ज्वलनशील पदार्थ साथ लेकर यात्रा नहीं करने एवं संदिग्ध वस्तु दिखाई देने पर आरपीएफ या जीआरपी को तुरंत सूचित करने और यात्रा के दौरान कोई परेशानी होने पर 139 पर कॉल कर सहायता के बाबत जागरूक किया गया। साथ ही यह बताया गया रेल परिसर या ट्रेन में अचानक कोई दुर्घटना होती है तो रेल प्रशासन द्वारा जारी किए गए निदेर्शों का पालन करें और सहयोग करें। यात्रियों को उक्त के संबंध में कानूनी प्रावधानों से भी अवगत कराया गया। इस दौरान आरपीएफ के उप निरीक्षक लखन देव सिंह के अलावा काफी संख्या में सुरक्षा कर्मी भी मौजूद रहे।

### फाइलेरिया के प्रति लोगों को किया गया जागरूक



**मुरी**: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिल्ली के डॉक्टर विवेक कुमार की टीम ने शुक्रवार को छोटामुरी में लोगों के बीच फाइलेरिया किट का वितरण किया और इसका उपयोग बताकर लोगों को इसके प्रति जागरूक किया। डॉ विवेक कुमार ने लोगों को बताया कि फाइलेरिया का लक्षण दिखने पर रोगियों को घबराने की जरूरत नहीं है बल्कि अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर चिकित्सक से परामर्श अवश्य लें ताकि शुरूआती दौर में ही फाइलेरिया पर नियंत्रण पाया जा सके।सामान्य रूप से फाइलेरिया होने पर रोगियों को मौसमी और संतुलित आहार लेने की जरूरत है क्योंकि यह आहार उनके शरीर के लिए सबसे ज्यादा उपयोगी होता है। भोजन में विटामिन युक्त आहार आवश्यक रूप से लें क्योंकि बैक्टीरिया को मारने के लिए विशेष गुण भी होते हैं साथ ही लोगों को परामर्श दिया कि सोने से पहले मच्छरदानी का उपयोग हमेशा करें। अपने आसपास के क्षेत्रों में साफ सफाई पर विशेष रूप से ध्यान दें ताकि गंदगी ना फैले, चूकीं गंदगी के कारण ही मच्छर उत्पन्न होते हैं। इस कीट के अंतर्गत बाल्टी, शेवलोन, रुई, पाउडर, दवा इत्यादि दी गई।

# शादी के पांचवें दिन कंप्यूटर सॉफ्टवेयर इंजीनियर का फंदे से लटका मिला शव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू** : यूं तो शादी जन्मोजन्म का रिश्ता होता है लेकिन जब यह रिश्ता शादी के पांच दिन बाद मातम में बदल जाए तो दो परिवारों में टूट पड़ जाती है। जी हां ऐसा ही कुछ मामला जिले के नावाजयपुर थाना क्षेत्र के धंगरडीहा से सामने आया है। यहां शादी के पांचवें दिन कंप्यूटर सॉफ्टवेयर इंजीनियर ऋषिका सिन्हा उर्फ मीणा, पति अनुज कुमार सिन्हा का फंदे से लटका शव बरामद किया गया। नव विवाहिता की शादी 17 मई को हुई थी। धंगरडीहा के अलख निरंजन प्रसाद के बेटे अनुज कुमार सिन्हा की शादी आलमगंज पटना के महेंद्र प्रसाद की पुत्री ऋषिका सिन्हा उर्फ मीणा के साथ हुई थी। अनुज जबलपुर गन फैक्ट्री में सरकारी नौकरी में है, वही लड़की ऋषिका सिन्हा उर्फ मीणा कंप्यूटर सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में दिल्ली में कार्य करती थी। धंगरडीहा से 17 मई को धूमधाम के साथ अनुज की बारात आलमगंज गई और रात्रि में शादी हुई और बारात 18 मई को घर वापस आयी। तब तक सब ठीक-ठाक था, लेकिन 22 मई की रात्रि में करीबन 10 बजे नव विवाहिता का शव उसके कमरे में लगे पंखे में दुपट्टा के फंदे से झूलता हुआ देखा गया। शुक्रवार को इस घटना की सूचना मायके पक्ष को दी गई। लड़की के पिता महेंद्र प्रसाद ने बताया कि उसकी बेटी रिषिका की निर्मम हत्या कर दी गई है। इस हत्या के पीछे अनुज कुमार सिन्हा व उसके पिता अलख निरंजन प्रसाद, माता सरस्वती देवी, तथा अनुज कुमार के चारो भाई अविनाल कुमार सिन्हा, अनुप कुमार सिन्हा, आनंद कुमार सिन्हा, अनुराग कुमार सिन्हा का हाथ है। हमलोगों ने उपहार स्वरूप पांच लाख रुपये के सामान दिये थे। बेटी की तबियत खराब होने के बावजूद लड़का ने शारीरिक शोषण व दहेज के रूप मे पैसों की डिमांड कर लड़की को प्रताड़ित किया। सूचना मिलने पर नावाजयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडे दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं शव को परिजनों के समक्ष फंदे से उतारा और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मायके वाले की तरफ से आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। मामले में जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

पत्रांक :- न०प०/............................/2025

**कार्यालय नगर परिषद सिमडेगा**
ई-मेल :-simdeganagar@yahoo.in

**आम सूचना**

एतद्वारा सर्वसाधारण केसूचित किया जाता है कि मकान बनाने से पूर्व नगर परिषद सिमडेगा कार्यालय से नक्शा पारित कराकर निर्माण कार्य कराने का प्रावधान है।बिना नक्शा पारित कराये मकान निर्माण कराना अवैध है। बिना अनुमतिमका ननिर्माण करने वाले पर झारखण्ड नगरपालिक अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत् दसलाख तक जुर्माना अधिरोपित की जायेगी।

प्रशासक,
नगर परिषद सिमडेगा।

PR.NO.353295 Simdega(25-26):D

**OFFICE OF THE SUPERINTENDENT, SHEIKH BHIKHARI MEDICAL COLLEGE HOSPITAL, HAZARIBAG**

**SHORT TERM TENDER**

**NOTICE INVITING TENDER FOR HIGH END PHACOEMULSIFICATION SYSTEM**

(Tender : 01/2025-26 /SBMCH Dated: 08.05.2025)

प्रकाशित विज्ञापन सं0 01/2025-26 के पत्रांक 841 दिनांक 07.05.2025, PR.No. 351874 (www.jharkhandtenders.gov.in) के द्वारा Phaco Emulsification System and Operating Microscope के लिए निकाली गई अल्पकालिन निविदा में Phaco Emulsification System Machine के निविदा की शेष शर्तो के निम्न बिन्दुओं पर संशोधित किया जाता है जिसे वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा की शेष शर्ते यथावत रहेगी।

| Sl. No. | Tender Terms | Amendment Requested | Amendment Accepted Yes/No |
|---|---|---|---|
| 06. | It should have at least 20 surgeon's memory with name and Phaco Program so each surgeon's individual program can be saved. | It should have 10 to 20 surgeon's memory with name and Phaco Program so each surgeon's individual program can be saved | No |
| 07. | It should have non-contaminating fluidics system with cassette based tubing set | It has non- contaminating fluidics system with tubing set or cassette based tubing set | No |
| 11. | It should have option of continue flow cutter 20G, 23G, 25G,27G | It should have option of continue flow cutter 20G, 23G, 25G or 27G | No |
| 15. | It should be provided with an Ultrasound Phaco handpiece of Titanium with 3 meters or more cable length | It should be provided with an Ultrasound Phaco handpiece of Titanium with 2 meter of more cable length. | Yes |
| 23. | System which has 4 digit European CE or USFDA Certification | ISO 13485/BIS/4 Digit European CE/USFDA | Yes |
| | Request you to please remove the clause for 50% make in India product, as there are only a few OEM's for this category, therefore by eliminating this point there could be a wider participation | | Yes |
| | ISO certifications are limited to machines and bidders, different machines have different standards and bidders have different ISO applicable on them, therefore please name the necessary amendment as ISO 9001:2015 must be applicable. | | Yes |
| | Request you to bifurcate the tender EMD amount, in case if a bidder wants to participate only for one item. | | Yes |

Letter no - 986 Date- 23-05-2025

Sd/-
Superintendent,
Sheikh BhikhariMedical College Hospital, Hazaribag.

PR 353374 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)#D

# क्यों जनता भ्रष्टाचार का अनचाहा भार ढ़ोये?

विभिन्न राजनीतिक दलों, विभिन्न प्रांतों की सरकारों, विभिन्न गरीब कल्याण की योजनाओं, न्यायिक क्षेत्र एवं उच्च जांच एजेंसियों में भ्रष्टाचार की बढ़ती स्थितियां गंभीर चिन्ता का विषय है। ऐसा लगता है आज हम जीवन नहीं, राजनीतिक, न्यायिक एवं प्रशासनिक मजबूरियां जी रहे हैं। ऐसा भी लगता है न्याय, राजनीति एवं प्रशासन की सार्थकता एवं साफ-सुथरा उद्देश्य नहीं रहा, स्वार्थपूर्ति का जरिया बन गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के द्वारा एक असामान्य घटनाक्रम के तहत भ्रष्टाचार के एक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के तीन अधिकारियों को उसी सीबीआई की हिरासत में भेज देना न केवल चिन्ताजनक एवं शर्मनाक है बल्कि विडम्बनापूर्ण है। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का बुगल बजाय हुए है, जिससे राजनीति में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण का नया सूरज उदित होता हुआ दिखाई दे रहा है, लेकिन सीबीआई जैसी जांच एजेन्सी में भ्रष्टाचार का पदार्फाश होना इस सूरज को उदित होने से पहले ही अंधेरा की ओट में ले रहा है। इससे भी बड़ी त्रासद एवं निराशाजनक है गुजरात में 71 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले में मंत्री बच्चू भाई खाबड़ के दो बेटों का गिरफ्तार होना। राजनीति एवं कार्यपालिका के साथ न्याय पालिका के क्षेत्र में जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से बड़ी मात्रा में कथित तौर पर नकदी मिलना भ्रष्टाचार के सर्वत्र व्याप्त होने को दर्शा रहा है। जनता कब तक भ्रष्टाचार का अनचाहा भार ढ़ोती रहेगी। कैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचारमुक्त आदर्श राष्ट्र-निर्माण के अपने लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे? कैसे आजादी के अमृत काल में ईमानदार राष्ट्र बना पायेंगे? न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने 25 अप्रैल को सीबीआई के तीन अधिकारियों के भ्रष्टता पर अपने आदेश में कहा कि यह सीबीआई, ईडी और ऐसे अन्य विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार का अनूठा मामला है, जिसने हमारी कार्यपालिका और जांच तंत्र की पूरी संरचना को हिलाकर रख दिया है। इन एजेंसियों का प्राथमिक कर्तव्य अपराध की जांच करना और भ्रष्टाचार के दोषियों को सजा दिलाना है। लेकिन इन उच्च जांच एजेन्सियों के आला अधिकारी ही भ्रष्ट हो तो दूसरों के भ्रष्टाचार मामलों में निष्पक्ष एवं तीक्ष्ण जांच की उम्मीद कैसे संभव है? सीबीआई-भ्रष्टाचार एकमात्र मामला नहीं है, बल्कि यह विभिन्न विभागों के अधिकारियों के बीच एक ह्यबड़ी साजिशह्ल को दशार्ता है, जो अनुचित लाभ या प्रभाव डालने समेत इन विभागों के कामकाज में हस्तक्षेप करने के लिए रिश्वत के मामले को दशार्ता है। अब सर्वोच्च न्यायालय के जज भी ऐसे मामलों में लिप्त हो तो समस्या की गंभीरता को सहज ही समझा जा सकता है। निश्चित ही भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में जस्टिस वर्मा केस एक दुर्लभ एवं संवेदनशील मौका है। अब इसकी वजह से न्यायपालिका की गरिमा को ठेस न पहुंचे और जनता का भरोसा बना रहे, इसके लिए पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने मामले से जुड़ी जानकारियों को देश से साझा किया। साथ ही, उनकी पहल पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा भी सार्वजनिक किया। जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर किया गया और जांच कमिटी बनाकर उसकी रिपोर्ट सरकार व राष्ट्रपति के पास भेजकर महाभियोग की सिफारिश कर दी गई है। यहां से अब गेंद सरकार और संसद के पाले में है। महाभियोग ही एकमात्र तरीका है, जिससे सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के मौजूदा जजों को हटाया जा सकता है। लेकिन, आजाद भारत के इतिहास में आज तक ऐसा नहीं हुआ। इसके पहले, भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश सौमित्र सेन के खिलाफ महाभियोग चला था, लेकिन लोकसभा में वोटिंग से पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया यानी वहां भी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी। अब अगर जस्टिस वर्मा का यह मामला महाभियोग तक पहुंचता है, तो वहां भी एक लंबी प्रक्रिया चलेगी। लेकिन विचार करने वाली बात यह है कि क्या न्यायपालिका की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रखते हुए प्रक्रिया की जटिलता को कम किया जा सकता है? ताकि जजों के भ्रष्टाचार की उचित सजा उनको मिल सके, ऐसी प्रक्रिया से ही न्यायपालिका बिना किसी डर, दबाव या लालच के अपना कर्तव्य भी निभा सके।

## सूडोकु नवताल- 7439

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -7438 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

# किशोरों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति गंभीर चुनौती

**ललित गर्ग**

भारतीय बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एवं क्रूर मानसिकता चिन्ताजनक है, नये भारत एवं विकसित भारत के भाल पर यह बदनुमा दाग है। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी, मर्मांतक एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम एवं क्रूर हत्या की हृदयविदारक घटना न केवल उद्वेलित एवं भयभीत करने वाली है बल्कि चिन्ताजनक है। चौदह-पंद्रह साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली डरावनी एवं खैफनाक घटना है, जो किशोरों में पनप रहे हिंसक बर्ताव एवं हिंसक मानसिकता का घिनौना एवं घातक रूप है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। जाहिर है दसवीं-ग्यारहवीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता को भी दशार्ती है। ऐसी कई अन्य घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। अमेरिका की तर्ज पर भारत के बच्चों में हिंसक मानसिकता का पनपना हमारी शिक्षा, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचना पर कई सवाल खड़े करती है।

जैसाकि घटना से संबंधित तथ्यों में बताया गया कि हत्या में शामिल युवक धनौरी गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे। निश्चय ही ऐसे छेड़खानी के कथित आरोप को नैतिक दृष्टि से अनुचित ही कहा जाएगा, लेकिन उसका बदला हत्या कदापि नहीं हो सकती। यह दुखद है कि एक मृतक किशोर अरमान पांच बहनों का अकेला भाई था। घटना से उपजी त्रासदी से अरमान के परिवार पर हुए वज्रपात को सहज महसूस किया जा सकता है। उनके लिये जीवनभर न भुलाया जा सकने वाला दुख एवं संत्रास पैदा हुआ है। बड़ा सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता एवं हिंसा पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है? पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर सिनेमा तक उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मनःस्थितियों के बारे में सरकार, समाजकर्मी एवं अभिभावक क्या समाधान खोज रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा?

बहरहाल, इस हृदयविदारक एवं त्रासद घटना ने नयी बन रही समाज एवं परिवार व्यवस्था पर अनेक सवाल खड़े किये हैं। सवाल नये बन रहे समाज की नैतिकता एवं चरित्र से भी जुड़े हैं। निश्चित ही किसी परिवार की उम्मीदों का यूं कत्ल होना मर्मांतक एवं खौफनाक ही है। लेकिन सवाल ये है कि चौदह-पंद्रह साल के किशोरों पर यूं किन्हीं लड़कियों को छेड़ने के आरोप क्यों लग रहे हैं? पढ़ने-लिखने की उम्र में ये सोच कहां से आ रही है? क्यों हमारे अभिभावक बच्चों को ऐसे संस्कार नहीं दे पा रहे हैं ताकि वे किसी की बेटी व बहन को यूं परेशान न करें? क्यों लड़कियों से छेड़छाड़ की अश्लील एवं कामुक घटनाएं बढ़ रही है। क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था में नैतिक शिक्षा का वह पक्ष उपेक्षित हो चला है, जो उन्हें ऐसा करने से रोकता है? क्या शिक्षक छात्रों को सदाचारी व नैतिक मूल्यों का जीवन जीने की प्रेरणा देने में विफल हो रहे हैं? हत्या की घटना हत्यारों की मानसिकता पर भी सवाल उठाती है कि उन्होंने क्यों सोच लिया कि छेड़खानी का बदला हिंसा एवं क्रूरता से गला काटना हो सकता है? धनौरी की घटना के पूरे मामले की पुलिस अपने तरीके से जांच करेगी, लेकिन किशोर अवस्था में ऐसी घटना को अंजाम देने के पीछे बच्चे की मानसिकता का पता लगाना भी ज्यादा जरूरी है। दरअसल, दशकों तक बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों ने समाज एवं विशेषतः किशोर पीढ़ी में जिस अपसंस्कृति का प्रसार किया, आज हमारा समाज उसकी त्रासदी झेल रहा है। इसमें दो राय नहीं कि किशोरवय में राह भटकने का खतरा ज्यादा रहता है।

अब तक हिन्दी सिनेमा से समाज के किशोरवय और युवाओं में गलत संदेश गया कि निजी जीवन में छेड़खानी ही प्रेम कहानी में तब्दील हो सकती है। हमारे टीवी धारावाहिकों की संवेदनहीनता ने गुमराह किया है। बॉक्स आफिस की सफलता और टीआरपी के खेल ने मनोरंजक कार्यक्रमों में ऐसी नकारात्मकता एवं हिंसक प्रवृत्ति भर दी कि किशोरों में हिंसक एवं अराजक सोच पैदा हुई। इंटरनेट के विस्तार और सोशल मीडिया के प्रसार से स्वच्छंद यौन व्यवहार का ऐसा अराजक एवं अनियंत्रित रूप सामने आया कि जिसने किशोरों व युवकों को पथभ्रष्ट एवं दिग्भ्रमित करना शुरू कर दिया। आज संकट ये है कि हर किशोर के हाथ में आया मोबाइल उसे समय से पहले वयस्क बना रहा है। जिस पर न परिवार का नियंत्रण है और न ही शिक्षकों का। 'मन जो चाहे वही करो' की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वछन्द हो जाते हैं। अर्थप्रधान दुनिया में माता-पिता के पास बच्चों के साथ बिताने के लिए समय ही नहीं बच पा रहा।

आज किशोरों एवं युवाओं को प्रभावित करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व नये-नये एप पश्चिमी अपसंस्कृति से संचालित हैं। इन पर अश्लीलता और यौन-विकृतियों वाले कार्यक्रमों का बोलबाला है। ऐसे कार्यक्रमों की बाढ़ हैं जिनमें हमारे पारिवारिक व सामाजिक रिश्तों में स्वच्छंद यौन व्यवहार को हकीकत बनाने का खेल चल रहा है। पारिवारिक एवं सामाजिक उदासीनता एवं संवादहीनता से ऐसे बच्चों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता। वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे बच्चों में मान-मयार्दा, शिष्टाचार, संबंधों की आत्मीयता, शांतिपूर्ण सहजीवन आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं एवं यौनाचार ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। भारतीय बच्चों में इस तरह का एकाकीपन उनमें गहरी हताशा, तीव्र आक्रोश और विषैले प्रतिशोध का भाव भर रहा है। वे मानसिक तौर पर बीमार बन रहे हैं, वे आत्मघाती-हिंसक बन रहे हैं और अपने पास उपलब्ध खतरनाक एवं घातक हथियारों का इस्तेमाल कर हत्याकांड कर बैठते हैं।

ऑस्ट्रिया के क्लागेनफर्ट विश्वविद्यालय की ओर से किशोरों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि दुनिया भर में 35.8 प्रतिशत से ज्यादा किशोर मानसिक तनाव, अनिद्रा, अकारण भय, पारिवारिक अथवा सामाजिक हिंसा, चिड़चिड़ापन अथवा अन्य कारणों से जूझ रहे हैं। एकाकीपन बढ़ने से वे ज्यादा आक्रामक और विध्वंसक सोच की तरफ बढ़ने लगे हैं। मोबाइल व कथित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बह रहे नीले जहर से किशोर अराजक यौन व्यवहार एवं हिंसक प्रवृत्तियों की तरफ उन्मुख हुए हैं। किशोरों को समझाने वाला कोई नहीं है कि यह रास्ता आत्मघात का है। आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड व ब्रिटेन जैसे देश किशोरों को मोबाइल से दूर रखने हेतु कानून बना रहे हैं। हमारे देश में भी शीर्ष अदालत ने समय-समय पर ऐसी घटनाओं पर तल्ख टिप्पणियां की हैं। क्या इन दर्दनाक घटनाओं से हमारे अभिभावकों, समाज-निमार्ताओं एवं हमारे सत्ताधीशों की आंख खुलेगी? बच्चों से जुड़ी हिंसा की इन वीभत्स एवं त्रासद घटनाओं से जिन्दगी सहम गयी है।

# सिर्फ स्मारिका नहीं है तानसेन की 'स्वरित'

**सुभाष अरोड़ा**

जीवन में जितनी अयथेष्टा, रिक्तता, खालीपन है,उसको भरना और भरते रहना कलाकार का काम है।

यह कथन था महान कला मर्मज्ञ आनंद कुमार स्वामी का। वह 'भारतीय' को सनातन प्रवाह के रूप में देखते थे और यह महसूस करते थे कि भारत में कोई चीज पुरानी नहीं होती, कोई चीज नई भी नहीं होती, भारत में वस्तु बार-बार पैदा होती रहती है, पुनः पुनः जायमान होती रहती है। यह जो उषा की तरह पुनः पुनः जायमान होना है वही असली मानवीय संस्कार है। उक्त उद्गार विद्वान विद्यानिवास मिश्र ने राय कृष्ण दास स्मारक व्याख्यान माला में आनंद कुमार स्वामी पर विस्तृत चर्चा करते हुए व्यक्त किए थे। ग्वालियर में विगत 100 वर्ष से निरंतर आयोजित होने वाले तानसेन संगीत समारोह की स्मारिका 'स्वरित' को पाकर सहज ही उनकी यह बातें अधिक प्रासंगिक प्रतीत होने लगी।

'स्वारित' के संपादन में डॉक्टर दिनेश पाठक ने पूरी संगीत निष्ठा से अतीत स्मृति प्रबंधन की खूबसूरत मिसाल पेश की है। 'तानन प्रथम तानसेन' में उन्होंने तन्ना... मनसुख... त्रिलोचन यानी तानसेन का विस्तार से परिचय कराया है। तानसेन 27 बरस अकबर के दरबार में रहे और 'कंठाभरणवाणी विलास' की उपाधि से विभूषित होकर सम्मानित हुए। उनके दुनिया से विदा होने पर बादशाह अकबर ने कहा था तानसेन की मौत मौसिकी के लिए सदमा है। हजारों हजार साल में शायद ही कोई फन-ए- मौसिकी में उसकी बराबरी कर सकेगा। अबुल फजल 'आइने अकबरी' में तानसेन का परिचय देते हुए लिखते हैं मियां तानसेन ग्वालियर निवासी जिसके समान अन्य कोई गायक,भारत में पिछले एक हजार वर्ष से नहीं हुआ।

स्मारिका में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी द्वारा 1907 की सरस्वती में प्रकाशित 'संगीत के स्वर' आलेख का भी पुनः प्रकाशन किया है। भारतीय संगीत के सूक्ष्म और शास्त्रीय ज्ञान की सराहना करते हुए उन्होंने लिखा था कि यूरोप वालों को मूच्छना और गमक आदि का अब तक ज्ञान नहीं है। काव्य शास्त्र की तरह भारतीय संगीत शास्त्र भी बहुत बढ़ा-चढ़ा है। इसी लेख में उन्होंने प्रमाणिक भारतीय संगीत ग्रंथों का उल्लेख करते हुए संगीत पर विस्तार से प्रकाश डाला है। एक अन्य लेख 'संगीत का मूलाधार एक है' में उस्ताद अमजद अली खान भारतीय संगीत के सात स्वरों सा, रे, गा, मा, पा,धा, नी की तुलना पश्चिम के डो,री, मी, फा, ला, टी से करते हुए लिखते हैं कि संगीत पूरी दुनिया को एक सूत्र में पिरोता है।

गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर संगीत को कला का 'विशुद्धतम' रूप निरूपित करते हुए कहते हैं कि संगीत सौंदर्य को बड़े शुद्ध रूप में प्रकट करता है। गायक के सभी साधन उसके अंतर में विद्यमान होते हैं। स्वरों का उदय उसके जीवन से होता है। उसे बाहरी उपकरणों की पराधीनता नहीं । प्रोफेसर मुकुंद लाठ 'स्वर और शब्द' में लिखते हैं हमारा संगीत पक्का या 'शास्त्रीय' राग संगीत भी अपने आप को गाने में ही पहले देखता है बजाने में बाद में। शास्त्रों में गीत को प्रधान कहा गया है और आज भी सहृदयों में यही मान्यता रही है। सवाल उठता है कि संगीत में शब्द का स्थान क्या है? राग- संगीत में यह सवाल उठता ही नहीं। शिकायत रहती है राग-संगीत साहित्य का ध्यान क्यों नहीं रखता। शब्द के सौंदर्य या साहित्य की बात को छोड़िए, राग संगीत के गायक शब्दों के सही उच्चारण की भी परवाह नहीं करते पर थोड़ा सोचें तो शिकायत अजीब लग सकती है। संगीत स्वरों में होता है शब्दों में नहीं तभी राग बजाने में भी उतना ही राग होता है जितना गाने में।

'वाग्गेयकार तानसेन' में विनायक नारायण सप्रे कहते हैं की संगीत रत्नाकर तथा रागतरंगिणी पुस्तकों में वाग्गेयकार के जो 28 गुण बताए हैं, उनमें से लगभग सभी तानसेन के संगीत एवं काव्य में विद्यमान थे किंतु एक विलक्षण संगीतज्ञ के रूप में तानसेन की प्रसिद्ध इतनी विस्तृत थी कि उनके व्यक्तित्व के उस दूसरे आयाम के संबंध में चर्चा कम ही हो सकी जबकि एक उत्कृष्ट कवि के तौर पर तानसेन ने विभिन्न राग रागनीयों में असंख्य पदों की रचना की।

प्रोफेसर सुनीरा कासलीवाल व्यास अपने लेख 'तानसेन और हिंदुस्तानी संगीत' में राग दरबारी, मियां की मल्हार, मियां की तोड़ी, और मियां की सारंग की विस्तृत चर्चा के साथ तानसेन के वंशजों के संगीत के समर्पण का उल्लेख करते हुए लिखती हैं, तानसेन के वंशजों की कठिन संगीत साधना, अपनी परंपरा को बनाए रखने की जी तोड़ ललक और रागों की ओर बंदिशों की शुद्धता के प्रति उनकी अपार निष्ठा का ही यह परिणाम है कि तानसेन के देहावसान के लगभग 500 वर्ष पश्चात भी उनका संगीत, सृजित विभिन्न राग और उनके द्वारा रचित बंदिशें आज के विद्यार्थियों को उपलब्ध हैं।

वरिष्ठ ध्रुपद गायक पंडित सुखदेव चतुवेर्दी ने 'ध्रुपद धमार गायन शैली के विकास में तानसेन के अभूतपूर्व योगदान' पर सारगर्भित प्रकाश डाला है। लेख में तानसेन की विलक्षण प्रतिभा का जिक्र करते हुए लिखते हैं कि वह दस वर्ष की आयु में आवाज की हूबहू नकल करने और पशु पक्षियों की आवाज निकालने में माहिर थे। शेर जैसी दहाड़ मार कर सबको डरा देने वाले तानसेन की प्रतिभा को पहचान कर ध्रुपद शिरोमणि स्वामी हरिदास तानसेन को अपने साथ वृंदावन ले गए और बारह वर्ष तक संगीत साधना द्वारा उन्हें राग सिद्ध करवाए।

स्मारिका में वरिष्ठ पत्रकार और सम्पादक चंद्रवेश पांडे द्वारा तानसेन अलंकरण से विभूषित प्रख्यात तबला नवाज पंडित स्वप्न चौधरी से लंबी बातचीत भी शामिल है। पंडित स्वप्न चौधरी बाबा तानसेन के नाम से मिले सम्मान को ईश्वर के प्रसाद तुल्य निरूपित करते हैं। साथ ही स्मारिका में शामिल है 'महाराजा मानसिंह तोमर का भारतीय संगीत में योगदान' लेखक हैं पंडित शंकर नारायण राव पंडित। प्रयाग शुक्ल का 'कलाओं में रितु प्रसंग' साथ ही मानकोतूहल के दस अध्यायों का विश्लेषण प्रोफेसर रंजना टोणपे द्वारा। डॉक्टर नर्मदा प्रसाद उपाध्याय के सौजन्य से आवरण पृष्ठ और स्मारिका के भीतर भी लघु चित्र शैली की राग माला पेंटिंग्स का अपना ही विशिष्ट आकर्षण है। साथ ही उनका लेख 'लघु चित्रों में राग माला के अंकन' स्वरों को रंग और रेखाओं की रहस्य भरी दुनिया में सजीव होने की प्रक्रिया को समझता है।

'उन्हें याद सब है जरा जरा... ' में प्रख्यात बांसुरी वादक हरिप्रसाद चौरसिया उन दिनों की याद करते हैं जब ग्वालियर वायु मार्ग से नहीं जुड़ा था और संगीतज्ञ रेलगाड़ी से किसी तरह ग्वालियर पहुंचते थे। एक बार वह और प्रख्यात गायिका किशोरी अमोनकर मुंबई से रेलगाड़ी द्वारा ग्वालियर पहुंचे तब उन्हें लेने एक खटारा किस्म की गाड़ी आई थी और उसमें बैठ ठहरने वाले हाल नुमा स्थान पर पहुंचे जहां दिग्गज संगीतज्ञ ठहरे थे। बावजूद सब परेशानियों के प्रस्तुति देने के आनंद की अनुभूति अविस्मरणीय रहती। वर्षों तक बड़ी मेहनत कर ऑल इंडिया रेडियो और मध्य प्रदेश शासन ने समारोह को मौजूदा मुकाम तक पहुंचाया है।

93 वर्षीय भरत लाल शर्मा का संस्मरण तथा अन्य श्रोताओं के अनुभव भी गुजरे जमाने की यादों को ताजा कर देते हैं। 'उन्होंने कहा था... 'वर्ग में प्रख्यात संगीतकारों की स्मृतियां और खासकर भारत रत्न लता मंगेशकर का संगीत पुरुष तानसेन को अद्भुत करार देना और ताउम्र उच्च कोटि के स्वरों की प्रतीक्षा करते रहने का जज्बा हमें संगीत की उस ऊंचाई से परिचित कराता है जहां कुछ अद्भुत होने की संभावनाएं सदा बनी रहती हैं। ग्वालियर में भी स्वरों के प्रति ऐसी ही प्यास है जो सदियों से आज तक अनबुझी है जो सदैव तानसेन का स्मरण करती है। जिसके फल स्वरुप ग्वालियर दुनिया में एकमात्र ऐसा स्थल है जहां एक सदी से निरंतर संगीत पुरुष तानसेन की स्मृति में श्रद्धा पर्व (संगीत यज्ञ) निरंतरता पूर्ण जारी है। दुनिया भर के संगीत प्रेमी इस अवसर का लाभ लेने तानसेन समारोह में हाजिरी लगाते हैं। स्मारिका संगीत प्रेमियों, रसिकों, विद्यार्थियों और सुधि पाठकों के लिए ज्ञान का भंडार है। साथ ही शोध छात्रों के लिए संदर्भ ग्रंथ भी।

**(लेखक, प्रतिष्ठित मूर्तिकार हैं।)**

# अमर बलिदानी करतार सिंह सराभा का स्मरण जरूरी है

**रमेश शर्मा**

अमर बलिदानी करतार सिंह सराभा क्रांतिकारियों के आदर्श थे। सुप्रसिद्ध सरदार भगत सिंह भी उन्हें अपना गुरु और प्रेरणास्रोत मानते थे। उन्नीस वर्ष की आयु में जब करतार को फांसी पर चढ़ाया गया तब उन्होंने कहा था कि मुझे गर्व है कि मैं अपने पूर्वजों की परंपरा के अनुरूप मातृभूमि के लिए प्राण दे रहा हूं। ऐसे अमर बलिदानी क्रांतिकारी करतार सिंह का जन्म 24 मई, 1896 को लुधियाना जिले के ग्राम सराभा में हुआ था। इनके पिता मंगल सिंह गांव के एक संपन्न और प्रतिष्ठित किसान थे। माता साहिब कौर धार्मिक विचारों की महिला थीं और गुरुद्वारे से जुड़ी थीं। करतार सिंह अभी केवल पांच वर्ष के थे कि उनके माता-पिता का देहान्त हो गया। उनका पालन पोषण उनके दादाजी ने किया। उनकी प्रारंभिक शिक्षा खालसा स्कूल लुधियाना में हुई। उनके चाचा ओडिशा में रहते थे। आगे की पढ़ाई के लिए चाचा के पास गए। चाचा ने उन्हे पढ़ने के लिए सैन फ्रांसिस्को भेज दिया। तब उनकी आयु केवल चौदह वर्ष थी।

उन्होंने कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के प्रवेश लिया। कैलिफोर्निया में वातावरण अलग था। वहां अंग्रेज और अन्य गोरे यूरोपियंस लोग भारतीयों सहित सभी काले रंग के नागरिकों को हेय दृष्टि से देखते थे। भारतीयों को दास कहा जाता था। चलते-फिरते अपमान हो जाना सामान्य बात थी। इस भाव के प्रति भारतीय छात्रों में रोष था। लेकिन खुलकर विरोध न हो पा रहा था। इस वातावरण ने करतार सिंह के विचारों की दिशा बदल दी। वे पढ़कर उच्च पद पाने की बजाय भारतीयों की प्रतिष्ठा और आत्म सम्मान रक्षा के उपायों पर विचार करने लगे। सैन फ्रांसिस्को में उन्हें समान विचार के अन्य छात्र भी मिले। इन सब छात्रों का एक समूह बन गया। भारतीय छात्र अकसर अपनी समस्याओं पर चर्चा करते और एक दूसरे से अपने दुख साझा करते थे। कनाडा और अमेरिका के प्रशांत तटों पर बसने वाले भारतीय आप्रवासियों का एक समूह बन गया जिसने अंग्रेजों से भारत की मुक्ति का संकल्प लिया। इन सभी भारतीयों का मनोभाव "करो या मरो" की सीमा तक दृढ़ हो गया।


करतार सिंह अपनी कार्यशैली से बहुत शीघ्र इस राष्ट्रप्रेमी समूह के अग्रणी सदस्य बन गए। यहीं इस जाग्रति अभियान के साथ सशस्त्र क्रांति की तैयारियां भी आरंभ हुईं। अपनी सक्रियता के साथ उनका संपर्क लाला हरदयाल से हो गया। करतार सिंह उनके मार्गदर्शन में आगे बढ़े। लाला हरदयाल गदर पार्टी के संस्थापकों में से एक थे। 1913 में उन्होंने सोहन सिंह भकना, पंडित कांशी राम, हरनाम सिंह टुंडीलाट आदि के साथ मिलकर 1913 में गदर पार्टी की स्थापना की थी। गदर पार्टी सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से अंग्रेजों से भारत की मुक्ति का अभियान चला रही थी। इस संगठन का मुख्यालय सैन फ्रांसिस्को में ही था। लालाजी के माध्यम से करतार सिंह इससे जुड़ गए। पोर्टलैंड में हुए गदर पार्टी के सम्मेलन में भी करतार सिंह शामिल हुए। वहां "युगान्तर आश्रम" की स्थापना में करतार सिंह की भूमिका महत्वपूर्ण थी। क्रांति के लिए साप्ताहिक समाचार पत्र गदर का प्रकाशन आरंभ हुआ। करतार सिंह ने अपने घर से पढ़ाई के लिए आए 200 पौंड इस समाचार पत्र प्रकाशन के लिए लाला जी को दे दिए। इस पत्र में अन्य सामग्री के साथ भारत में हुई 1857 की क्रांति की भी प्रेरक सामग्री होती थी। इससे नौजवानों में नई ऊर्जा का संचार होता।

उन्हीं दिनों प्रथम विश्व युद्ध आरंभ हो गया। तब करतार सिंह भारत आ गए। जनवरी 1914 में समाचार पत्र गदर का गुरुमुखी संस्करण आरंभ हुआ। लाला हर दयाल इसके संपादक और करतार सिंह उप संपादक बने। आगे चलकर गदर का उर्दू संस्करण भी आरंभ हुआ। इस संस्करण का संपादक करतार सिंह को बनाया गया। अपने इस जन जागरण अभियान के साथ युवाओं की सशस्त्र संघर्ष तेज करने की भी योजना बनी। इसके लिए बंगाल गए और रासबिहारी बोस तथा शचीन्द्रनाथ सान्याल सहित अन्य क्रान्तिकारियों से भी भेंट की। 21 फरवरी, 1915 को पूरे देश में एक साथ क्रान्ति करने की योजना बनी। करतार सिंह को पंजाब में क्रांति का दायित्व मिला।

उन्होंने कई धार्मिक स्थानों की यात्रा करके युवकों को जोड़ा। इसके साथ फिरोजपुर रावलपिंडी, और लाहौर की सैन्य छावनियों सेना के सिपाहियों से भी सम्पर्क करके क्रांति से जोड़ने की योजना बनी। रेल तथा डाक व्यवस्था को भंग करने की भी योजना बनाई। पंजाब में क्रांति की इन गतिविधियों का केन्द्र लाहौर बना। वहां लाहौर छावनी के शस्त्रागार का चौकीदार भी क्रांति से जुड़ गया । योजना पूर्वक 100 रिवाल्वर एवं अन्य सामग्री जुटा ली गई। धन और शस्त्र जुटाने का अभियान चल ही रहा था कि कृपाल सिंह नामक एक पुलिस कर्मचारी ने विश्वासघात कर दिया। उसने ब्रिटिश अधिकारियों को सूचित कर दिया। शस्त्रागार से शस्त्र गायब होने से अंग्रेज अधिकारियों में खलबली मच गई थी। इस सूचना से पुलिस और सेना ने धरपकड़ आरंभ कर दी। करतार सिंह अपने कुछ साथियों के साथ लाहौर से निकल गए, लेकिन सरगोधा में गिरफ्तार कर लिए गए। पूरे पंजाब में धरपकड़ आरंभ हुई और कुल 60 युवा क्रांतिकारी बंदी बना लिए गए। इतिहास में इन गिरफ्तारियों का "पहले लाहौर षड्यन्त्र केस" के रूप में उल्लेख है। करतार सिंह ने अपने साथियों को बचाने के लिए सारी जिम्मेदारी स्वयं पर ले ली। न्यायाधीश ने उन्हें अपना बयान बदलने और माफी मांगने को कहा ताकि सजा कम दी जा सके लेकिन करतार सिंह ने जो कहा उससे न्यायधीश ने फांसी की सजा सुना दी । उन्होने कहा था "मुझे दुख है कि मैं क्रांति को सफल न बना सका" एक बार उन्होंने जेल से भागने का भी प्रयास किया लेकिन सफल न हो सके। अंततः 16 नवम्बर, 1915 को करतार सिंह सराबा और उनके छह साथियों विष्णु गणेश पिंगले, हरनाम सिंह, बख्शीश सिंह, जगतसिंह, सुरेन सिंह एवं सुरेन्द्र सिंह को लाहौर के केन्द्रीय कारागार में फांसी दे दी गई।

## दैनिक पंचांग

**24 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 06.45 बजे से |
| चंद्र | मीन में | कर्क | 08.58 बजे से |
| मंगल | कर्क में | सिंह | 11.14 बजे से |
| बुध | वृष में | कन्या | 13.26 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 15.37 बजे से |
| शुक्र | मीन में | वृश्चिक | 17.52 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 20.08 बजे से |
| राहु | मीन में | मकर | 22.13 बजे से |
| केतु | कन्या में | कुंभ | 23.59 बजे से |
| | | मीन | 01.32 बजे से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | मेष | 03.03 बजे से |
| | | वृष | 04.43 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 144 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वादशी 19.21 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** रेवती 13.48 बजे को समाप्त। **योग** आयुष्मान 15.00 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 08.58 बजे तदनन्तर तैतिल 19.21 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 20° 46' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872354 **जूलियन दिन** 2460819.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जिल्काद **तारीख** 25 **विशेष** प्रदोष व्रत, शनि त्रयोदशी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### वन विभाग ने लकड़ी का बोटा लदा पिकप भेन किया जब्त

**मरकच्चो** : वन क्षेत्र मरकच्चो अंतर्गत वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुये अवैध लकड़ी लदे एक पिकप भेंन को शुक्रवार की शुबह जब्त किया है। छापेमारी के दौरान चालक की गिरफ्तारी नही हुई। चालके भागने में सफल रहा। बताया जाता है कि वन विभाग की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत भोजपुर मरकच्चो सड़क पर एक वाहन से अवैध लकड़ियों को बाहर भेजा जाने वाला है। जिसके बाद वन विभाग की टीम ने इलाके में सर्च अभियान चलाया। इसी क्रम में भोजपुर मरकच्चो चौक सड़क पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो के समीप वाहन संख्या बीआर 31 जीबी 3318 को मरकच्चो थाना पुलिस के सहयोग से पकड़ा गया तथा वन मुख्यालय कोडरमा लाया गया।वन क्षेत्र पदाधिकारी डोमचांच प्रक्षेत्र रविंद्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस संदर्भ में साकेत पांडे पिता कामेश्वर पांडे ग्राम खेसमी देवीपुर मरकच्चो पर भारतीय वन अधिनियम 1927 ( बिहार संसोधन वन अधिनियम 1989 ) के धारा 41 एवं 42 के तहत वन वाद डायल किया गया है। उन्होंने लकड़ी की कीमत लगभग डेढ़ लाख बताई है। मौके पर वन क्षेत्र पदाधिकारी डोमचांच रविंद्र कुमार वंरक्षा के अभिमन्यु कुमार सुनील कुमार दास अनिल कुमार साव समेत कई वनकर्मी अभियान में शामिल थे।

### श्री राम कथा का हुआ आयोजन

**झुमरी तिलैया** : पंचदेव हनुमान मंदिर तारा टांड़ प्राण प्रतिष्ठा का चौथा दिन श्री राम कथा का आयोजन किया गया जिसमें श्री राम जी का जन्म उत्सव मनाया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु कथा को आनंदमय होकर सुने और ज्ञान का लाभ लिए। श्री राम जन्म कथा (कथा वाचक - बाल व्यास - प्रज्ञा शुक्ला और बसंत कुमार भारती अयोध्या जी के द्वारा किया गया। आयोजन में (तबला वादक - दीपक दुबे पैड वादक- रामेंद्र तिवारी सिंगर - अमित तिवारी थे। मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा की विधायक डॉ नीरा यादव उपस्थित होकर श्री राम जन्म महोत्सव कथा को सुने और क्षेत्र के जनता की सुख शांति की भगवान श्री राम से कामना की। आयोजन को सफल बनाने में नरेंद्र कुमार सिन्हा, सुरेश सिंह, सुधीर सेठ, शंभू वर्मा, मंटू वर्मा भोला सिंह, विजय वर्मा, मुकुल रंजन, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, मुकेश कुमार, सौरभ कुमार एवं बहुत से कार्यकर्ता तन मन धन से लगे हुए हैं।

### प्रेरणा शाखा ने अमृतधारा के तहत स्थायी वाटर कूलर का किया लोकार्पण

**झुमरी तिलैया**: मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा के तत्वावधान में शहर के सीडी गर्ल्स हाई स्कूल में वर्तमान सत्र की पहली स्थायी अमृत धारा का लोकार्पण किया गया। इस वाटर कूलर का उद्घाटन सीडी गर्ल्स स्कूल के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंहा एवं तुलसियान मेटल्स एवं प्राइवेट लिमिटेड के मालिक अमित तुलसियान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन करते हुए विद्यालय प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा यह वाटर कूलर गर्मी के दिनों में बच्चों के लिए राहत का माध्यम बनेगा। बच्चे जो बहुत दूर से आते हैं उन्हें इस बढ़ती हुई गर्मी में शुद्ध एवं ठंडा पेयजल से बहुत राहत मिलेगी। उन्होंने इस कार्य के लिए प्रेरणा शाखा को धन्यवाद दिया। वही मौके पर तुलसियान मेटल्स प्राइवेट लिमिटेड के मालिक अमित तुलसियान ने कहा कि गर्मी के दिनों में पानी पिलाना बहुत ही पुण्य का कार्य है। हमारे पुराणों में भी लिखा है कि पनशाला, पाठशाला,धर्मशाला आदि का निर्माण करना बड़ा ही धर्म का कार्य होता है।

# जयनगर में आंगनबाड़ी सेवाओं की समेकित समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जयनगर** : प्रखंड मुख्यालय, में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी गौतम कुमार की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी सेवाओं की समेकित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी आंगनबाड़ी सेविकाएं, सांख्यिकी सहायक संतोष कुमार, महिला पर्यवेक्षिका शीतल पिंगुआ एवं अनीता कुमारी, तथा आकांक्षी प्रखंड फेलो अशोक कुमार की उपस्थिति रही। बैठक का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों में संचालित सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन करना और लाभुकों को समय पर समुचित सेवाएं सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान निम्नलिखित बिंदुओं पर प्राथमिकता के आधार पर विशेष समीक्षा की गई बच्चों का वजन एवं लंबाई मापन : कुपोषण की रोकथाम हेतु नियमित मापन सुनिश्चित करने पर बल। टेक होम राशन वितरणः लाभुकों को समय पर एवं सही मात्रा में वितरण की स्थिति की समीक्षा। फेस आईडी सत्यापन : सेविकाओं द्वारा बच्चों एवं माताओं की डिजिटल उपस्थिति सुनिश्चित करने की निगरानी। पोषण ट्रैकर और ई-केवाईसी अद्यतनः मोबाइल ऐप के माध्यम से रिपोर्टिंग की नियमितता पर जोर। गृह भ्रमण : गर्भवती महिलाओं और शिशुओं के घर जाकर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जानकारी देने की स्थिति की समीक्षा। वीएचएसएनडी में भागीदारीः टीकाकरण, पोषण परामर्श एवं स्वास्थ्य परीक्षणों में आंगनबाड़ी केंद्रों की सक्रिय भागीदारी की समीक्षा। गौतम कुमार ने सभी सेविकाओं को निर्देशित किया कि वे केंद्र स्तर पर सभी सेवाएं नियमित, पारदर्शी और लाभुक केंद्रित तरीके से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा ह्लआंगनबाड़ी केंद्र सीधे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं के पोषण और स्वास्थ्य से जुड़े हैं, इसलिए यह कार्य पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी से किया जाना चाहिए। उन्होंने महिला पर्यवेक्षिकाओं को फील्ड में जाकर निगरानी बढ़ाने, कमजोर केंद्रों की पहचान कर उन्हें मार्गदर्शन देने, और उत्कृष्ट कार्य करने वाली सेविकाओं को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित सभी लक्ष्यों की पूर्ति हेतु सभी सेवाएं समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संचालित की जाएं। इस समेकित समीक्षा बैठक ने आंगनबाड़ी सेवाओं को और सुदृढ़ एवं उत्तरदायी बनाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में कार्य किया।

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता रैली का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नविबहार संवाददाता

**कोडरमा** : 45 झारखंड बटालियन एनसीसी कोडरमा के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विजय कुमार, सेना मेडल के मार्गदर्शन में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में केजीबीवी स्कूल कोडरमा की एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान कैडेट्स ने हाथों में नशा मुक्ति से संबंधित स्लोगन वाली तख्तियां लेकर नारे लगाए और आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। नशा छोड़ो, जीवन संवारो, स्वस्थ समाज की ओर बढ़े कदम, जैसे प्रेरणादायक नारों से माहौल गूंज उठा। इस अभियान में एनसीसी के सूबेदार मेजर अरविंद कुमार, सूबेदार चंद्रहास, सूबेदार बी.के. वर्मा और सुनील खाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे और कैडेट्स का मार्गदर्शन किया। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विजय कुमार सिंह ने कहा कि एनसीसी केवल सैन्य प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण और सामाजिक चेतना के लिए भी एक सशक्त मंच है। उन्होंने सभी कैडेट्स को उनके उत्साह और योगदान के लिए सराहा। इस रैली का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने और समाज को जागरूक करने के लिए प्रेरित करना था। अभियान को स्थानीय लोगों से भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।

## आंधी-बारिश के कारण दो दर्जनों से अधिक गांवों में 41 घंटे तक रही बिजली गुल




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो** : आंधी-बारिश के कारण प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों के करीब दो दर्जनों से अधिक गांवों में 41 घंटे तक बिजली गुल रही। मालूम हो कि बुधवार दोपहर आई आंधी बारिश में 3:30 बजे गुल हुई बिजली 41 घंटे बाद शुक्रवार सुबह 8:00 बजे बहाल हो सकी। 41 घण्टे बिजली नही रहने के कारण मोबाइल चार्ज नही हो सका।यंहा तक कि लगभग सभी का इनभाइटर भी काम करना बंद दिया था।लोग दो रात व एक दिन काफी कष्ट से बिताए। पानी के लिए त्राहि त्राहि मच गई। बिजली हालांकि अभी भी पूर्ण रूपेण बिजली बहाल होने में दिक्कत है कई क्षेत्रों में लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। विद्युत कर्मियों के अनुसार बुधवार दोपहर बाद आई आंधी पानी व थंडरिंग में पावर हाउस के ट्रांसफार्मर समेत क्षेत्र कई जगह व जम्फर में खराबी आ गयी थी।

## झारखंड में आयुष्मान भारत योजना में अनियमितता : अनूप जोशी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि झारखंड में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, राज्य सरकार की ओर से निजी अस्पतालों को लंबे समय से भुगतान नहीं किया गया है, जिसके चलते कई अस्पतालों ने योजना के तहत मरीजों का इलाज करना बंद कर दिया है। इसका सीधा असर गरीब और जरूरतमंद मरीजों पर पड़ रहा है, जिन्हें मुफ्त इलाज की सुविधा नहीं मिल पा रही है। कई निजी अस्पतालों ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से करोड़ों रुपये का भुगतान लंबित है, जिसकी वजह से उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में अस्पतालों ने योजना के तहत मरीजों को भर्ती करने से मना कर दिया है। कोडरमा, हजारीबाग, गिरिडीह, बोकारो, धनबाद और रांची जैसे जिलों से मिल रही शिकायतों में यह बात सामने आई है कि आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद मरीजों को अस्पतालों में भर्ती नहीं किया जा रहा है। मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि अस्पताल उनसे नकद भुगतान की मांग कर रहे हैं। एक मरीज के परिजन ने बताया, हमारा आयुष्मान कार्ड है, लेकिन अस्पताल वाले कह रहे हैं कि सरकार से पैसा नहीं मिला है, इसलिए इलाज नहीं हो पाएगा। हम गरीब लोग कहां जाएं? स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि भुगतान प्रक्रिया में तकनीकी और प्रशासनिक दिक्कतें हैं, जिन्हें जल्द ही सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन तब तक गरीब मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी का कहना है कि अगर जल्द ही राज्य सरकार द्वारा अस्पतालों का भुगतान नहीं किया गया।

## झुमरी तिलैया रोटरी क्लब का जिलापाल ने किया आधिकारिक क्लब भ्रमण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा** : रोटरी 3250 (बिहार झारखंड) के जिलापाल रोटेरियन विपिन चचान ने शुक्रवार को कोडरमा रोटरी क्लब का अधिकारिक भ्रमण किया। जहां रोटेरियन अध्यक्ष अमित कुमार ने उनका स्वागत किया। मौके पर आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान जिलापाल विपिन चचान क्लब की ओर से कोडरमा में विभिन्न परियोजनाओं पर किए जा रहे हैं कार्यों की प्रशंसा करते हुए संतुष्ट नजर आए। सदस्यों क्लब सदस्यों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की जिन्होंने सेवा के क्षेत्र में लिए गए परियोजनाओ को बखुबी क्रियान्वित किया। उन्होंने रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा के सेवा कार्यों, सामुदायिक सहभागिता के कार्यक्रमों और क्लब के संगठनात्मक एकता की प्रशंसा की। श्री चाचान ने क्लब के कार्यों और सामाजिक उत्थान में उसकी भूमिका को बिंदुबार रेखांकित किया। एक सवाल के जवाब में जिलापाल श्री चाचान ने कहा वर्तमान में दिल में छेद जैसी बीमारी पर बच्चों को मुफ्त में इलाज करा रही है। और यह इलाज पटना के महावीर कैंसर हॉस्पिटल तथा रांची के मेदांता में किया जा रहा है। वही रॉटरी आई हॉस्पिटल पर उन्होंने कहा कि काफी कम खर्च पर आंखों का इलाज किया जा रहा है। भविष्य में ग्रामीण क्षेत्रों में भी आई चेक अप कैंप लगाया जाएगाकउन्होंने हाल ही में डोमचांच की जौनपुर में हुए आई चेक अप कैंप का भी जिक्र किया। वही रोटरी स्टेट सेक्रेटरी संगीता शर्मा ने कहा कि अपने लिए तो सभी जीते हैं दूसरों के लिए जीना ही सही मायने में जीना है इसी के तहत 12 वर्ष के ऊपर के बच्चों को मुफ्त साइकिल उपलब्ध कराई गई। रोटरी तन मन धन से सेवा कर में लगी रहती है। मौके पर रोटरी सचिव प्रवीण कुमार, मीडिया प्रभारी नवीन जैन, नवीन आर्य बाल विद्यालय के डायरेक्टर महेश दारूका आई हॉस्पिटल के डायरेक्टर जयकुमार गंगवाल टिक केंद्र के डायरेक्टर धर्मेंद्र प्रसाद सहित अन्य रोटेरियन मौजूद थे।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत नुक्कड़ सभा, रैली व जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा** : महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निदेर्शानुसार हैंड इन हैंड इंडिया एवं जिला समाज कल्याण के संयुक्त तत्वाधान में कोडरमा जिला के जानपुर, पारहो, चनाको, महुआदोहर, भोंडो, गझंडी, बिशुनपुर, ढाब, बेहराडीह इत्यादि स्थान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत नुक्कड़ सभा, रैली, जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से हैंड इन हैंड इंडिया के हैंड इन हैंड इंडिया के डीजीएम रवि रंजन, एपीएम तुलसी कुमार साव, राजन विश्वकर्मा, रूपेश कुमार, नीतीश पांडे, साबिर अंसारी, सविता कुमारी, बसंत कुमार, अंजुम खातून सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, किशोरियों एवं समाज सेवकों का महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तुलसी कुमार साव ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ महज अभियान नहीं, आज के समय की मांग है। जिस प्रकार बेटियों की संख्या दिनों दिन घटते जा रहा है यह समाज के लिए चिंता का विषय है। इसके लिए हर संभव समाज के विभिन्न समुदायों में भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथा के प्रति सामाजिक जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि आज बेटियां कहीं से भी कम नहीं है हमारे देश के सर्वोच्च पद पर विराजमान द्रौपदी मुर्मू,जिले के उपायुक्त मेघा भारद्वाज, एसडीएम रिया सिंह, सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ0 नीरा यादव सहित सैकड़ो महिलाएं अपने प्रतिभा का लोहा बनवा चुकी है। इसीलिए बेटा बेटी में भेदभाव करना उन्हें बराबर दृष्टिकोण से समान अवसर न देना आपने आप में एक बड़ी विडंबना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक कुमार, सविता कुमारी, कंचन कुमारी, मनीषा कुमारी, बबीता देवी, केसर परवीन, सबिया खातून आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### आस्था का एकमात्र द्वार मंदिर है : डॉ नीरा



**झुमरी तिलैया** : शहर के बाईपास रोड तारा टांड़ स्थित नवनिर्मित आकर्षक पंचदेव हनुमान मंदिर की सात दिवसीय प्राणप्रतिष्ठा के पांचवें दिन मंदिर के अंदर दिव्य रूप में भगवान गणेश कार्तिकेय, राम भक्त हनुमान, श्री राम परिवार एवं शिवलिंग की स्थापना की गई। मूर्ति की स्थापना पुजारियों के द्वारा पूरे विधि विधान से वैदिक मंत्रों के साथ संपन्न हुई। भक्तिमय वातावरण के बीच में श्रद्धालुओं में काफी उत्साह रहा। तारा टांड़ स्थित भव्य पंचदेव हनुमान मंदिर अब शहर की अपने चमत्कारी शक्ति से लोग सुख और समृद्धि की कामना की है। समिति, मोहल्ले वासियों एवं शहर के लोगों के अथक प्रयास से मंदिर बनने का सपना साकार हुआ है। प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम में आयोजित प्रत्येक दिन प्रवचन में भारी संख्या में लोग उपस्थित हो रहे हैं। बहरहाल लंबे इंतजार के बाद मंदिर की स्थापना से शहरवासियों में काफी उत्साह है। मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के बीच कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव मुख्य रूप से उपस्थित हुई। उन्होंने पूरे विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा में भाग लेकर पूजन किया। पूजन के पश्चात उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में आस्था सर्वोपरि है और उस आस्था का मुख्य द्वार मंदिर में ही संभव हो पता है। जिस उद्देश्य से वर्षों बाईपास के निकट हनुमान मंदिर की स्थापना की गई थी आज उसकी स्थाई रूप देखकर काफी खुश हूं एवं लोगों के शुभ जीवन में सुख समृद्धि और खुशहाली आए इसकी कामना करती हूं। मंदिर निर्माण में मुख्य रूप से शहर के गणमान्य लोगों में उदय कुमार सोनी उर्फ पप्पू सोनी, रवि केडिया, प्रवीण सुखानी, समाज सेवी गणेश प्रसाद स्वर्णकार, सत्यजीत दत्ता, राहुल वर्मा, बिल्डर विकास कुमार, डॉ अविनाश, डॉ भारती, राजेंद्र वर्मा के अलावे कमेटी के नरेंद्र सिन्हा, शंभू वर्मा, सुरेश प्रसाद सिंह, राकेश पंडित, राजू वर्मा, गौरव कुमार, सुनील सिन्हा, संजय पंडित के अलावा अनेक लोग उपस्थित हुए।

### वृक्षारोपण अभियान के प्रथम चरण में 12 स्थलों पर 2100 पेड़ लगाने लक्ष्य



**कोडरमा** : शंभू प्रसाद कुशवाहा प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा के ने बताया कि आवासान शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार एवं नगर विकास एवं आवास विभाग झारखण्ड सरकार के निदेर्शानुसार अमृत मिशन 2.0 योजना अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान वूमेन फॉर ट्री कैंपेन एक पेड़ माँ के नाम अमृत मित्र इनिशिएटिव के तहत प्रथम चरण में कोडरमा नगर पंचायत द्वारा चिन्हित 12 स्थलों पर दिनांक 21 मार्च 2025 से 23 मार्च 2025 तक डे एन यु एल एम के द्वारा गठित स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों द्वारा स्थल भ्रमण किया गया है, उक्त स्थल पर पूर्व से लगे पेड़, वर्तमान में लगने वाले पेड़ों का आकलन कर, संख्या क्षेत्रफल आकलन कर नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत कुल 12 स्थलों का भ्रमण किया गया है जो क्रमशः बागीटांड स्टेडियम के पास तालाब, दुखहरनी तालाब, सामुदायिक भवन बाहेरवांटांड के पास, प्रेम सागर तालाब के पास,आयुष्मान आरोग्य मंदिर बरसोतियाबार, अरघोती नदी, बरसोतियाबार तालाब, बड़कीबागी तालाब, मारियमपुर तालाब, बड़की बागी स्कूल, पाण्डेय टोला, बोनकाली वैर्टीकल थ्री आवास योजना क्षेत्र है। जिसमे कुल 2100 पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के द्वितीय चरण दिनांक 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बड़े स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा जो कि 31 अगस्त तक सभी स्थलों में वृक्षारोपण पूर्ण हों जायेगा। एवं वृक्षारोपण के पश्चात सभी पेड़ पौधों की देखभाल करने की जिम्मेवारी स्वयं सहायता समूह को दी जाएगी। उक्त कार्यक्रम में नगर पंचायत कोडरमा के संजीत कुमार साहु नगर मिशन प्रबंधक, विशाल कुमार साव कनीय अभियंता, दिग्विजय कुमार स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर, बसंत कुमार राजस्व निरीक्षक, निरंजन कुमार विधि सहायक, रश्मि सिन्हा सामुदायिक संगठनकर्ता, सामुदायिक संसाधन सेविका रेणु देवी, नीलम देवी एवं सभी स्वयं सहायता समूह की सदस्य उपस्थित रही।

### बिजली विभाग के लापरवाही के कारण नहीं मिल रही है बिजली

**जयनगर** : प्रखंड अंतर्गत गोदखर सहवाडीह मुख्य मार्ग पावर हाउस के 200 मीटर सामने बिजली का पोल गिरने के बावजूद और बिजली विभाग के लापरवाही के कारण नहीं मिल रही है बिजली :- जयनगर प्रखंड अंतर्गत के ककरचोली पंचायत के गोदखर सहवाडीह मुख्य मार्ग पर बने सभी मकान बिजली का कनेक्शन ले चुके हैं मगर बिजली हुआ की लापरवाही के कारण बॉस के सहारे किसी तरह अपना घर को उजाला कर रहे हैं आने वाले समय में कभी भी दुर्घटना हो सकती है। जिसमें बस और तार दोनों कभी भी गिर सकता है। जिससे आने-जाने वाले राहगीर को कभी भी दुर्घटना का सामना करना पड़ सकता है ,घर से पोल की दूरी लगभग 300 मीटर है वही देखा जाए तो 15 बाँस के सहारा लेने के बाद लाइन आया है, और कल बरसात मे तार टुट कर रोड़ पर गिरा था, अभी भी तार गिरा हुआ हैं।

### प्रांतीय समूह खेल में कैलाश राय विद्यालय का दमदार प्रदर्शन

**कोडरमा** : विद्या विकास समिति झारखंड के तत्वाधान में आयोजित प्रांतीय समूह खेल कबड्डी एवं खोखो की प्रतियोगिता का आयोजन विभाग केन्द्र सरस्वती विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग में किया गया।इस प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश के उनतालीस विद्यालय की छिहत्तर टीमें शामिल हुई। अपने विद्यालय कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर से दो टीमें शामिल हुई जिसमें अंडर 14 की भैया वाली टीम कबड्डी में विजेता बनी वहीं अंडर 17 की बहनों वाली टीम कबड्डी ने विद्यालय के खेल प्रमुख धीरज कुमार पांडे तथा अर्चना सिंहा के नेतृत्व में उपविजेता बनी। आज वंदना सभा में दोनों टीमों को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर उत्साहवर्धन करते हुए विद्यालय के प्राचार्य आनंद मोहन ने कहा कि हमारे भैया बहनों में प्रतिभा की कमी नहीं है। जब भी इन्हें प्लेटफॉर्म मिलता है तभी ये उसे प्रदर्शित कर देते हैं। आज भी इन्होंने जिस जुनून के साथ जीत को हासिल किया है इसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम होगी। भैया बहनों की सफलता पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह उपाध्यक्षद्वय नंद राय और अरविंद चौधरी सचिव अनुराग कुमार सहसचिव सुषमा सुमन कोषाध्यक्ष नवल कुमार और समिति सदस्यों ने भूरि भूरि प्रशंसा की है। सत्र 2025 - 26 में बस्ता वेश की प्रतियोगिता में सफल हुए भैया बहनों को भैया बहनों को भी पुरस्कृत किया गया। उन्हें पुरस्कार देते हुए प्राचार्य महोदय ने कहा कि वेश विद्यालय का दर्पण है अतः हमारे विद्यालयों में इस हेतु प्रतियोगिता आयोजित की जाती है और इसमें चयनित भैया बहन पुरस्कृत होते हैं। मंच संचालन प्रदीप कुमार के द्वारा किया गया जबकि धन्यवाद ज्ञापन मनोज सिंह के द्वारा किया गया।

## एक नजर

### जहरीले सांप के काटने से बच्ची हुई मूर्छित

**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बच्ची को जहरीले सांप के काटने से मूर्छित हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अंजुमन नगर निवासी मो शहाबुद्दीन की 4 वर्षीय पुत्री लाइबा खातून अपने घर के दीवार पर हाथ रखी हुई थी, जहां उसी जगह दीवार पर एक छेद था, उस छेद में एक जहरीले सांप निकल कर 4 वर्षीय बच्ची के हाथ में काट लिया। परिजनों ने आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने बच्ची का इलाज किया। इलाज करने के उपरांत बच्ची की हालत में सुधार है,डॉक्टर की देखरेख में इलाज चल रहा है।

### रेलवे लाईन के किनारे से अज्ञात व्यक्ति का शव हुआ बरामद

**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र की पुलिस ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के कलुआ पुल रेलवे लाईन के किनारे से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद करने के बाद उसका पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल लेकर आई। जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. पिंकू चौधरी ने शव का पोस्टमार्टम किया। हालांकि उक्त शव किसका है यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है जहां पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है। उधर अज्ञात शव का पोस्टमार्टम करने के बाद उसकी पहचान सुनिश्चित होने तक के लिए उसे मोर्चरी में 72 घंटे तक के लिए सुरक्षित रखवा दिया गया है।

### पुलिस अधीक्षक ने मुफस्सिल थाना का किया वार्षिक निरीक्षण



**पाकुड़ :** जिले में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार द्वारा मुफस्सिल थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना में लंबित कांडों का विस्तृत समीक्षा करते हुए ससमय सभी अनुसंधान की कारवाई पूर्ण कर त्वरित निष्पादन करने का आदेश दिया गया। ज्यादा से ज्यादा कांडों को ससमय उद्भेदन करने का भी आदेश दिया गया। थाना भिलेखों/पंजीयों/संचिकाओं का अवलोकन किया गया एवं पाए गए त्रुटियों को सुधार करने का आदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त थाना भवन, बैरेक, सुरक्षा बलों के लिए उपलब्ध मूलभूत अवश्यकता की भी समीक्षा की गई। थाना क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण रखने एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश मौजे पर थाना प्रभारी को दिया गया।

# विभाग ने काटी इंटेक वेल की बिजली पानी के लिये तरस रहे ग्रामीण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चाईबासा :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर प्रखंड की गंगदा पंचायत के दोदारी गांव में जीवन मिशन के तहत बनी जलमीनार के इन्टेक वेल का बिजली कनेक्शन बिजली विभाग ने काट दिया है। इससे स्थानीय ग्रामीण परेशान हैं। उन्हें पानी नहीं मिल पा रहा है। इसे लेकर शुक्रवार को इंटेक वेल के समीप ग्रामीणों ने बैठक की। निर्णय लिया गया कि अगर जल्द बिजली कनेक्शन नहीं जोड़ा गया, तो ग्रामीण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इसकी जवाबदेही बिजली विभाग के अधिकारियों की होगी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुखिया सुखराम सांडिल ने कहा कि बिजली विभाग की कार्रवाई से ग्रामीणों को भीषण गर्मी में पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पीने का पानी ग्रामीण लंबी दूरी तय कर लाते हैं। इस मौके पर मंगल कुम्हार उप्पल सोरेन, कुर्मी हांसदा,प्रदीप सिद्धू, अजय कुमार, कोनदलो सांडिल, शिवनाथ सांडिल समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

**क्या है मामला**

जल जीवन मिशन के तहत सारंडा में पेयजल आपूर्ति योजना शुरू की गई है। इसी के तहत गंगदा पंचायत के दोदारी में भी एक जलमीनार बनाई गई है। इस जलमीनार के गंगदा पंचायत के सभी गांवों में पानी की सप्लाई की जानी थी। लेकिन ग्रामीणों के अनुसार केवल 2 से 3 गांव को ही पानी सप्लाई की जाती है। विगत दिनों बिजली विभाग के कर्मियों ने 3 साल का बकाया बिल नहीं जमा करने के नाम पर इन्टेक वेल का बिजली कनेक्शन काट दिया।

**बिजली कनेक्शन नहीं जोड़ने पर होगा उग्र आंदोलन : मुखिया**

सारंडा विकास समिति जामकुडिया एवं दुईया के अध्यक्ष सह मुखिया सुखराम सांडिल ने कहा कि अगर बिजली विभाग पानी का कनेक्शन नहीं जोड़ता है तो हमलोग मनोहरपुर-छोटानागर गुवा मार्ग को पूरी तरह ठप कर देंगे। बिजली विभाग को कनेक्शन काटना ही था तो एक माह पूर्व बताना था कि इस जलमीनार से बिजली कनेक्शन किया गया है। बिजली दर हर महीने जमा करना पड़ेगा। वैसे में हम ग्रामीण कोई ना कोई निष्कर्ष खोज निकालते।

## मदनशाही रोड में गड्ढा में पानी से भरवा ई रिक्शा पलटी मार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के मदनशाही रोड में इन दिनों बड़े बड़े गड्ढे उभर आने से राहगीरों व वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना आए दिन करना पड़ रहा है। जहां शुक्रवार की शाम एक सामानों से लदा हुआ ई रिक्शा इस गड्ढे में फंसकर बीच सड़क पर जमे हुए पानी में पलट गया जिसके कारण वाहन चालक को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि स्थानीय लोगों की सूझबूझ से बीच सड़क पर जमे हुए बरसात के पानी में पलटी मारे हुए ई रिक्शा को उठाया गया। उधर स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क साहिबगंज से बरहरवा को जोड़ती है जहां इस सड़क से भारी वाहनों के अलावा जिला प्रशासन के अधिकारियों का काफिला समेत स्कूली बच्चों व अन्य राहगीर पैदल व बाइक से रोजाना सफर करते हैं मगर अब तक इस खराब पड़े सड़क की मरम्मती को लेकर न तो कोई जनप्रतिनिधि ही सामने आया है और न हीं जिला प्रशासन के कोई भी अधिकारी। जहां स्थानीय लोगों ने इस मामले को लेकर जिला प्रशासन के आला अधिकारियों से सड़क मरम्मती को लेकर गुहार लगाई है।

## जमीन विवाद में कृष्णा घोष को अपराधियों ने मारी गोली

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिले में गुरुवार रात्रि एक बार फिर गोलियों की आवाज गूंजी। जहां देर रात्रि राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत राधानगर पंचायत भवन के निकट एक व्यक्ति को तीन हमलावरों ने गोली मार दी। घायल की पहचान कृष्णा घोष 46 वर्षीय के रूप में हुई है, जिन्हें आनन फानन में परिजन पश्चिम बंगाल के फरक्का स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा घोष रात करीब 10:45 बजे अपने घर लौट रहे थे। तभी पहले से घात लगाए राधानगर थाना घाट के निकट एक पुलिया के नीचे से अचानक गांव के ही तीन लोग निकले और किसी ने उन पर गोली चलाई तो किसी ने धारदार हथियार से उनके सिर पर वार कर दिया। तीनों आरोपी घटनास्थल से फरार हो गए उसी अवस्था में कृष्णा घोष वहां से भागे और कुछ दूर जाकर जमीन पर गिर गए। घटना को अंजाम देकर तीनों आरोपी घटना स्थल से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही राधानगर, बरहरवा व राजमहल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। घायल कृष्णा घोष ने गांव के ही वासुदेव घोष, संतोष घोष व जोष्ठी मंडल के बेटे पर हमला करने का आरोप लगाया है। स्थानीय लोगों ने बताया की गोली लगने के बाद काफी खून बहा था। जिससे स्थिति की गंभीरता का पता लगाया जा सकता है। राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि घटना के गंभीरता को देखते हुए हर एंगल से मामले की जांच की जा रही है। हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा, राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गोली कांड मामले में आरोपियों को चिन्हित कर लिया गया है। लगातार छापेमारी की जा रही है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना का कारण आपसी रंजिश बताया जा रहा है।

## विधायक निसात आलम ने किया 2.29 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** शुक्रवार को नगर पंचायत क्षेत्र के निवासियों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। आज विधायक निसात आलम ने बहुप्रतीक्षित आरसीसी नाला और पीसीसी सड़क निर्माण कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया। डीएमएफटी मद से प्रस्तावित इस परियोजना की कुल लागत 2 करोड़ 2.29 लाख है, जिससे बरसों से चली आ रही जल निकासी और जलजमाव की गंभीर समस्या का समाधान होने की पूरी उम्मीद है। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक निसात आलम ने नारियल फोड़कर और फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर नाला और सड़क का निर्माण किया जाएगा, जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैं काली मंदिर से निशा मैरेज हॉल तक नाला प्राक्कलित राशि- 36.862 लाख, निशा मैरेज हॉल से आदित्या मेडिकल हॉल तक नाला प्राक्कलित राशि-21.618 लाख, आदित्या मेडिकल हॉल से मस्जिद चौक तक नाला प्राक्कलित राशि 40.153 लाख, लाखमस्जिद चौक से इंफॉर्मेटिक कंप्यूटर सेंटर तक नाला प्राक्कलित राशि 21.854 लाख, प्रोफेसर कॉलोनी में रिंकू के घर से भाया मस्तान एवं बी. एन. साहा के घर होते हुए मुख्य सड़क आर. सी. सी. नाला तक प्राक्कलित राशि 39.355 लाख, मस्जिद चौक से रेलवे गेट के सामने तक नाला प्राक्कलित राशि-19.089 लाख, नौशाद की दुकान हरिजन टोली से भाया स्कूल होते हुए इंफॉर्मेटिक कंप्यूटर सेंटर तक आर.सी.सी. सह पी.सी.सी. सड़क प्राक्कलित राशि- 23.47 लाख रुपया लागत से शिलान्यास किया गया। इस परियोजना के पूरा होने के बाद, बरहरवा नगर पंचायत की जल निकासी व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार आएगा।

## अदाणी फाउंडेशन ने छह सरकारी स्कूलों में आयोजित किया समर कैंप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गोड्डा :** अदाणी फाउंडेशन के उत्थान कार्यक्रम के तहत पावर प्लांट के निकट के छह सरकारी स्कूलों में समर कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में कक्षा छह से आठ तक के 500 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ये सभी समर कैंप अदाणी पावर प्लांट के निकट के गांव मोतिया, डुमरिया, बक्सरा, कौड़ीबहियार, परासी और सोनडीहा के स्कूलों में आयोजित किया गया। 19 से 24 मई तक आयोजित होने वाले इस कैंप का उद्देश्य बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को रोचक और व्यावहारिक बनाना है। हर रोज सुबह आठ से दस बजे तक चलने वाले इस समर कैंप में बच्चे कई तरह की रचनात्मक गतिविधियों में हिस्सा लेते हैं, जिनमें बैज डिजाइन, यूनिफॉर्म सज्जा, स्कूल परिसर की सफाई, बिजली की बुनियादी समझ, जल संरक्षण और मनी मैनेजमेंट शामिल हैं। इन गतिविधियों ने बच्चों में टीमवर्क, अभिव्यक्ति, रचनात्मकता और पर्यावरणीय जागरूकता का विकास किया। 19 मई को कैंप के उद्घाटन कार्यक्रम में गोड्डा के जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने शिविर में आए बच्चों को प्रोत्साहित किया और इस तरह के प्रयासों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। अदाणी फाउंडेशन की ओर से समर कैंप का अगला सत्र 30 मई से 4 जून तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें बच्चों को और भी रोचक जानकारी और गतिविधियां सीखने का नया अनुभव मिलेगा।

## किसी भी दुकान, प्रतिष्ठान व होटल में बाल श्रमिक मिले तो मालिक पर लगेगा 20 हजार जुर्माना



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** शुक्रवार को शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों होटल, गैरेज इत्यादि में बाल श्रम विमुक्ति अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सभी प्रतिष्ठानों में धारा-12 क के तहत सूचना प्रदर्शित कराई गई। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी गिरीश चंद्र प्रसाद ने बताया कि जिले में बाल श्रम को रोकने के लिए निरन्तर कारवाई जारी रहेगी और बाल श्रमिक से कार्य करने वाले संस्थानों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी उन्होंने जिले के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के संचालकों तथा होटल संचालकों से आग्रह किया है कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से बाल श्रम ना कराएं और श्रम अधिनियमों का पालन सुनिश्चित करें। इस अभियान में जन लोक कल्याण परिषद के प्रोजेक्ट इंचार्ज, चाइल्ड लाईन के सदस्य, एक्सेस टू जस्टिस के सदस्य एवं अन्य कर्मी शामिल थे।

## कस्तूरबा एवं नवोदय विद्यालय के प्राचार्यों के साथ उपायुक्त ने की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, महेशपुर एवं हिरणपुर के प्राचार्य के साथ बैठक की, जिसमें शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। उपायुक्त मनीष कुमार ने गर्मी को देखते हुए सभी विद्यालयों में पेयजल की स्थिति की जानकारी हासिल की। उपायुक्त ने जवाहर नवोदय विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था भी सख्त करने का निर्देश दिया और कैंपस में कोई अनधिकृत व्यक्ति नहीं पहुंचे, इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। विद्यालय में मेडिकल चेकअप कैंप समय-समय पर लगाने के भी निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में कोई कसर नहीं रहे। सभी स्कूलों में स्मार्ट क्लास का संचालन सही तरीके से किया जाए। समय पर स्कूलों में कंटेंट उपलब्ध हो और पठन-पाठन में किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो। उपायुक्त ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के वार्डेन सह शिक्षिका को कहा कि सभी छात्राओं का नामांकन नियमानुसार और तय मापदंडों के अनुसार करना सुनिश्चित करें। नामांकन में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं आने चाहिए। उपायुक्त ने सभी कस्तूरबा विद्यालय के वार्डेन को मूलभूत संरचनाओं की आवश्यकताओं का प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर भेजने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि सभी कस्तूरबा विद्यालय के बच्चियों को जूडो कराटा, डांस, नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग, स्केचिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी छात्रों को पौष्टिक आहार भोजन देने हेतु निर्देशित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### पिकअप वैन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल चालक सहित अन्य दो सवार घायल



**साहेबगंज/बरहेट :** शुक्रवार के पूर्वाह्न फूलभंगा गांव के समीप एक पिकअप वैन की चपेट में आकर घटी मोटरसाइकिल दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक चुटिया गांव निवासी 40 वर्षीय, धनेश्वर तुरी 45 वर्षीय, राजीव तुरी एवं 10 वर्षीय गरीब तुरी घायल हो गया। सभी घायलों को फूलभंगा गाँव के शरिफ अंसारी ने प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट पहुंचाया। सीएचसी में डॉक्टर बबलू कुमार ने तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया तथा गंभीर रूप से घायल 40 वर्षीय धनेश्वर तुरी को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार धनेश्वर तुरी के साथ उपरोक्त दोनों मोटरसाइकिल से एक शादी समारोह में ढोल बजाने के लिए फुलभंगा गाँव जा रहा था इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप वैन की चपेट में धनेश्वर तुरी का मोटरसाइकिल आ गया और दुर्घटना हो गई। घटना के बाद फूलभंगा गांव के शरीफ अंसारी ने पिकअप वैन को पीछा कर पकड़ लिया। इधर घटना की सूचना मिलते ही बरहेट थाना के पुअनि विक्रम बाउरी घटनास्थल पर पहुंचकर वाहन को अपनी कब्जा में लेकर मामले में आगे छानबीन में जुट गए हैं।

### बांस काटने के दौरान विद्युत प्रवाह की चपेट में आकर बच्चा घायल



**साहिबगंज/बरहेट :** शुक्रवार को तलबड़ीया गांव के चीरुटोला में बांस काटने के दौरान चीरुटोला निवासी 10 वर्षीय सुभान अंसारी पिता उस्मान अंसारी को लगा विद्युत धारा प्रवाह का झटका हुआ गंभीर रूप से घायल। परिजनों की मदद से आनन फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर बबलू कुमार ने उसका प्राथमिक उपचार किया और स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उसमान अपने घर के पास बांस काट रहा था इस दौरान बांस का ऊपरी छोर विद्युत तार की संपर्क में आ गया जिससे वह विद्युत धारा प्रवाह की चपेट में आ गया और विद्युत के झटका से घायल हो गया।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शिशु भारतीय का हुआ गठन



**साहिबगंज:** शुक्रवार को जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, साहेबगंज के वंदना कक्ष में शिशु भारती का गठन किया गया। शिशु भारती के प्रधानमंत्री के रूप में कक्षा पंचम के भैया आलोक गुप्ता का चयन किया गया। स्वच्छता एवं सज्जा विभाग में भैया अंकित कुमार एवं बहन अनिसा दास। अनुशासन विभाग में बहन सृष्टि कुमारी, बहन दीपिका, भैया पीयूष कुमार, भैया तनिष्क बागवानी विभाग में भैया आनंद कुमार एवं भैया हेमंत सिंह, चिकित्सा विभाग में भैया युवराज सिंह एवं बहन वैष्णवी कुमारी,अतिथि सत्कार में बहन जीविका रानी एवं बहन तृषा कुमारी, खेलकूद एवं शारीरिक विभाग में भैया जगदीश कुमार, बहन शिवांशी प्रिया एवं भैया अंकुश कुमार, खोया पाया विभाग में बहन अंबिका साह एवं भैया जयंत मिश्रा का चयन किया गया, शिशु भारती के गठन में विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील पंडित,आचार्य अमित कुमार,श्यामा प्रसाद, अजीत मालवीय,लिपिका राज सिंह,अर्चना वर्मा,दीपशिखा कुमारी एवं विद्यालय के भैया/बहन उपस्थित थे।

### विवाहित महिला को दहेज के लिए मारकर किया ससुराल वालों ने घायल



**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक विवाहित महिला को दहेज को लेकर उनके ससुराल वालों ने मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार महादेवगंज मुस्लिम टोला निवासी उमेश कुमार साह की पत्नी रितु देवी को बीते गुरुवार की रात्रि अपनी ही सास सुनीता देवी, भईसुर प्रकाश कुमार साह, गोतनी पिंकी देवी, तीनों दहेज को लेकर सर में धारदार हथियार से मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। जहां पीड़िता रितु देवी ने बताया कि मुझे दहेज के लिए मेरे ससुराल वाले हमेशा प्रताड़ित करते रहते हैं। जहां कुछ दिन पहले भी मेरे साथ मारपीट किया था, लेकिन मुझे लगा समय के साथ सब ठीक हो जाएगा। आए दिन मुझे दहेज के लिए दो लाख रुपए और अन्य सामान की मांग हमेशा करते हैं। शादी के समय मेरे मायके वाले ने दो कट्ठा जमीन भी मेरे ससुराल वालों को दिया था उसके बावजूद भी दहेज के लिए हमेशा प्रताड़ित करता रहता है और जान से मारने की धमकी देता है। जहां घायल पीड़िता को पति उमेश कुमार साह ने इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने घायल महिला का इलाज किया। घटना की सूचना संबंधित थाना को दे दी गई थी। जहां पुलिस सदर अस्पताल पहुंच घटना की छानबीन कर रही है। पीड़िता के द्वारा थाना में आवेदन देने की प्रक्रिया चल रही थी।

### ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली



**बरहरवा:** ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता पर शुक्रवार को भारतीय सेना के सम्मान में बरहरवा, पतना व कोटालपोखर भाजपा मंडल की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसका नेतृत्व भाजपा के बरहरवा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता उर्फ विक्की, पतना मंडल अध्यक्ष कुणाल किशोर मंडल व कोटालपोखर मंडल अध्यक्ष बापी कुमार ने संयुक्त रूप से किया। बरहरवा स्टेशन परिसर से निकली इस तिरंगा यात्रा में शामिल लोग तिरंगा लहराते हुए पैदल मार्च कर मेन रोड होते हुए हनुमान मंदिर तक पहुंचे जहाँ से पैदल यात्रा के बाद मोटरसाइकिल यात्रा निकाली गई जो झिकटिया, पलटनिया रोड, पतना चौक, पतना ब्लॉक होते हुए पतना चौक स्थित हनुमान मंदिर पहुंची जहाँ तिरंगा यात्रा का समापन किया गया। तिरंगा यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर जश्न मनाते हुए भारत माता की जय, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस अवसर पर बरहरवा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता उर्फ विक्की ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र बन चुका है।

# जवान की शहादत पर पीएम-सीएम ने 2 शब्द नहीं कहा

## पूर्णिया सांसद पप्पू यादव शहीद के परिजन से मिले, कहा- परिवार की हर संभव मदद करुंगा





**भागलपुर।** में शहीद जवान संतोष यादव के घर पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव पहुंचे। उन्होंने शहीद के परिजन से मुलाकात की और गहरी संवेदना प्रकट की। सांसद ने परिवार को सांत्वना देते हुए शहीद संतोष यादव की शहादत को पूरे देश के लिए गर्व का विषय बताया और सरकार से कई ठोस कदम उठाने की मांग की। पप्पू यादव ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि शहीद संतोष यादव को शहीद हुए 48 घंटे से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन देश के प्रधानमंत्री ने अब तक एक शब्द भी संवेदना के रूप में नहीं कहा। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और देश के वीर सपूतों के प्रति असंवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आखिर यह कब तक चलेगा? कब तक हमारे देश के सैनिक आतंकी हमलों में शहीद होते रहेंगे? कब तक हम चीन और पाकिस्तान से डरते रहेंगे? उन्होंने सवाल उठाया कि क्या हर सैनिक की शहादत को केवल एक राजनीतिक अवसर बना दिया जाएगा? देश में नफरत फैलाने वाले तत्वों को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि असली दोषी वही हैं जो देश के ज्वलंत मुद्दों पर भी जाति और धर्म की राजनीति करते हैं। शहीद की पत्नी को तुरंत सरकारी नौकरी दी जाए। 2. परिजनों को चार करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता मिले।3. शहीद के गांव की मुख्य सड़क का नाम उनके नाम पर रखा जाए। 4. परिवार को आजीवन सम्मानजनक जीवन जीने की गारंटी दी जाए।

उन्होंने कहा कि देश के खजाने का उपयोग यदि शहीदों के लिए नहीं होगा तो फिर किसके लिए होगा? भगोड़ों और भ्रष्टाचारियों पर सरकार करोड़ों खर्च करती है, लेकिन जो देश के लिए प्राण न्योछावर कर देते हैं, उनके परिवारों को अधिकार और सम्मान देने में सरकार पीछे हट जाती है।

पप्पू यादव ने कहा कि वे व्यक्तिगत स्तर पर शहीद के परिवार की हरसंभव मदद करेंगे। गांव के लोगों की आंखें नम थीं और पूरे इलाके में गम और गर्व का माहौल देखा गया।

शहीद संतोष यादव की बहादुरी और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। देश को ऐसे वीर सपूतों पर हमेशा गर्व रहेगा।

# खगड़िया में ड्यूटी से लौट रहे एयरफोर्स जवान की मौत



**बरौनी।** कटिहार रेलखंड के गौछारी स्टेशन पर जम्मू तब्बी अमरनाथ एक्सप्रेस (85653) की चपेट में आने से एयरफोर्स जवान कुणाल कुमार(27) की मौत हो गई। इसी महीने 7 मई को शादी हुई थी। शादी के बाद 12 मई को ड्यूटी पर लौट गए थे। वहां से छुट्टी लेकर फिर गुरुवार को अपने गांव खगड़िया के खुटहा आ रहे थे। पत्नी के साथ घूमने जाने का प्लान था।जानकारी के मुताबिक ट्रेन से उतरते समय उनका पैर फिसल गया। प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच गिर पड़े। सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। पिता रामविलास साह किसान और मां गृहिणी हैं। कुणाल परिवार के इकलौते बेटे थे। एयरफोर्स की ओर से भी हादसे की पुष्टि की गई है।कुणाल शादी के बाद काफी खुश थापिता रामविलास साह ने बताया किकुणाल गाजियाबाद में टेक्नीशियन के पद पर 2018 से तैनात था। ऑपरेशन सिंदूर समाप्त होने के बाद घर लौट रहा था। गाजियाबाद से फ्लाइट से बागडोगरा आया। इसके बाद अमरनाथ एक्सप्रेस पकड़कर एनजीपी से गौछारी अपने घर आ रहा था। शादी के बाद बेटा काफी खुश था। पत्नी को लेकर घूमने जाने का प्लान बना रहा था, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था।देश सेवा का सपना लेकर एयरफोर्स में भर्ती हुए थेग्रामीणों ने बताया कि कुणाल बचपन से ही पढ़ाई में तेज था। देश सेवा का सपना लेकर एयरफोर्स में भर्ती हुए थे। शादी बड़ी धूमधाम से हुई थी। पूरे गांव ने बारात में हिस्सा लिया था। किसी को अंदाजा नहीं था कि शादी के चंद दिन बाद ही ऐसा हादसा हो जाएगा।

वहीं, स्टेशन पर मौजूद लोगों ने बताया कि ट्रेन से उतरते समय कुणाल का संतुलन बिगड़ गया था। वह सीधे नीचे गिर पड़े। सिर में गहरी चोट लगी। मौके पर ही जान चली गई।

# 36.80 लाख की लागत से बना पार्क और खेल मैदान

## किशनगंज में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने किया उद्घाटन, बच्चों के साथ खेले बैडमिंटन-बास्केटबॉल





**किशनगंज।** बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने शुक्रवार को किशनगंज जिले के दौला पंचायत के समदा में मनरेगा जल जीवन हरियाली योजना के तहत निर्मित पार्क और खेल मैदान का उद्घाटन किया। इस परियोजना पर कुल 36 लाख 80 हजार रुपए की लागत आई, जिसमें 27 लाख रुपए की लागत से पार्क और 9 लाख 80 हजार रुपए की लागत से खेल मैदान का निर्माण हुआ। उद्घाटन समारोह में स्थानीय लोग, पंचायत प्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।'ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विकास सरकार की प्राथमिकता'मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि, 'मनरेगा और जल जीवन हरियाली योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विकास सरकार की प्राथमिकता है। यह पार्क न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय लोगों को मनोरंजन और सामुदायिक गतिविधियों के लिए एक बेहतर स्थान भी प्रदान करेगा। वहीं, खेल मैदान युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करेगा और उनकी प्रतिभा को निखारने में मदद करेगा।'उद्घाटन के बाद मंत्री ने खेल मैदान में बने बैडमिंटन कोर्ट में बच्चों के साथ कॉर्क उछालकर खेल का आनंद लिया। इसके बाद उन्होंने बास्केटबॉल कोर्ट में बास्केटबॉल भी खेला, जिसे देखकर वहां मौजूद बच्चों और युवाओं में उत्साह का माहौल रहा। इस दौरान उन्होंने बच्चों से बातचीत की और उनकी खेल प्रतिभा को सराहा। पंचायत के मुखिया अक्लकुल ने बताया कि पार्क में बच्चों के लिए झूले, हरियाली और बैठने की व्यवस्था की गई है, जबकि खेल मैदान में बैडमिंटन और बास्केटबॉल जैसे खेलों की सुविधा उपलब्ध है। यह परियोजना ग्रामीण विकास और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। स्थानीय प्रशासन ने भविष्य में ऐसी और योजनाओं को लागू करने का आश्वासन दिया है।

# मारपीट केस में 3 महीने जेल में रहेंगे BJP विधायक



**दरभंगा।** के अलीनगर विधानसभा से BJP विधायक मिश्री लाल की सजा माफ करने की याचिका को जिला कोर्ट ने खारिज कर दिया है। यानी उनकी 3 महीने की सजा बरकरार रहेगी। कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया है। मिश्रीलाल यादव को सजा सुनाए जाने के बाद जब उन्हें जेल ले जाया गया, तो उनके समर्थकों ने नारेबाजी की। वहीं, उनके बेटे धीरज यादव ने पिता के लिए विशेष सुरक्षा की मांग की है। धीरज ने कहा है कि उन्हें खतरा है।सुनवाई के बाद बीजेपी विधायक ने कहा- कोर्ट ने जो भी फैसला सुनाया है वो मंजूर है। दरअसल, 3 महीने पहले MP-MLA कोर्ट ने मारपीट के एक मामले में उन्हें दोषी करार दिया था। जिसके बाद उन्हें 3 महीने की जेल और 500 रुपए का जुमार्ना लगाया था। धीरज यादव ने कहा, 'मिश्री लाल यादव यानी मेरे पिता पर सामंती सोच वाले लोगों का खतरा बना रहता है। जेल में भी उनकी सुरक्षा को लेकर संदेह है। इसलिए उन्हें सुरक्षित और विशेष सुविधा के साथ रखा जाए। उन्होंने कहा, 'उनके पिता गरीबों के लिए लगातार संघर्ष करते रहे हैं। दरभंगा के वे पहले या दूसरे व्यक्ति हैं जिन्हें दोनों सदनों में जाने का गौरव मिला है। विधायक के बेटे ने आगे कहा, इस बार अपील की सुनवाई ही नहीं हुई और सीधे जेल भेज दिया गया। हम न्यायालय के फैसले का सम्मान करते हैं, लेकिन यह एक गहरी साजिश है।इसपर धीरज यादव ने कहा, 'समय आने पर इसका खुलासा करेंगे। अभी हम कोर्ट के काम में व्यस्त हैं। मिश्री लाल 22 मई को यानी कल कोर्ट से सजा माफ कराने पहुंचे थे। उन्होंने इसे लेकर याचिका भी दी थी। विधायक की याचिका पर कल सुनवाई होनी थी, लेकिन उससे पहले स्पेशल जस्टिस करुणा निधि प्रसाद आर्य की बेंच ने उन्हें कस्टडी में लेने के आदेश दे दिए। कोर्ट के अंदर मौजूद वकील अरुण चौधरी ने बताया, 'BJP विधायक मिश्री लाल और सुरेश यादव के खिलाफ कोर्ट ने सजा सुनाई थी। उस सजा के खिलाफ दोनों लोगों ने अपील की थी। इस केस में आज सुनवाई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुनाया।' पूरा मामला 2019 का है। समैला के रहने वाले उमेश मिश्र ने 29 जनवरी 2019 को हुई मारपीट को लेकर दूसरे दिन 30 जनवरी को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जांच करने वाले ने 12 अक्टूबर 2019 को चार्जशीट दाखिल किया था। कोर्ट ने 17 अप्रैल 2020 को इस पर संज्ञान लिया था। विधायक ने इस केस को झूठा और राजनीति से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा, 'मुझे भरोसा है कि ऊपरी अदालत में मैं बरी हो जाऊंगा।' विधायक पर फरसे से हमले का आरोप पीड़ित उमेश मिश्र का आरोप था, '29 जनवरी 2019 की सुबह 6 बजे मैं मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकला। जब मैं गोसाईं टोल पहुंचा, तो पूर्व दिशा से आ रहे मिश्री लाल यादव, सुरेश यादव और करीब 20-25 लोगों ने हथियार से लैस होकर कदम चौक पर मुझे रोका। घेर कर गाली-गलौज करने लगे।'

'सुरेश यादव ने रॉड और लाठी से मारकर उमेश मिश्र के पॉकिट से 2300 रुपए निकाल लिए थे।

# बीस सूत्री कार्यालय का केंद्रीय मंत्री ने किया उद्घाटन



**बेतिया।** पश्चिम चंपारण के लौरिया प्रखंड मुख्यालय में केंद्रीय कोयला एवं खनन राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने बीस सूत्री कार्यालय का उद्घाटन किया। प्रखंड भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा और एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे।बीस सूत्री समिति के सदस्यों और स्थानीय नेताओं ने मंत्री का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष दीपक दत्त तिवारी ने की। मंच का संचालन उपाध्यक्ष विक्रम शर्मा ने किया।इस अवसर पर समिति के नए सदस्यों को मनोनीत किया गया। इनमें राटा दुबे, प्रदीप मिश्रा, भास्कर मिश्रा, विनोद राम, विजय राव, कुंती देवी, रामाशीष पासवान, संतोष कुमार राव, दिनेश पटेल, अखिलेश कुशवाहा, जमील अहमद, सहाना खातून और राजा मुखिया शामिल हैं। मंत्री दुबे ने कहा कि बीस सूत्री कार्यक्रम जनता की समस्याओं के समाधान की दिशा में एक मजबूत कड़ी है। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को धरातल पर लागू कराने में बीस सूत्री समिति महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख शंभू तिवारी, अंचलाधिकारी नितेश कुमार सेठ, पवन वर्मा और रवि सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# जमालपुर रेल कारखाना का निरीक्षण करने मुंगेर पहुंचे अश्विनी वैष्णव

## देश और एशिया का पहला कारखाना है, मॉडर्न 4.0 तकनीक से है लैस



**मुंगेर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जमालपुर पहुंच गए हैं। पटना से वो ट्रेन के जरिए जमालपुर आए हैं। रेल मंत्री के साथ विजय सिन्हा, सम्राट चौधरी, ललन सिंह समेत कई नेता मौजूद हैं। उनके स्वागत के लिए हजारों की संख्या में समर्थक स्टेशन पर भीड़ लगाकर मौजूद थे। जैसे ही रेल मंत्री ट्रेन से स्टेशन पर उतरे उनसे मिलने के लिए लोगों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। कार्यकर्ता एक-दूसरे को धक्का देते हुए मंत्री को गुलदस्ता भेंट देने लगे। करीब 5 मिनट स्टेशन पर रूकने के बाद वो जमालपुर स्टेशन से रेल कारखाना के लिए रवाना हो गए हैं। उनके आगमन को लेकर स्टेशन परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। RPF, जिला पुलिस और जीआरपी के जवानों को तैनात कर स्टेशन को अलर्ट मोड पर रखा गया है। सुरक्षा को देखते हुए डॉग स्क्वायड की टीम लगातार स्टेशन परिसर की जांच कर रही है। रेल मंत्री एशिया के फेमस रेल इंजन कारखाने जमालपुर वर्कशॉप का दौरा करेंगे। वे कारखाने के विभिन्न विभागों का निरीक्षण करेंगे। अधिकारियों से वहां की कार्यप्रणाली की जानकारी लेंगे। जमालपुर रेल कारखाना 8 फरवरी 2025 को अपने स्थापना का 163 साल पूरा कर चूका है। देश और एशिया का ये पहला रेल कारखाना है। अंग्रेजों ने 8 फरवरी 1862 को इसे स्थापित किया था। इस ऐतिहासिक कारखाने ने भारतीय रेलवे के विकास में अहम भूमिका निभाई है। स्थापना के बाद से अब तक इसने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं, लेकिन आज भी यह मालगाड़ी वैगन मरम्मत में देश का टॉप रेल कारखाना बना हुआ है। टेकिनकल काम में अव्वल है पिछले 14 सालों से यह कारखाना मालवाहक वैगनों की मरम्मत में देशभर में अव्वल रहा है। यहां के तकनीशियनों का काम इतना अच्छा है कि देश के अन्य रेल कारखानों के कर्मी तकनीकी ट्रेनिंग के लिए यहां आते हैं। यही वजह है कि इसे भारतीय रेल की 'रीढ़ की हड्डी' कहा जाता है। साल 2023 से जमालपुर रेल कारखाना में ट्रांसपोर्ट वैगन का निर्माण शुरू हुआ। साथ ही इसे रेलवे की मॉडर्न 4.0 तकनीक से भी लैस किया गया है। स्थापना के बाद करीब 130 साल तक यहां स्टीम इंजन का निर्माण होता रहा।140 टन वजनी डीजल हाइड्रोलिक क्रेन जर्मनी के बाद जमालपुर में ही बना था जर्मनी के बाद पहला 140 टन वजनी डीजल हाइड्रोलिक क्रेन यहीं तैयार किया गया था। अब 175 टन के क्रेन का निर्माण भी जोर-शोर से चल रहा है, जो अब तक सिर्फ जर्मनी और चीन में बनते हैं। यह क्रेन निजी कंपनियों को भी डिमांड पर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा, यहां बने जैक की भी देशभर में भारी मांग है। जनवरी 2025 में कारखाना ने आठ चक्कों वाले टावर कार का पहला यूनिट सफलतापूर्वक तैयार कर रवाना किया था। यह उपलब्धि यहां के कर्मियों की तकनीकी कुशलता और समर्पण का प्रमाण है। 6.4 करोड़ रुपए की लागत से हुई तैयार बताया गया कि 2,40,093 नंबर वाली इस टावर कार को तैयार करने में 15 कर्मचारियों ने लगातार दो महीने तक कड़ी मेहनत की है। टावर कार के निर्माण पर लगभग 6 करोड़ 4 लाख रुपए की लागत आई है। स्पेशल सैलून से निमार्णाधीन डबल ट्रैक रेल पुल का किया निरीक्षण जमालपुर आने से पहले पटना के मोकामा के हाथीदह में निमार्णाधीन डबल ट्रैक रेल पुल का केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्पेशल सैलून से निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ दोनों डिप्टी CM सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### बाइक रोककर नीचे खींचा, लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ हमला



**शेखपुरा।** में शुक्रवार सुबह दूध लेकर बाइक से घर लौट रहे मां-बेटे पर जानलेवा हमला किया गया। पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला और उसके बेटे को बर्बरता से पीटा गया। यह घटना केवटी थाना क्षेत्र के शेखपुरवा गांव के पास हुआ। घायलों की पहचान शेखपुरवा गांव निवासी बबलू सिंह की पत्नी अंशु देवी और उनके बेटे अमन कुमार के रूप में हुई है। दोनों को खून से लथपथ हालत में बरबीघा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। बाइक रोककर नीचे खींचकर किया हमला पीड़िता अंशु देवी के अनुसार, वह अपने बेटे के साथ डेयरी से दूध खरीदकर लौट रही थीं। इसी दौरान गांव के पास पहले से घात लगाए 6 से अधिक हमलावरों ने उनकी बाइक रोक ली। इसके बाद मां-बेटे को नीचे खींचकर लोहे की रॉड से बुरी तरह पीटा गया। पुरानी दुश्मनी में हमले की आशंका घटना के बाद घायल महिला की शिकायत पर केवटी थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। थाना अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि इस मामले में गांव के ही शिवम कुमार, कन्हैया कुमार, रज्जी सिंह, राधे सिंह और गौतम कुमार समेत अन्य को नामजद आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हमले के पीछे पुरानी रंजिश को कारण माना जा रहा है। स्थानीयों में दहशत, कड़ी कार्रवाई की मांग घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से हमलावरों की जल्द गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस का कहना है कि सभी आरोपियों की तलाश तेजी से की जा रही है और जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

### चेवाडा-सिरारी मार्ग पर बाइक पेड़ से टकराई



**शेखपुरा।** में शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसे में दो पेशेवर वीडियोग्राफर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों युवक एक शादी समारोह की वीडियोग्राफी कर लौट रहे थे। तभी उनकी बाइक सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। घटना भट्टचक गांव के पास गुई है। हादसे के बाद दोनों युवक बेहोश हो गए। घायलों की पहचान लखीसराय के कुरौता गांव निवासी विक्रम कुमार (26) और लखीसराय के चितरंजन रोड निवासी रोहित कुमार (25) के रूप में की गई है।घायलों की पहचान और घटना का क्रम जानकारी के मुताबिक, दोनों युवक अलग-अलग स्थानों पर शादी समारोह की शूटिंग कर रहे थे। विक्रम कुमार गरसांडा गांव में शादी की वीडियोग्राफी कर रहा था। सुबह वह रोहित कुमार को लेने शेखपुरा के चेवाडा पहुंचा। फिर दोनों एक ही बाइक से लखीसराय लौट रहे थे। तभी चेवाडा-सिरारी मार्ग पर बाइक सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे के बाद राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस को सूचना दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। परिजनों को भी मोबाइल के जरिए संपर्क कर बुलाया गयाकैमरा और बाइक जब्त, जांच जारी हादसे की सूचना मिलते ही सिरारी थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को शेखपुरा सदर अस्पताल पहुंचाया। गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को पावापुरी हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घटनास्थल से क्षतिग्रस्त बाइक और वीडियोग्राफी कैमरा बरामद कर लिया है। शुरूआती जांच में यह हादसा तेज रफ्तार और नियंत्रण खोने के कारण हुआ माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नागरिक सुरक्षा के लिए किशनगंज में मिलेगा प्रशिक्षण

**किशनगंज।** जिला प्रशासन ने नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकों के प्रशिक्षण के लिए पांच मास्टर ट्रेनर्स का चयन किया है। इन ट्रेनर्स को हवाई हमले, बम विस्फोट और अग्निकांड जैसी आपदाओं से बचाव का प्रशिक्षण दिया जाएगा। डीएम विशाल राज ने शुक्रवार को पत्र जारी कर इसका जानकारी दिया है। 2200 युवक-युवतियों को किया जाएगा प्रशिक्षितचयनित मास्टर ट्रेनर्स में नेहरू युवा केंद्र की प्रमिला तिवारी, भारत स्काउट और गाइड के जिला प्रशिक्षक प्रदीप कुमार और ट्रेनर देवाशीष चटर्जी शामिल हैं। साथ ही पोठिया प्रखंड के आपदा मित्र राजेश कुमार दास और टेढ़ागाछ प्रखंड के आपदा मित्र पंकज मलाकार को भी चुना गया है। भारत स्काउट और गाइड के ट्रेनर देवाशीष चटर्जी के अनुसार, इन पांच मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण मिलने के बाद ये 2200 युवक-युवतियों को प्रशिक्षित करेंगे। जिले के सुरक्षा व्यवस्था पर दिया जा रहा विशेष ध्यानडीएम विशाल राज ने बताया कि, यह कदम जिले में नागरिक सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। गौरतलब हो कि पहलगाम हमले के बाद जिला प्रशासन जिले के सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दे रही है। इस तरह के प्रशिक्षण से जिले में युवक युवतियों को आपदाओं-विपत्तियों से बचाव के लिए ट्रेन किया जाएगा।


### पत्नी से मारपीट के आरोप में प्रखंड कर्मी गिरफ्तार



**जमुई** । के टाउन थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रद्ध कॉलोनी में एक प्रखंड कर्मी को पत्नी से मारपीट के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गिद्धौर प्रखंड कार्यालय में कार्यरत निम्न वर्गीय लिपिक बिंदल कुमार के रूप में हुई है।शराब के नशे में की मारपीट पीड़िता ने टाउन थाना में लिखित शिकायत देकर बताया कि उनके पति शराब के नशे में उनके साथ मारपीट कर रहे थे और उन्हें गंभीर मानसिक व शारीरिक यातना दी गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।पहले डीएम कार्यालय में था तैनातजानकारी के अनुसार, बिंदल कुमार पूर्व में डीएम कार्यालय में पियून के पद पर कार्यरत था और वर्तमान में गिद्धौर प्रखंड कार्यालय में लिपिक के पद पर कार्य कर रहा है।थानाध्यक्ष ने दी जानकारीटाउन थानाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद तत्काल एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की मेडिकल जांच भी कराई गई, जिसमें उसके नशे में होने की पुष्टि हुई। इसके बाद न्यायिक प्रक्रिया के तहत उसे कोर्ट में प्रस्तुत किया गया।घरेलू हिंसा पर सख्त रुखइस मामले ने एक बार फिर घरेलू हिंसा और शराब सेवन को लेकर सामाजिक चिंता को उजागर किया है। पुलिस का कहना है कि महिला सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी।



# मध्यम वर्ग के इंसान हैं शाहरुख



शाहरुख खान बॉलीवुड के सबसे बड़े अभिनेताओं में से एक हैं। रोमांस के बादशाह दशकों से इंडस्ट्री पर राज कर रहे हैं। हर कोई उनकी दौलत के बारे में जानता है। हालांकि उनके करीबी लोगों को पता है कि वह दिल से मध्यम वर्गीय हैं। हाल ही में, रा वन के निर्देशक अनुभव सिन्हा ने बताया कि शाहरुख खान अपने परिवार को खुश देखकर खुश होते हैं। यह उनकी अब तक की सबसे मध्यम वर्गीय बात है।

### मध्य वर्गीय हैं शाहरुख खान

शाहरुख खान भले ही दुनिया पर राज कर रहे हों लेकिन वह ऐसे व्यक्ति भी हैं जो अपने बच्चों के लिए खाना बनाना, उनके हाई-स्कूल ड्रामा सुनना और जब भी संभव हो अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताना पसंद करते हैं। फेय डिसूजा के साथ बातचीत करते हुए निर्देशक अनुभव सिन्हा ने कहा कि शाहरुख दिल से एक मध्यम वर्गीय हैं।

परिवार को देखकर खुश होते हैं शाहरुख अनुभव सिन्हा ने कहा कि उन्होंने शाहरुख को जब यह बताया कि वह मध्य वर्गीय हैं तो उन्होंने अजीबोगरीब हंसी के साथ इस पर सहमति जताई। अनुभव सिन्हा ने कहा कि खान के पास दुनिया का सारा पैसा है, लेकिन यह ऐसी चीज नहीं है जो उन्हें खुश करती है। अनुभव सिन्हा ने कहा क्या आपकी बहन की खुशी आपको खुश करती है? उन्होंने आगे कहा कि मध्यम वर्ग का यह सितारा अपनी बहन शहनाज और अपने बच्चों को मुस्कुराते हुए देखकर खुश होता है।

### शाहरुख खान के बारे में जानना सौभाग्य की बात

निर्देशक के अनुसार जिस तरह से कुछ कुछ होता है का अभिनेता अपने परिवार की देखभाल करता है वह उसी तरह हैं। सिन्हा ने खान के बारे में में कहा, एक ऐसा व्यक्ति होना मुश्किल है जो सार्वभौमिक रूप से लोकप्रिय हो और जड़ और जमीन से जुड़ा हो। अपनी फिल्म रा वन के निर्माण के दौरान निर्देशक शाहरुख से कहते रहे कि फिल्म बनाने से ज्यादा उन्हें व्यक्तिगत रूप से जानना एक सौभाग्य की बात है।



# कला, प्रसिद्धि और आत्म-अभिव्यक्ति पर कावेरी कपूर की राय

कावेरी कपूर भले ही जेनरेशन ज़ी से हों, लेकिन वह एक आम जेन ज़ी कलाकार नहीं हैं। फिल्म निर्देशक शेखर कपूर और गायिका-अभिनेत्री सुचित्रा कृष्णमूर्ति की बेटी कावेरी ने बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा है, लेकिन उन्होंने अपने समकालीनों से एक अलग राह चुनी है, जो उनके साथियों की तुलना में काफी अलग है। फिल्मों में आने से पहले ही कावेरी एक स्थापित संगीतकार और कवित्री थीं। उनके चार म्यूज़िक वीडियो पहले से ही रिलीज़ हो चुके थे! अपने पिता की तरह गहराई से सोचने वाली कावेरी को अपने प्रतिभाशाली माता-पिता से भरपूर प्रेरणा मिलती है, और यही बात उन्हें एक ओल्ड सोल बनाती है, जैसा कि वह खुद कहती हैं। एक मशहूर उपनाम और डेब्यू के बाद बढ़ती फैन-फॉलोइंग के बावजूद कावेरी बेहद ज़मीन से जुड़ी हुई नज़र आती हैं। उनकी बातचीत अक्सर उनके संगीत और कविताओं के ज़रिए खुद को अभिव्यक्त करने के तरीके पर केंद्रित होती है वह एक कलाकार की तरह बात करती हैं, न कि किसी सेलिब्रिटी की तरह। जब उनसे उनकी प्रसिद्धि के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, मैं चाहती हू कि जब लोग मेरा संगीत सुनें या मेरी कविताएं पढ़ें, तो उन्हें कुछ सच्चा महसूस हो। मैं चाहती हूं कि वे उस किरदार से जुड़ सकें जिसे मैं निभा रही हूं। मैं चाहती हूं कि मेरे प्रोजेक्ट्स देखने वाले लोग मुझसे एक असली रिश्ता बना पाएं। यही वह प्रसिद्धि है जिसके लिए मैं जानी जाना चाहती हूं।

अपने साथियों से अलग, कावेरी का आत्म-अभिव्यक्ति का तरीका बेहद सादा है। अपनी एक अलग राह बनाना, अपनी प्रतिभा से, न कि हर रोज़ बदलते ट्रेंड्स की भीड़ का हिस्सा बनकर। कावेरी कहती हैं, मुझे लगता है कि खुद को नेचुरल बनाए रहना सबसे विद्रोही काम है जो आप अभी कर सकते हैं,

उन्होंने कई बार ओसीडी के साथ अपने संघर्षों के बारे में भी खुलकर बात की है। और चूंकि जेन ज़ी के लिए आज सबसे अहम बात है किसी से जुड़ाव और अपनापन महसूस करना, ऐसे में कावेरी की सलाह को परिपक्व कहा जा सकता है। एक ऐसी दुनिया में जहाँ लोग शॉर्टकट लेकर जल्द से जल्द फल पाने की होड़ में लगे हैं, कावेरी कपूर की योजना है कुछ सच्चा बनाना – धीरे, स्थिरता से, लेकिन लंबे समय तक टिकने वाला।



# सामंथा और राज लिव-इन में रहने का बना रहे प्लान? एक घर में होंगे शिफ्ट!



सामंथा रुथ प्रभु और राज निदिमोरू अपने रिलेशनशिप की अफवाहों के कारण चर्चा में हैं। डायरेक्टर-एक्ट्रेस की जोड़ी ने द फैमिली मैन सीजन 2 और सिटाडेल हनी बनी जैसी वेब सीरीज में साथ काम किया है। हाल ही में ऐसी खबरें आई थीं कि सामंथा और राज एक साथ रहने लगे हैं और वे एक घर की तलाश कर रहे हैं। हालांकि, यह खबर झूठी निकली। हिंदुस्तान टाइम्स के मुताबिक, सामंथा के मैनेजर ने इसे अफवाह बताया। इससे पहले एक सूत्र ने पिंकविला को बताया था, सामंथा रुथ प्रभु और राज एक साथ रहने पर विचार कर रहे हैं और प्रॉपर्टी की तलाश कर रहे हैं। उनका इरादा साथ रहने का है और वे इस दिशा में काम कर रहे हैं। राज ने 2022 में श्यामाली से आधिकारिक रूप से तलाक ले लिया और सिटाडेल के लिए साथ में काम करने के बाद उन्हें सामंथा में प्यार मिल गया।

### राज की नहीं है कोई बेटी!

सूत्र ने कहा, इस बीच राज को उनकी बेटी के साथ देखे जाने की खबरें झूठी हैं। उनकी कोई बेटी नहीं है और जिस बच्ची के साथ उन्हें देखा गया, वह उनके को-डायरेक्टर कृष्णा डीके की बेटी है।

### सामंथा शेयर करती हैं राज संग फोटोज

सामंथा इंस्टाग्राम पर तस्वीरें पोस्ट करती रही हैं, जिसमें वह राज के साथ समय बिताती नजर आती हैं। हालांकि दोनों ने अपने रिश्ते के बारे में कुछ नहीं कहा है, लेकिन फैंस कह रहे हैं कि एक्ट्रेस के सोशल मीडिया पोस्ट से यह पुष्टि होती है कि वे डेटिंग कर रहे हैं।

सामंथा की तरफ से राज के साथ तस्वीरें पोस्ट करने के बाद फिल्म निर्माता की पत्नी श्यामाली डे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया था। इसमें लिखा था, मैं उन सभी को आशीर्वाद और प्यार भेजती हूं, जो मेरे बारे में सोचते हैं, मुझे देखते हैं, मुझे सुनते हैं, मेरे बारे में सुनते हैं, मुझसे बात करते हैं, मेरे बारे में पढ़ते हैं, मेरे बारे में लिखते हैं और आज मुझसे मिलते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि राज और श्यामाली का तलाक 2022 में गया। हालांकि, वैलेंटाइन डे 2023 पर श्यामाली ने अपने पति के लिए एक रोमांटिक पोस्ट शेयर किया था।

# पलक तिवारी ने कथित बॉयफ्रेंड इब्राहिम का किया सपोर्ट


अभिनेत्री पलक तिवारी अपने कथित बॉयफ्रेंड इब्राहिम अली खान के समर्थन में सामने आई हैं। हाल ही में पाकिस्तानी आलोचक ने इब्राहिम की पहली फिल्म नादानियां का मजाक उड़ाया था। आलोचक ने उनके लुक, खास तौर पर उनकी नाक पर टिप्पणी की थी। आलोचक की आलोचना करते हुए पलक ने बॉडी शेमिंग पर बात की। उन्होंने बाताया कि कैसे सेलेब्स से नफरत करना बाजार में नया चलन बन गया है।

### सेलिब्रिटी से नफरत एक चलन

पलक तिवारी ने नयनदीप रक्षित के पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान कहा अगर कोई एक चीज है जो सेलिब्रिटी से ज्यादा बिकती है, तो वह है सेलिब्रिटी को कोसना। हम ऐसे समय में हैं जहां आम तौर पर स्टार्स के प्रति नफरत है।



### पलक तिवारी ने पूछा सवाल



पलक ने आगे कहा आप सबसे पहले हमारी खूबसूरती पर ध्यान देते हैं। फिर जब कोई व्यक्ति अपने सौंदर्य के साथ कुछ करता है और उसे बदलवाता है, तो आप कहते हैं, आप ऐसा क्यों करेंगे? पहले आप किसी व्यक्ति को उसके रूप-रंग के लिए शर्मिंदा करते हैं। फिर जब वह अपनी असुरक्षा और अपने आस-पास की नफरत के कारण इसे ठीक करने की कोशिश करता है तो आप उसे क्यों कोसते हैं?

पलक ने कहा यह किसी व्यक्ति के लिए सबसे असंतोषजनक स्थिति हो सकती है। यह एक चक्र है। वे मूल रूप से केवल आपकी आलोचना करना चाहते हैं। यह आपकी नाक, आपके बाल, आपके शरीर का वजन, आपका प्रदर्शन कुछ भी हो सकता है। अगर इनमें से आपका कुछ भी खराब नहीं है तो आप बहुत भाग्यशाली व्यक्ति हैं।

### इब्राहिम की नाक का मजाक

आपको बता दें कि इब्राहिम अली खान की फिल्म नादानियां 7 मार्च को रिलीज हुई थी। पहली फिल्म में उनके प्रदर्शन के लिए उन्हें बुरी तरह से ट्रोल किया गया था। तब तमूर इकबाल नाम के एक पाकिस्तानी फिल्म समीक्षक ने अपने सोशल मीडिया पर स्टार किड और उनकी बड़ी नाक का मजाक उड़ाया था।

# लस्ट स्टोरी 3 में दिखाई देंगे राधिका और कोंकणा सेन

ल स्ट स्टोरी ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स की सबसे चर्चित और लोकप्रिय वेब सीरीज में से एक हैं। अब तक इसके 2 सीजन रिलीज हो चुके हैं, जिन्हें दर्शकों का काफी प्यार मिला। लस्ट स्टोरी के तीसरे सीजन का ऐलान पहले ही हो चुका है। खबर यह है कि लस्ट स्टोरी 3 के लिए राधिका आप्टे और कोंकणा सेन शर्मा ने पहली बार हाथ मिलाया है। रिपोर्ट्स के अनुसार... सीरीज के एक पार्ट में राधिका और कोंकणा नजर आएंगी। इस पार्ट का निर्देशन विक्रमादित्य मोटवानी करने वाले हैं। सीरीज की कहानी तैयार हो चुकी है और इसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। इसमें अभिषेक बनर्जी भी नजर आएंगे। बता दें कि राधिका पहले ही लस्ट स्टोरी के एक पार्ट में नजर आ चुकी हैं, वहीं लस्ट स्टोरी 2 के एक पार्ट का निर्देशन कोंकणा ने किया था। लस्ट स्टोरी को 15 जून 2018 को रिलीज किया गया था।







# एक्ट्रेस से निर्माता बनीं ये अभिनेत्रियां

**बॉलीवुड और साउथ सिनेमा में कई अभिनेत्रियों ने न सिर्फ अपनी एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीता, बल्कि निर्माता बनकर भी इंडस्ट्री में नया मुकाम हासिल किया। आइए, ऐसी ही कुछ टैलेंटेड अभिनेत्रियों के बारे में जानते हैं, जिन्होंने प्रोडक्शन के क्षेत्र में कदम रखा।**

### आलिया भट्ट

आलिया ने फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद आलिया ने कई सफल फिल्में दीं, जिनमें उरी द सर्जिकल स्ट्राइक, आरआरआर, गंगूबाई काठियावाड़ी जैसी कई फिल्में शामिल हैं। अभिनय के कुछ समय बाद आलिया ने फिल्म डार्लिंग्स के साथ बतौर निर्माता अपनी नई पारी की शुरूआत की। इस फिल्म में उनकी एक्टिंग और प्रोडक्शन दोनों को खूब सराहा गया।



### नयनतारा

साउथ सिनेमा की लेडी सुपरस्टार नयनतारा ने अपनी दमदार एक्टिंग के साथ-साथ प्रोडक्शन में भी हाथ आजमाया। हाल ही में नयनतारा ने बतौर निर्माता फिल्म लव इंश्योरेंस कंपनी की घोषणा इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए दी थी। नयनतारा ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म लव इंश्योरेंस कंपनी को लेकर एक पोस्ट शेयर किया और कैप्शन में लिखा, आओ प्यार में पड़ें, इस त्यौहार के मौसम में... प्यार के त्यौहार। इस फिल्म में प्रदीप रंगनाथन, एसजे सूर्या और कृति शेट्टी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माण नयनतारा ने किया है।

### अनुष्का शर्मा



रब ने बना दी जोड़ी फिल्म से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अनुष्का शर्मा ने बैंड बाजा बारात, पीके, संजू, सुल्तान और ऐ दिल है मुश्किल जैसी कई सफल फिल्मों में अभिनय किया। इसके बाद अनुष्का ने बुलबुल जैसी शानदार फिल्म बनाकर प्रोडक्शन में अपनी खास जगह बनाई। हालांकि, यह फिल्म उतनी नहीं चली।

### करीना कपूर खान

करीना ने फिल्म रिफ्यूजी से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। इसके बाद करीना ने क्रू, सिंघम अगेन, गोलमाल और भी कई बेहतरीन फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता। एक्टिंग के साथ-साथ करीना ने फिल्म द बकिंघम मर्डर्स के साथ प्रोडक्शन में कदम रखा। इस थ्रिलर फिल्म में उनकी एक्टिंग और प्रोडक्शन की समझ को दर्शकों ने खूब पसंद किया।



# शीर्ष दो में पहुंचने की उम्मीदों के साथ दिल्ली से भिड़ेगी पंजाब किंग्स

**जयपुर (एजेंसी)।** शनिवार को पंजाब किंग्स का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा, जहां पंजाब की नजरें 11 साल में पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने पर टिकी हैं। आखिरी बार पंजाब की टीम 2014 में लीग चरण में शीर्ष पर रही थी, हालांकि फाइनल में हारकर खिताब से चूक गई थी। 2008 से शुरू हुए आईपीएल के इतिहास में पंजाब अब तक केवल दो बार प्लेऑफ तक पहुंच पाई है, और इस बार टीम इस सूखे को खत्म कर खिताब जीतने की पूरी कोशिश में जुटी है।

पंजाब की टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है, खासकर तब जब उसके चार प्रमुख विदेशी खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस, जोश इंगलिस, आरोन हार्डी और काइल जैमीसन तीन दिन पहले टीम से दोबारा जुड़ चुके हैं। भारत-पाकिस्तान सैन्य तनाव के चलते आईपीएल कुछ समय के लिए स्थगित किया गया था, जिसके दौरान ये विदेशी खिलाड़ी अपने देश लौट गए थे। लेकिन टूर्नामेंट दोबारा शुरू होने के बाद पंजाब ने इन्हें फिर से बुला लिया है और अब ये खिलाड़ी दिल्ली के खिलाफ चयन के लिए उपलब्ध होंगे। धर्मशाला में आठ मई को पंजाब और दिल्ली के बीच हुआ पिछला मुकाबला बारिश के कारण पहली पारी के बाद रद्द कर दिया गया था। अब जब टूर्नामेंट निर्णायक दौर में पहुंच चुका है, तो दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला अहम बन गया है, हालांकि दिल्ली पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है।

पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर के पास यह मौका है कि वह आईपीएल प्लेऑफ में तीन अलग-अलग टीमों की कप्तानी करने वाले पहले खिलाड़ी के रूप में अपनी




विरासत को और मजबूत करें। उन्होंने 2019 और 2020 में दिल्ली को प्लेऑफ में पहुंचाया था और पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब जिताया था। इस सीजन में पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह, श्रेयस अय्यर, प्रियांश आर्य, अर्शदीप सिंह और युजवेंद्र चहल ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। वहीं दिल्ली की टीम को मिचेल स्टार्क की वापसी के बाद झटका लगा है और उसका प्रदर्शन अस्थिर रहा है। अब वह इस सीजन को जीत के साथ अलविदा कहना चाहेगी।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**पंजाब किंग्स** = श्रेयस अय्यर (कप्तान), युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, नेहल वढेरा, ग्लेन मैक्सवेल, विशाक विजयकुमार, यश ठाकुर, हरप्रीत बराड़, विष्णु विनोद, मार्को जानसन, लॉकी फर्ग्यूसन, जोश इंगलिस, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, मुशीर खान, हरनूर पन्नू, आरोन हार्डी, प्रियांश आर्य, अजमतुल्लाह उमरजई।

**दिल्ली कैपिटल्स** = अक्षर पटेल (कप्तान), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, लोकेश राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिजवी, दर्शन नालकंडे, डोनोवन फरेरा, त्रिपुराना विजय, दुष्मंता चमीरा, फाफ डु प्लेसी, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल और माधव तिवारी।

# प्रीति जिंटा बिजनेस पार्टनर मोहित बर्मन और नेस वाडिया के खिलाफ पहुंची अदालत



**– पंजाब किंग्स के सह–मालिकों के बीच छिड़ा विवाद**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अभी तक आईपीएल के इस सीजन में पंजाब किंग्स का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है और टीम प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर चुकी है। लेकिन मैदान के बाहर फ्रेंचाइज़ी के मालिकों के बीच गंभीर मतभेद सामने उभर आए हैं। टीम की सह-मालकिन और बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने अपने ही बिजनेस पार्टनर मोहित बर्मन और नेस वाडिया के खिलाफ चंडीगढ़ की अदालत में याचिका दायर की है। जिंटा, बर्मन और वाडिया, तीनों पंजाब किंग्स की मालिक कंपनी केपीएच ड्रीम क्रिकेट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं। विवाद की जड़ 21 अप्रैल 2025 को हुई कंपनी की एक एक्स्ट्राऑर्डिनरी जनरल मीटिंग है, जिसमें मुनीश खन्ना को नया निदेशक नियुक्त किया गया था। इस मीटिंग की वैधता, प्रक्रिया और इसके निर्णयों को प्रीति जिंटा ने अदालत में चुनौती दी है।

प्रीति जिंटा का आरोप है कि यह मीटिंग कंपनीज एक्ट 2013 और अन्य कानूनी प्रक्रियाओं को नजरअंदाज करते हुए बुलाई गई थी। एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, जिंटा ने 10 अप्रैल को ईमेल भेजकर मीटिंग पर आपत्ति जताई थी, लेकिन उनकी बात को अनदेखा कर दिया गया। हालांकि, उन्होंने अपने साथी निदेशक करन पॉल के साथ मीटिंग में भाग लिया और मुनीश खन्ना की नियुक्ति का कड़ा विरोध किया। इसके बावजूद, मोहित बर्मन ने नेस वाडिया के समर्थन से खन्ना की नियुक्ति को मंजूरी दिलाई।

# आईपीएल 2025 : हमारे पास प्लेऑफ में जाने के मौके थे, गुजरात पर जीत के बाद छलका पंत का दर्द



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने आईपीएल 2025 में कई मौकों पर अच्छा प्रदर्शन तो किया लेकिन मौके भुना नहीं सकी जिससे प्लेआफ की दौड़ से बाहर होना पड़ा। लखनऊ को प्रदर्शन में निरंतरता का खामियाजा भुगतना पड़ा और कई करीबी मुकाबलों में उसे पराजय भी मिली।

पंत ने गुजरात टाइटंस पर 33 रन से जीत के बाद कहा, 'हम अच्छा क्रिकेट खेलने की बात करते हैं और हमने कई मौकों पर खेला भी। टूर्नामेंट में ऐसा भी समय आया जब हमारे पास प्लेऑफ में पहुंचने का मौका था लेकिन हम पहुंच नहीं सके। लेकिन यह खेल का हिस्सा है।'

उन्होंने दोहराया कि प्रमुख गेंदबाजों की चोट से उनका आक्रमण कमजोर हुआ। लखनऊ ने सत्र में अपने अभियान का आगाज मोहसिन खान, आवेश खान, आकाश दीप और मयंक यादव के बिना किया। शार्दुल ठाकुर को सत्र के बीच में शामिल किया गया जबकि आवेश और आकाश ने वापसी की। मयंक दो मैच खेलने के बाद बाहर हो गए। पंत ने कहा, 'टूर्नामेंट की शुरूआत में कई फिटनेस समस्याएं थी। हमने तय किया था कि इस पर बात नहीं करेंगे। फील्डिंग में हमे कमी खली। हम बहाने नहीं बना सकते। बस गलतियों से सीखकर आगे बढ़ना है।'

# आज हो सकती है टेस्ट टीम के कप्तान की घोषणा, गिल दौड़ में सबसे आगे

**मुंबई (एजेंसी)।** विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भारतीय टीम एक नए युग की ओर बढ़ रही है। इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए शनिवार को टीम इंडिया के नए कप्तान की घोषणा हो सकती है। इस दौरे के साथ ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नए चक्र की शुरुआत भी होगी। युवा बल्लेबाज शुभमन गिल इस दौड़ में सबसे आगे बताए जा रहे हैं। 25 वर्षीय गिल ने हाल के वर्षों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और उन्हें भविष्य का नेतृत्वकर्ता माना जा रहा है।

ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को उप-कप्तान नियुक्त किया गया था, लेकिन उनकी फिटनेस और कार्यभार को देखते हुए इस बार कप्तानी की जिम्मेदारी उनसे दूर रह सकती है। वहीं, ऋषभ पंत भले ही आईपीएल 2025 में अपनी छाप नहीं छोड़ पाए हों, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में वह अब भी टीम का अहम हिस्सा बने हुए हैं और उन्हें उप-कप्तान बनाया जा सकता है। कोहली




और रोहित के संन्यास से टीम में जो खालीपन आया है, उससे केएल राहुल जैसे अनुभवी बल्लेबाजों की जिम्मेदारी बढ़ गई है।

माना जा रहा है कि राहुल और यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड में 20 जून से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में पारी की शुरुआत कर सकते हैं। साई सुदर्शन को रिजर्व ओपनर के तौर पर शामिल किए जाने की संभावना है। मध्यक्रम के लिए करुण नायर, सरफराज खान और श्रेयस अय्यर में से किसी एक को चुना जा सकता है। स्पिन विभाग में रविचंद्रन अश्विन की विदाई के बाद रविंद्र जडेजा टीम के प्रमुख स्पिनर होंगे। इंग्लैंड की परिस्थितियों को देखते हुए वॉशिंगटन सुंदर को कुलदीप यादव पर तरजीह मिल सकती है।

विकेटकीपर के रूप में ऋषभ पंत पहली पसंद होंगे, जबकि ध्रुव जुरेल को रिजर्व के तौर पर देखा जा रहा है। तेज गेंदबाजी में बुमराह की फिटनेस चिंता का विषय बनी हुई है, जबकि मोहम्मद शमी भी पूरी तरह फिट नहीं माने जा रहे। ऐसे में मोहम्मद सिराज की भूमिका अहम होगी। अन्य तेज गेंदबाजों में प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप और अर्शदीप सिंह को चुना जा सकता है। भारतीय क्रिकेट के इस बदलाव भरे दौर में युवा खिलाड़ियों पर बड़ी जिम्मेदारी आने वाली है।

# आईपीएल से करोड़पति बने वैभव


नई दिल्ली। आईपीएल के इस सत्र में राजस्थान रॉयल्स की ओर से उतरे 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने अपने शानदार प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया है। वैभव की आक्रामक बल्लेबाजी को देखकर दिग्गज गेंदबाज भी हैरान हो गये। खेल के साथ ही वैभव ने इस सत्र में काफी पैसे भी कमाये हैं। वैभव सूर्यवंशी को इस सीजन में कुल 7 मैचों में खेलने का मौका मिले। उन्हें नियमों के अनुसार एक मैच खेलने के लिए 7.5 लाख रुपये की फीस भी मिली। इस प्राकर 7 मैचों में ही उन्होंने 52.5 लाख रुपये कमा लिए। इसके अलावा वैभव ने एक प्लेयर ऑफ द मैच, स्ट्राइकर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी जीत है जिसके लिए उसे एक–एक लाख रुपये मिले हैं। इस प्रकार वैभव ने तकरीबन डेड करोड़ रुपये से ज्यादा कमाई कर ली है। इस प्रकार इस क्रिकेटर ने एक दिन के हिसाब से देखें तो करीब 43650 रुपये कमा लिए। वहीं उनके पूरे आईपीएल से कमाई की बात करें तो उन्हें एक रन के लिए 65,277 रुपये मिले। टीम के कोच विक्रम राठौर के अनुसार वैभव लंबी रेस के घोड़े हैं। 14 साल की उम्र में ही वह दिग्गज गेंदबाजों के सामने बड़े शॉट्स खेलते हैं। 14 साल की उम्र में ही उन्होंने 35 गेंदों में आक्रामक शतक लगाया। वो आईपीएल में शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी है। वैभव ने इस सीजन में सात मैच खेले. इस दौरान उन्होंने 36 की औसत से 252 रन बनाए। इस दौरान इस क्रिकेटर का स्ट्राइक रेट 206 का रहा।



## प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए मिशेल मार्श ने कहा, आईपीएल में हर मैच में तैयार रहना होता

मुंबई। लखनऊ सुपर जायंट्स की गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत में सबसे बड़ा योगदान मिशेल मार्श ने दिया। जिन्होंने 117 रन बनाकर लखनऊ को 235 रनों तक पहुंचाया। अपनी शतकीय पारी के लिए मार्श प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। उन्होंने कहा कि मैंने सबसे पहले डेक्कन चार्जर्स के लिए आईपीएल खेला था, यह एक लंबा सफर रहा है। आज टीम के लिए योगदान देकर अच्छा लगा। ओपनिंग का मौका मिलना और मारक्रम के साथ साझेदारी करना फायदेमंद साबित हुआ है। हमारा सीज़न अब तक बहुत अच्छा नहीं रहा, लेकिन आख़िरी मैच अब भी महत्वपूर्ण हैं। मार्श ने कहा कि आईपीएल एक जबरदस्त प्रतियोगिता है, हर मैच में तैयार रहना होता है। कोई भी टीम किसी को भी हरा सकती है और यही इस दुनिया का सबसे बेहतरीन टूर्नामेंट बनाता है। लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि हम हमेशा अच्छा क्रिकेट खेलने की बात करते हैं और हमने कई मौकों पर दिखाया है कि हम अच्छा क्रिकेट खेल सकते हैं।

## दिग्वेश के बाद अब आकाश महाराज ने नोटबुक सेलिब्रेशन कर लिए बीसीसीआई के मजे



नई दिल्ली। ऋषभ पंत की अगुवाई वाली लखनऊ सुपर जाएंट्स ने गुजरात टाइटंस पर 33 रनों से जीत दर्ज की। 19 अप्रैल के बाद टीम को यह पहली जीत हासिल की है। लखनऊ के लिए यह सीजन कुछ खास नहीं रहा, कप्तान सहित कई सीनियर खिलाड़ियों का प्रदर्शन फीका रहा। कुछ खिलाड़ियों ने अच्छा परफॉर्म किया, मगर अपने आक्रामक रवैये की वजह से दिग्वेश राठी जैसे खिलाड़ी को बैन किया गया। दिग्वेश ने सीजन की शुरुआत से ही अपने नोटबुक सेलिब्रेशन के द्वारा सुर्खियां बटोरी थी, हालांकि बीसीसीआई ने बल्लेबाज को उकसाने के लिए उनपर जुर्माना लगाया था, मगर वे नहीं माने थे। अब जब बीसीसीआई ने अभिषेक शर्मा से हुई भिड़ंत के बाद उनपर एक मैच का बैन लगाया, एलएसजी के दूसरे खिलाड़ी ने नोटबुक सेलिब्रेशन कर बीसीसीआई से मजे लिए। यह खिलाड़ी और कोई नहीं बल्कि लखनऊ सुपर जाएंट्स के 23 वर्षीय आकाश महाराज सिंह हैं। आकाश ने नोटबुक सेलिब्रेशन जोस बटलर के विकेट के बाद किया। पारी के 10वें ओवर की तीसरी गेंद पर उन्होंने बटलर को क्लीन बोल्ड किया था। यह एलएसजी के लिए काफी बड़ा विकेट था। बटलर 18 गेंदों पर 3 चौके और 2 गगनचुंबी छक्कों के साथ 33 रन बनाकर आउट हुए। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ सुपर जाएंट्स की टीम ने मिचेल मार्श के शतक के दम पर निर्धारित 20 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 235 रन बोर्ड पर लगाए। इस स्कोर का पीछा करने उतरी मेजबान टीम 9 विकेट के नुकसान पर 202 ही रन बना सकी। लखनऊ ने यह मैच 33 रनों से जीता।

# एंजेलो मैथ्यूज ने कर दी संन्यास की घोषणा, अगले महीने क्रिकेट के इस प्रारूप को अलविदा कहेंगे

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका के अनुभवी हरफनमौला एंजेलो मैथ्यूज ने संन्यास की घोषणा कर दी है। वह बांग्लादेश के खिलाफ अगले महीने पहले टेस्ट के बाद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। 37 वर्ष के मैथ्यूज हालांकि सफेद गेंद का क्रिकेट खेलते रहेंगे। उनका आखिरी टेस्ट 17 से 21 जून के बीच गॉल में खेला जाएगा।

मैथ्यूज ने 'एक्स' पर लिखा, 'कृतज्ञ हृदय और अविस्मरणीय यादों के साथ। अब समय आ गया है कि मैं खेल के सबसे अद्भुत प्रारूप से विदा लूं, अंतरराष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट। बांग्लादेश के खिलाफ जून में पहला टेस्ट देश के लिए मेरा आखिरी टेस्ट



होगा।' उन्होंने कहा, 'मैं टेस्ट प्रारूप से विदा ले रहा हूं लेकिन सफेद गेंद के प्रारूप में खेलने के लिये उपलब्ध रहूंगा। अब समय आ गया है कि युवा पीढ़ी टेस्ट क्रिकेट में बागडोर संभाले।' मैथ्यूज ने 2009 में पदार्पण के बाद से 118 टेस्ट में 8167 रन बनाए हैं और श्रीलंका के इतिहास में कुमार संगकारा (12400) और माहेला जयवर्धने (11814) के बाद सबसे ज्यादा रन उन्हीं के नाम है। श्रीलंका क्रिकेट ने उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा, 'श्रीलंका क्रिकेट के असल सेवक। 17 वर्ष तक नेतृत्व कुशलता, प्रतिबद्धता और लाल गेंद के क्रिकेट में अविस्मरणीय यादों के लिये शुक्रिया। आपके समर्पण और जुनून ने एक पूरी पीढ़ी को प्रेरित किया। भविष्य के लिए शुभकामनायें। सफेद गेंद के क्रिकेट में आपका योगदान जारी रहने का इंतजार।'

## आरसीबी या पंजाब किंग्स में से कोई एक टीम इस बार आईपीएल जीतेगी : पूर्व मुख्य चयनकर्ता

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कप्तान और मुख्य चयनकर्ता दिलीप वेंगसरकर ने 2025 के मौजूदा सीजन में अपना पहला इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीतने के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु या पंजाब किंग्स का समर्थन किया है। RCB और PBKS दोनों ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है और अपने लीग चरण में दो-दो गेम शेष रहते हुए अंक तालिका में शीर्ष दो स्थानों के लिए दावेदारी में हैं।

वर्तमान में RCB दूसरे स्थान पर है और उसका अगला मुकाबला क्रमशः शुक्रवार और 27 मई को लखनऊ में सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। दूसरी ओर, श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली PBKS ने 11 साल में पहली बार प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया है। वे तीसरे स्थान पर हैं और उन्हें शनिवार और 26 मई को जयपुर में क्रमशः दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के खिलाफ दो मैच खेलने हैं।

वेंगसरकर ने कहा, 'RCB और पंजाब कई सालों से खिताब जीतने की कोशिश कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि इनमें से कोई एक टीम इस बार आईपीएल जीतेगी - यह टीम, फ्रेंचाइजी और मालिकों के लिए बहुत अच्छा होगा।' आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने अब तक के अपने सफल आईपीएल 2025 अभियान का श्रेय टीम के गेंदबाजी आक्रमण को दिया और फ्रेंचाइजी को उनके लंबे समय से प्रतीक्षित पहले आईपीएल खिताब तक पहुंचाने के लिए उनका समर्थन किया।

उन्होंने कहा, 'टी20 खेलों में अच्छे, अनुभवी गेंदबाजों का होना, जो विशिष्ट परिस्थितियों में गेंदबाजी करना जानते हों, बहुत मदद करता है। आपका गेंदबाजी समूह आपको मैच जिता सकता है और यहां तक कि



खिताब भी। मुझे लगता है कि इस साल, हमने अच्छी तैयारी की और विशिष्ट क्षेत्रों में हमें जो चाहिए था, उसके आधार पर खिलाड़ियों को चुना। यह अच्छी तरह से काम कर रहा है, और मेरा मानना है कि यह अब तक की हमारी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी इकाई रही है।'

# हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 का चेन्नई में होगा आयोजन

**- 18 से 27 जून को खेला जाएगा पहला संस्करण**



नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को ऐतिहासिक पहल करते हुए पहली बार आयोजित किए जा रहे हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 के आयोजन की तारीखों और स्थल की घोषणा की। यह टूर्नामेंट 18 से 27 जून तक चेन्नई में खेला जाएगा और इसका आयोजन तमिलनाडु की हॉकी इकाई द्वारा किया जाएगा। पुरुष और महिला दोनों वर्गों में खेले जाने वाले इस आयोजन का उद्देश्य अनुभवी खिलाड़ियों को दोबारा मैदान पर लौटने का अवसर प्रदान करना है। इस टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार, पुरुष खिलाड़ियों की न्यूनतम आयु 40 वर्ष और महिला खिलाड़ियों की न्यूनतम आयु 35 वर्ष निर्धारित की गई है। इच्छुक प्रतिभागियों को अपनी–अपनी राज्य हॉकी संघों के माध्यम से पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। प्रतियोगिता का आयोजन लीग–कम–नॉकआउट प्रारूप में किया जाएगा और पूल का गठन भाग लेने वाली टीमों की संख्या के अनुसार किया जाएगा। हॉकी इंडिया का यह मास्टर्स कप खेल के प्रति जीवनभर समर्पित खिलाड़ियों को न सिर्फ प्रतिस्पर्धा का मौका देगा, बल्कि उनके अनुभव और जुनून को भी सम्मानित करेगा। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। पूर्व भारतीय महिला हॉकी कप्तान असुंता लाकड़ा ने इस अवसर को बेहद खास बताते हुए कहा, ‍ऋहॉकी इंडिया मास्टर्स कप का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद भावनात्मक और गौरवपूर्ण क्षण है। हॉकी ने मेरे जीवन को आकार दिया है, और मैदान पर वापस लौटने का मौका मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। यह टूर्नामेंट केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि हमारे खेल से जुड़े वर्षों के समर्पण और विरासत का उत्सव है।ऋ उन्होंने आगे कहा कि इस आयोजन से न केवल पूर्व खिलाड़ी दोबारा खेल का आनंद ले सकेंगे, बल्कि यह आने वाली पीढ़ी के लिए भी एक प्रेरणास्रोत बनेगा। हॉकी इंडिया द्वारा पूर्व खिलाड़ियों के लिए इस तरह का मंच तैयार करना भारतीय हॉकी के लिए एक सकारात्मक पहल है।

# मोहम्मद शमी के इंग्लैंड दौरे पर जाने की संभावना कम, मेडिकल रिपोर्ट अच्छी नहीं

**नई दिल्ली (महाराष्ट्र) (एजेंसी)।** भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली 5 टेस्ट मैचों की महत्वपूर्ण सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाने की संभावना कम बताई जा रही है। शमी, जो वर्तमान में इंडियन प्रीमियर लीग में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए गेंदबाजी करने के लिए फिट हैं, ने टेस्ट क्रिकेट की उच्च मांगों के लिए आवश्यक वर्कलोड अभी तक तैयार नहीं किया है। उनकी लाल गेंद के साथ आखिरी टेस्ट 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेला था।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के मेडिकल स्टाफ का एक सदस्य इस सप्ताह शमी की फिटनेस का आकलन करने के लिए लखनऊ पहुंचा, जहां शुक्रवार को हैदराबाद का रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबला है। यह पुष्टि नहीं हुई है कि चयनकर्ताओं ने शमी को सीरीज के लिए बाहर करने का अंतिम फैसला लिया है या नहीं। हालांकि, संभावना है कि वे जोखिम न लें और मेडिकल स्टाफ से सकारात्मक रिपोर्ट न मिलने पर शमी को टीम से बाहर रखें। 34 वर्षीय शमी एक साल से अधिक समय तक मैदान से दूर रहे, क्योंकि उन्हें टखने की चोट का सामना करना पड़ा। फरवरी 2024 में टखने की सर्जरी से सफलतापूर्वक उबरने के बाद, उन्हें अपने दाहिने घुटने में दर्द की शिकायत शुरू हुई, जिसका वे इलाज करा रहे हैं।

पिछले साल शमी ने घरेलू क्रिकेट में वापसी की और बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी में खेलते हुए मध्य प्रदेश के खिलाफ सात विकेट लिए। अफवाहें थीं कि वे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वापसी करेंगे, लेकिन सीरीज बीत गई और उनकी वापसी नहीं हुई। साल 2025 में शमी को सभी प्रारूपों में भारत के लिए नई गेंद से गेंदबाजी का जिम्मा सौंपा गया था। उन्होंने इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा बनकर संयुक्त रूप से दूसरा सबसे ज्यादा विकेट लिया।

शमी ने भारत के लिए 64 टेस्ट में 229 विकेट लिए हैं, जिनका औसत 27.1 है और उनके नाम छह पांच विकेट हॉल हैं। द्धक्क 2025 में हैदराबाद के लिए शमी ने 13 ग्रुप-स्टेज मैचों में 56.16 की औसत और 11.23 की इकोनॉमी रेट के साथ छह विकेट लिए हैं। यदि चयनकर्ता शमी को चुनने के खिलाफ जाते हैं, तो उनके पास अन्य विकल्प मौजूद हैं। प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, यश दयाल, अंशुल कंबोज, खलील अहमद और हर्षित राणा जैसे खिलाड़ी इस बहुप्रतीक्षित सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जा सकते हैं।



# साई सुदर्शन के सिर से ऑरेंज कैप छीनने को बेताब मिचेल मार्श और जोस बटलर ने किया बड़ा उलटफेर, कोहली को पछाड़ा

नई दिल्ली। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और गुजरात टाइटंस (जीटी) के बीच आईपीएल का 64वां मैच हुआ। एलएसजी ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 235/2 का स्कोर बनाने के बाद जीटी को 33 रनों से धूल चटाई। मुकाबले के बाद ऑरेंज कैप सूची में बड़ा उल्टफेर हो गया। मिचेल मार्श और जोस बटलर ने विराट कोहली को पछाड़ दिया है। मार्श (64 गेंदों में 117, चार चौके पांच सिक्स) शतक ठोककर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। वे टॉप–10 से बाहर थे। मार्श के खाते में 12 मैचों में 560 रन हो गए हैं। बटलर इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में छठे पायदान पर हैं। उन्होंने 13 मैचों में 533 रन जोड़े हैं। बटलर ने एलएसजी के खिलाफ 18 गेंदों में 33 रन हासिल किए। एलएसजी के निकोलस पूरन तीन स्थान ऊपर चढ़कर सातवें पर पहुंच गए हैं। उन्होंने 13 मैचों में 511 रन जुटाए हैं। पूरन ने अहमदाबाद में 27 गेंदों में नाबाद 56 रनों की पारी खेली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज कोहली तीन स्थान लुढ़ककर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने 11 मैचों में 505 रन बनाए हैं।

## बिहार में 24 से 25 तक आंधी-बारिश का दौर, 26 मई से फिर गर्मी देगी दस्तक

पटना (एजेंसी)। मौसम विभाग ने बिहार के 23 जिलों में बारिश की संभावना जाहिर की है। मौसम विभाग के मुताबिक, बिहार में 25 मई तक आंधी-बारिश का दौर चलता रहेगा। 26 मई से फिर गर्मी बढ़ेगी। तापमान में 3 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है। तेज धूप और उमस का एहसास होगा। मौसम विभाग आज पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीवान, सारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, वैशाली, मुजफ्फरपुर, अररिया, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बक्सर, भोजपुर, रोहतास, औरंगाबाद, अरवल में यलो अलर्ट रहेगा। वहीं 25 मई रविवार को किशनगंज, अररिया, पूर्णिया, कटिहार, मधेपुरा, सहरसा, सुपौल, दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर, वैशाली, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, सारण, सिवान, गोपालगंज, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण में बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। बताया जा रहा हैं कि मानसून देश में इस बार तय समय से 4 दिन पहले पहुंच सकता है। इस बार केरल में मानसून 27 मई तक पहुंचेगा, जो सामान्य से पहले है। इसके बाद संभावना है कि बिहार में मानसून की एंट्री समय से पहले हो सकती है। मानसून 13 से 15 जून के बीच पूर्णिया और किशनगंज के रास्ते प्रदेश में दस्तक दे सकता है।

## वाराणसी में तेंदुए ने किया युवक पर जानलेवा हमला

वाराणसी (एजेंसी)। वाराणसी में तेंदुए ने युवक पर जानलेवा हमला किया। 25 लोगों के सामने उसकी पीठ, पेट और हाथ नोच डाले। लोगों ने लाठी फटकार कर युवक को बचाकर अस्पताल पहुंचाया। शुक्रवार को युवक फूल तोड़ने बाग में गया था, तभी झाड़ियों में तेंदुए को छिपा देखा। युवक ने गांव वालों को फोन कर बुलाया। लोग लाठी-डंडे लेकर पहुंचे। युवक अमित मौर्य ने डंडा लेकर तेंदुए पर वार कर दिया। इसके बाद तेंदुए ने अमित पर हमला किया। यह देखकर पहले गांव वाले भाग खड़े हुए, फिर लाठी फटकार कर तेंदुए को भगाया। तेंदुआ रिहायशी इलाकों में घुस गया। सूचना मिलने पर वन विभाग और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। करीब 100 कर्मचारी सुबह 9 बजे से सर्च अभियान चला रहे हैं। ड्रोन से निगरानी की जा रही है। 2 किलोमीटर एरिया में जाल बिछाया गया है। मामला वाराणसी शहर से 8 किमी दूर चौबेपुर थाना क्षेत्र के नवापुरा बस्ती का है। यहां करीब 5,000 लोग रहते हैं।

## छत्रपति संभाजीनगर में पाकिस्तान जिंदाबाद लिखने के आरोप में उमर शेख गफ्फार गिरफ्तार

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर की एक कंपनी में काम कर रहे युवक ने कथित रूप से मशीन पर पाकिस्तान जिंदाबाद लिखा है। उसके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने जब उसके घर की तलाशी ली, तब दो सिम कार्ड और एक एटीएम कार्ड मिला। दरअसल आरोपी का नाम उमर शेख गफ्फार है। बताया जाता है कि 19 मई को उमर शेख कंपनी में काम कर रहा था। रात 11 बजे कंपनी के सुजीत तंदूरे ने सुरक्षा अधिकारी से संपर्क कर बताया कि डिस्क असेंबली विभाग में इमेज मार्किंग मशीन नंबर 952 पर नारंगी रंग से पाकिस्तान जिंदाबाद लिखा हुआ है। इसके बाद कंपनी मैनेजर को इसकी जानकारी दी गई। लेकिन, थोड़ी देर बाद ही मशीन पर लिखा संदेश मिटा दिया गया। यह पता लगाने के लिए जांच हुई कि यह संदेश किसने मिटाया। तब सामने आया कि शेख उमर ने यह हरकत की है। इस बारे में पूछे जाने पर कहा, मैंने यह मजाक में किया था। कंपनी की ओर से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। घटना की जानकारी मिलते ही एटीएस की टीम ने उमर से पूछताछ कर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि उमर ने अपने मोबाइल में अलग-अलग एप इस्तेमाल किए हैं। करीब छह घंटे तक उसके घर की तलाशी के दौरान दो सिम कार्ड और चार से पांच सिम कार्ड कवर, एक बैंक पासबुक बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया, क्या किसी ने उमर को ऐसा करने के लिए उकसाया था? वह पाकिस्तान को लेकर इतना उत्साहित क्यों था?

## सोमनाथ भारती की पत्नी की याचिका पर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण को नोटिस

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती की पत्नी लिपिका मित्रा की ओर से दायर आपराधिक मानहानि याचिका पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को नोटिस जारी हुआ है। एडिशनल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास पारस दलाल ने केंद्रीय मंत्री सीतारमण को 12 जून को कोर्ट में पेश होने को कहा है। दरअसल, शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि मामले में शिकायत पर संज्ञान लेकर पहले आरोपी का पक्ष सुनना जरुरी है। उसके बाद कोर्ट ने निर्मला को 12 जून को पेश होकर अपना पक्ष रखने का आदेश दिया। आप नेता की पत्नी लिपिका ने कहा है कि निर्मला ने 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान उनके खिलाफ प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में अपमानजनक बयान दिया। याचिका में कहा गया है कि निर्मला सीतारमण ने 17 मई 2024 को राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए लिपिका और सोमनाथ के बीच वैवाहिक विवाद का जिक्र किया। याचिका में कहा गया है केंद्रीय मंत्री सीतारमण का बयान सोमनाथ भारती की छवि को खराब करने की कोशिश के तहत किया गया, ताकि वे 2024 के आम चुनावों में जीत नहीं सकें।

## प्लेन की जयपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग

जयपुर (एजेंसी)। बेंगलुरु से दिल्ली जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट की शुक्रवार को 9 बजे जयपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। इसके बाद विमान की आधे घंटे तक जांच की गई। इसके बाद विमान को अनफिट मानते हुए उड़ान भरने से रोक दिया गया। सभी यात्रियों को बस और टैक्सी से दिल्ली के लिए रवाना किया गया। विमान में करीब 190 यात्री समेत अन्य क्रू मेम्बर मौजूद थे। दिल्ली पहुंचने से पहले विमान में तकनीकी खामी आ गई।

# सियासी चौपाल पर शर्त है कि- राज ठाकरे बड़े भाई उद्धव से गले मिलने को तैयार




मुंबई (एजेंसी)। सियासी चौपाल पर शर्त और सौदेबाजी के बगैर राजनीति नहीं हो सकती। इसकी बानगी महाराष्ट्र में दिखी। जहां दो भाई गले मिलने को तैयार हैं लेकिन शर्त है किन्तु के साथ।

राज ठाकरे ने उद्धव ठाकरे से नाता तोड़कर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के नाम से अपनी अलग राजनीतिक पार्टी बना ली। अजित पवार ने भी चाचा शरद पवार से नाता तोड़ लिया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में मूल पार्टी पर अधिकार की कानूनी लड़ाई भी जीत ली। इस तरह शरद पवार को दूसरे नाम (एनसीपी-एसपी गुट) से नई राजनीतिक पार्टी बनानी पड़ी। अब इन दोनों परिवारों के एक होने की चर्चाएं बेहद आम हो चुकी है।

राज ठाकरे ने कुछ दिनों पहले एक इंटरव्यू में बड़े भाई उद्धव के साथ आने के संकेत दिए थे। अब उनकी पार्टी के दिग्गज नेता ने राजनीतिक एकता के लिए शर्त रख दी है।महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के सीनियर लीडर संदीप देशपांडे ने कहा कि पार्टी प्रमुख राज ठाकरे शिवसेना (शिवसेना यूबीटी) के साथ राजनीतिक गठबंधन पर तभी विचार करेंगे जब उस ओर से एक ठोस प्रस्ताव सामने आएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इससे पहले जब एमएनएस ने पहल की थी, तब उसे विश्वासघात का सामना करना पड़ा था। देशपांडे ने राज ठाकरे के हालिया इंटरव्यू का हवाला दिया, जिसमें ठाकरे ने शिवसेना (यूबीटी) के साथ संभावित गठबंधन पर बातचीत की संभावना जताई थी। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में इस साल के अंत में स्थानीय निकाय चुनाव होने हैं, जिनमें मुंबई, ठाणे, पुणे, नासिक और नागपुर जैसे प्रमुख शहर शामिल हैं।

एमएनएस लीडर देशपांडे ने कहा, अगर शिवसेना (यूबीटी) को लगता है कि एमएनएस के साथ गठबंधन संभव है, तो उन्हें एक ठोस प्रस्ताव के साथ सामने आना चाहिए। उस पर राज ठाकरे फैसला लेंगे। उन्होंने दोहराया कि साल 2014 और 2017 में भी एमएनएस ने पहल की थी, लेकिन हमें धोखा मिला। देशपांडे ने कहा, उस समय हमसे वादा किया गया था, लेकिन उसे निभाया नहीं गया। अब अगर वे हमें साथ चाहते हैं, तो उन्हें राज ठाकरे को औपचारिक और गंभीर प्रस्ताव भेजना होगा।' देशपांडे ने जोर दिया कि राज ठाकरे ने अपने इंटरव्यू में कहीं भी स्पष्ट रूप से गठबंधन को स्वीकृति नहीं दी है, बल्कि सिर्फ इतना कहा कि अगर शिवसेना (यूबीटी) की रुचि है, तो वे उस पर विचार करेंगे।

जब मनसे नेता देशपांडे से पूछा गया कि क्या एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ शिवसेना ने भी एमएनएस से गठबंधन की कोई पहल की है, तो उन्होंने जवाब दिया कि फिलहाल शिंदे गुट की ओर से कोई औपचारिक संवाद नहीं हुआ है। राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे की हाल की टिप्पणियों ने राजनीतिक गलियारों में संभावित मेल-मिलाप की अटकलों को जन्म दिया है। दोनों ने संकेत दिया था कि छोटी बातों को नजरअंदाज कर मराठी मानूस के व्यापक हित में साथ आना जरूरी हो सकता है। यह बयानबाजी करीब दो दशक पहले हुई तल्ख जुदाई के बाद रिश्तों में नरमी की ओर इशारा करती है। राज ठाकरे ने 2005 में शिवसेना छोड़कर 2006 में एमएनएस की स्थापना की थी। तब से वे कई बार भाजपा के साथ गठबंधन कर चुके हैं, जो अब शिवसेना (यूबीटी) की मुखर विरोधी पार्टी है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अगर यह गठबंधन होता है तो मुंबई और अन्य शहरी निकायों में मराठी मतदाताओं के बीच इसका व्यापक प्रभाव हो सकता है। फिलहाल, सभी की निगाहें इस पर टिकी हैं कि क्या उद्धव ठाकरे की पार्टी पहल करती है और राज ठाकरे उस पर क्या रुख अपनाते हैं।

## आज पुंछ पहुंच रहे राहुल गांधी, पाकिस्तानी गोलाबारी में मारे गए और प्रभावित लोगों से मुलाकात करेंगे



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी हाल ही में पाकिस्तानी गोलाबारी में मारे गए और प्रभावित लोगों के परिवारों से मिलने के लिए शनिवार को पुंछ जाएंगे। इसकी जानकारी एआईसीसी महासचिव जयराम रमेश ने दी। इस तरह से राहुल गांधी का ये जम्मू-कश्मीर का दूसरा दौरा होगा। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पोस्ट में कहा, राहुल गांधी 24 मई को पुंछ का दौरा करने वाले है। इस दौरे में राहुल हाल ही में पाकिस्तान द्वारा की गई गोलाबारी के दौरान पीड़ित परिवारों से मिलने वाले है। उन्होंने कहा, इसके पहले वे पहलगाम आतंकवादी हमले में घायल हुए लोगों और कई अन्य पक्षों से मिलने के लिए 25 अप्रैल को श्रीनगर आए थे। उन्होंने उस समय उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से भी मुलाकात की थी। हमले के बाद बीते महीने अपनी यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि आतंकवादी हमले के पीछे का विचार देश के लोगों को बांटना था और यह जरूरी है कि भारत आतंकवाद को हमेशा के लिए हराने के लिए एकजुट हो जाए। भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ तनाव बढ़ने के बाद करीब दो सप्ताह पहले पुंछ सेक्टर में गोलाबारी बढ़ गई थी।

## न्यायालय, राज्यपाल और मुख्यमंत्री से मायावती का अनुरोध, बाबा साहेब की मूर्ति सम्मानपूर्वक लगवाए



लखनऊ (एजेंसी)। ग्वालियर हाईकोर्ट में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाने को लेकर चल रहे विवाद में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सीएम मायावती भी कूद गई हैं। उन्होंने न्यायालय, राज्यपाल और मुख्यमंत्री से सम्मानपूर्वक मूर्ति स्थापित कराने की मांग कर दी है। बसपा मुखिया मायावती ने पोस्ट किया कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट खंडपीठ ग्वालियर में अधिवक्ताओं की मांग व उन्हीं के आर्थिक सहयोग से बाबासाहेब की मूर्ति लगाने की अनुमति माननीय कोर्ट द्वारा दी गई तथा कोर्ट के निर्देशन में ही स्थान का चयन एवं चबूतरा बनाया और मूर्ति भी बनकर तैयार हुई।

उन्होंने कहा कि किंतु कुछ जातिवादी सोच से ग्रसित अधिवक्ताओं द्वारा मूर्ति स्थापना का विरोध हो रहा है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ वक्तव्यों के बावजूद इन पर कार्रवाई नहीं हुई। बाबासाहेब के विरोधियों को यह समझना होगा कि सदियों से उपेक्षित बहुजन समाज अब अपना सम्मान पाना चाहता है।

मायावती ने कहा कि मप्र के राज्यपाल, उच्च न्यायालय तथा मुख्यमंत्री भी मूर्ति लगाने में आ रही बाधाओं को दूर करके, तत्काल उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर में संविधान निर्माता, भारतरत्न बाबासाहेब की मूर्ति को सम्मानपूर्वक स्थापित कराएं, यह अनुरोध।

गौरतलब है कि मध्य प्रदेश के ग्वालियर हाईकोर्ट की खंडपीठ में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हैं। बार एसोसिएशन का एक पक्ष प्रतिमा लगाने का विरोध कर रहा है, जबकि कई अधिवक्ता इसके पक्ष में हैं। इस लेकर माहौल गरमाया है। इसके पक्ष में कई और संगठन भी उतरे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने भजनलाल सरकार को फटकार, कोटा में ही बच्चे आत्महत्या क्यों कर रहे, आप निपटने के लिए क्या कर रहे




नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने कोचिंग नगरी कोटा में छात्रों की आत्महत्याओं में वृद्धि के संबंध में राजस्थान की भजनलाल सरकार से कई सवाल पूछे। सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया कि, कोटा में ही बच्चे आत्महत्या क्यों कर रहे हैं। भजनलाल सरकार इससे निपटने के लिए क्या उपाय कर रही है।

यह मामला जस्टिस जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ के सामने लाया गया। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने राजस्थान सरकार के वकील से पूछा कि, आप एक राज्य के तौर पर क्या कर रहे हैं? ये बच्चे आत्महत्या क्यों कर रहे हैं और केवल कोटा में ही क्यों सुसाइड कर रहे हैं? इस पर राज्य सरकार के वकील ने दलील दी कि आत्महत्या के मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर कोटा मामले में जांच जारी है। बेंच ने कोटा आत्महत्या मामले में एफआईआर दर्ज न करने पर असंतोष जाहिर किया।

सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने राज्य के वकील से पूछा कि, कोटा में अब तक कितने युवा छात्रों की मौत हुई है। इस पर वकील ने बताया कि 14 मामले दर्ज किए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने वकील से पूछा कि, ये छात्र क्यों मर रहे हैं...राजस्थान सरकार कोर्ट के फैसले की अवमानना कर रही है। बेंच ने वकील से पूछा कि, राज्य सरकार ने मामले में एफआईआर क्यों दर्ज नहीं की।

बेंच को बताया गया कि छात्रा संस्थान के आवास में नहीं रह रही थी, छात्र ने नवंबर 2024 में छोड़ दिया था, और अपने माता-पिता के साथ रह रही थी। पीठ ने 14 जुलाई को कोटा मामले में पुलिस अधिकारी को तलब कर कहा कि, कोर्ट के निर्णय के अनुसार, एफआईआर दर्ज करना और जांच करना संबंधित पुलिस का कर्तव्य था। सुप्रीम कोर्ट आईआईटी खड़गपुर में पढ़ने वाले एक 22 साल के छात्र की मौत के मामले में सुनवाई कर रहा था। 4 मई को छात्र अपने छात्रावास के कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिला था। वहीं एक अन्य मामले की भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई, जिसमें एक लड़की नीट की परीक्षा देने वाली थी और वह कोटा में अपने कमरे में मृत मिली। लड़की अपने माता-पिता के साथ रहती थी।

## हाफिज की जुबान बोल रहा पाक सेना का अफसर कहा- हमारा पानी रोका तो हम सांसे रोक देंगे

नई दिल्ली। ये जगजाहिर है कि पाकिस्तान की सेना भी आतंकियों के साथ खड़ी हुई है। उसकी जुबान भी आतंकी जैसी ही हो गई है। ठीक वही जुबान जिस तरह से आतंकी हाफीज सईद बोलता है। पाकिस्तान की सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा, अगर आप हमारा पानी रोकेंगे, तो हम आपकी सांसें बंद कर देंगे। बता दें कि उनका यह बयान उस वीडियो से मेल खाता है जिसमें मुंबई आतंकी हमलों (2008) के मास्टरमाइंड हाफिज सईद को ठीक यही शब्द कहते सुना गया था। यह वीडियो इस समय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मर्म एक्स पर वायरल हो रहा है। ये बयान ऐसे समय में आया है जब भारत ने 23 अप्रैल को सिंधु जल संधि के कुछ हिस्सों को निलंबित कर दिया था। भारत ने यह कदम पहलगाम में हुए आतंकी हमले के एक दिन उठाया था। इसके बाद पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर हमले किए गए थे। भारत ने बार-बार कहा है कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। बातचीत और आतंक एक साथ नहीं चल सकते। यह सीमा पार आतंकवाद के लिए पाकिस्तान के कथित समर्थन पर सख्त रुख का संकेत देता है। बता दें कि 1960 में विश्व बैंक द्वारा मध्यस्थता की गई यह संधि सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के जल के बंटवारे को दोनों देशों के बीच नियंत्रित करती है। इसके तहत दोनों पक्षों को जल उपयोग के बारे में नियमित जानकारी साझा करने की भी आवश्यकता होती है।

## पटना को मिला सिनेमा का नया तोहफा, ग्रैविटी मॉल में खुला सिनेपोलिस का नया मल्टीप्लेक्स

**पटना एजेंसी।** भारत के पहले इंटरनेशनल सिनेमा एक्सहिबीटर और देश की सबसे बड़ी मल्टीप्लेक्स चेन, सिनेपोलिस ने पटना के कंकड़बाग स्थित ग्रैविटी मॉल में अपने नए मल्टीप्लेक्स का शुभारंभ किया है। यह पटना में सिनेपोलिस का दूसरा मल्टीप्लेक्स है, जो पूर्वी भारत में ब्रांड की उपस्थिति को और भी मजबूत करेगा। कंकड़बाग जैसे घनी आबादी वाले और तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्र में स्थित यह नया सिनेमा हॉल आज के स्मार्ट दर्शकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। यहाँ कुल तीन स्क्रीन्स हैं, जिनमें से एक 3डी और दो 2डी हैं। सभी को मिलाकर इस नए मल्टीप्लेक्स में कुल 563 सीटें हैं। आरामदायक अनुभव के वादे के साथ सबसे खास बात यह है कि इनमें से 54% से ज्यादा सीटें रेक्लाइनर हैं। यह सुविधा इस क्षेत्र के सिनेमा बाजार में अपने आप में अनोखी है। इसके अलावा एग्जीक्यूटिव प्रीमियम और स्टैंडर्ड सीटिंग का भी विकल्प मौजूद है। हर स्क्रीन में डॉल्बी 7.1 सराउंड साउंड और एडवांस 2के लेजर प्रोजेक्शन है, जो दर्शकों को एक दमदार और रोमांचक ऑडियो-विजुअल अनुभव प्रदान करते हैं। ऐसे में, पटना के सिने प्रेमियों के लिए यह नया मल्टीप्लेक्स किसी तोहफे से कम नहीं है। लॉन्च पर बात करते हुए, सिनेपोलिस इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, देवांग संपत ने कहा, पटना सिनेपोलिस के लिए बेहद संभावनाओं वाला क्षेत्र है, और हमें खुशी है कि हम शहर में अपने दूसरे सिनेमाहॉल के साथ अपनी मौजूदगी का विस्तार कर रहे हैं। ग्रैविटी मॉल में स्थित हमारी नई प्रॉपर्टी से हम शहर के इस तेजी से विकसित हो रहे और जीवंत क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुँच बना सकेंगे। सिनेपोलिस में हम ग्लोबल स्टैंडर्ड्स और लोकल समझ को जोड़कर मूवी देखने के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और हमारा यह नया मल्टीप्लेक्स इसी सोच का जीता-जागता उदाहरण है। इस पर अपने विचार रखते हुए, ग्रैविटी मॉल के पार्टनर, अरुण कुमार ओझा ने कहा, ₹हमें गर्व है कि हमने सिनेपोलिस के साथ मिलकर कंकड़बाग में एक शानदार सिनेमाहॉल शुरू किया है। ग्रैविटी मॉल हमेशा से पटना के लिए लाइफस्टाइल और एंटरटेनमेंट हब बनने का लक्ष्य रखता रहा है, और सिनेपोलिस के जुड़ने से हमारी पेशकश और भी बेहतर हुई है।

## मुंबई, अहमदाबाद के बाद गुरुग्राम में पहुंचा कोरोना, दो मरीज मिले

गुरुग्राम (एजेंसी)। कोरोना वायरस ने एशिया के कुछ देशों में फिर से दस्तक दे दी है। हांगकॉन्ग और सिंगापुर में कोविड मामलों में वृद्धि की खबरों के बीच, मुंबई में भी कुछ कोविड संक्रमित मामले सामने आए। और शुक्रवार को ताजा दो मामले गुरुग्राम से सामने आए हैं।



साइबर सिटी में कोरोना ने दस्तक दे दी है। दोनों रोगियों को फिलहाल आइसोलेशन में रखा गया है, जिसमें से एक मुंबई से गुरुग्राम आई है। हालांकि कोरोना से युद्ध के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। गुरुग्राम के सीएमओ ने कहा कि मामूली लक्षण हैं, घबराने की जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि जुखाम, खांसी होने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

गुजरात के अहमदाबाद में कोरोना के 4 नए केस दर्ज हुए। इसमें 84 साल के कोरोना पॉजिटिव मरीज प्राइवेट अस्पताल में भर्ती किया गया है, बाकी के सभी मरीज होम आइसोलेशन में हैं। जबकि पूरे मई महीने में सिर्फ अहमदाबाद में 38 कोरोना के केस दर्ज हो चुके हैं। इसके अलावा मुंबई में कोरोना के कुछ मामले आए हैं। ओडिशा के भुवनेश्वर में कोरोना का एक कंफर्म केस सामने आया है।

कोरोना के केस तेजी से बढ़ने की वजह ओमिक्रॉन का जेएन.1 वैरिएंट है जो बहुत जल्दी फैलता है और अब इसका असर दुनिया के कई हिस्सों में देखा जा रहा है। वेरिएंट की पहचान सबसे पहले 2023 के आखिरी में हुई थी। इसके बाद अमेरिका, यूके, भारत, सिंगापुर और हांगकांग जैसे देशों में तेजी से फैल गया। इस वेरिएंट में स्पाइक प्रोटीन (वायरस का वहां हिस्सा जिससे वह शरीर की सेल्स से चिपकता है) में एक खास बदलाव (म्यूटेशन) हुआ है। इस बदलाव की वजह से यह वायरस ज्यादा तेजी से फैल सकता है। यह शरीर की उस इम्युनिटी को भी भेंद सकता है, जो वैक्सीन लगवाने या पहले कोविड होने के बाद बनी थी।

# भारत-फ्रांस के बीच दोस्ती और रणनीतिक विश्वास का भी प्रतीक है राफेल

**-यह बात फांसीसी सीनेट प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात में भारत ने कही**

नई दिल्ली (एजेंसी)। राफेल लड़ाकू विमान भारत और फ्रांस के बीच दोस्ती और रणनीतिक विश्वास का भी प्रतीक बन चुके हैं। यह बात भारत ने आधिकारिक दौरे पर आए फ्रांसीसी सीनेट प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात में कही। विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति की बैठक में फ्रांस की सीनेट की उपाध्यक्ष कैथरीन ड्यूमा के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के समर्थन की बात दोहराई। इसकी अध्यक्षता कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने की।

प्रतिनिधिमंडल में भारत में फ्रांस के राजदूत भी शामिल थे। उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की व्यापक लड़ाई में फ्रांस के दृढ़ समर्थन को दोहराया। बैठक के बाद शशि थरूर ने बताया कि यह यात्रा पहले से तय थी, लेकिन 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' के बावजूद प्रतिनिधिमंडल ने भारत आने का फैसला किया ताकि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुटता व्यक्त की जा सके। थरूर ने कहा कि फ्रांसीसी प्रतिनिधियों ने पहलगाम की त्रासदी और उसके बाद की घटनाओं पर भारत के साथ स्पष्ट और मजबूती से समर्थन जताया। बैठक में भारत की ओर से यह कहा गया है कि फ्रांस से प्राप्त राफेल लड़ाकू विमान केवल रक्षा सौदा नहीं, बल्कि दोनों देशों के बीच स्थायी मित्रता और रणनीतिक विश्वास का प्रतीक हैं। इस भावना को वरिष्ठ बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने भी दोहराया। रविशंकर 'ऑपरेशन सिंदूर आउटरीच' के तहत फ्रांस और अन्य पश्चिमी यूरोपीय देशों के दौरे पर जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं, जिसका उद्देश्य पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद को वैश्विक मंचों पर उजागर करना है। थरूर ने बैठक में फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल से रविशंकर का परिचय कराते हुए उनके आगामी राजनयिक दौरे की जानकारी दी। इस मौके पर रविशंकर ने कहा कि राफेल साझेदारी लोकतांत्रिक मूल्यों और साझा रणनीतिक हितों पर आधारित है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह***, **प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**